राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 56
लखनऊ, बुधवार 4 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



एम्बुलेंस सेवाओं के रिस्पॉन्स टाइम में सुधार के लिए होगी समीक्षा 10

प्रदेश को ग्रीन एनर्जी का प्रमुख केन्द्र बनाने की दिशा में अग्रसरः शर्मा 03

संक्षिप्त समाचार

आतंकी फंडिंग मामले में चार ठिकानों पर ईडी का छापा

नई दिल्ली,एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के श्रीनगर क्षेत्रीय कार्यालय ने आतंकी फंडिंग से जुड़े मामले में मंगलवार को श्रीनगर के चार ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी उमर आदिल डार और उसके सहयोगियों से जुड़े मामले में की जा रही है। ईडी के अनुसार, उमर आदिल डार प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) के रूप में काम कर रहा था और संगठन से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय था। ईडी ने बताया कि आरोप है कि उमर आदिल डार को पहले उसके सहयोगियों के साथ नकदी और प्रतिबंधित संगठन से संबंधित आपत्तिजनक साहित्य के साथ पकड़ा गया था। जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी और भारत विरोधी गतिविधियों में वह पहले करीब चार साल जेल में भी रह चुका है। ईडी का तलाशी अभियान अपराध से अर्जित धन का पता लगाने, वित्तीय नेटवर्क और फंडिंग के माध्यमों की पहचान करने तथा सीमा पार बैठे हैंडलरों से उनके कथित संबंधों की जांच के लिए चलाया जा रहा है। एजेंसी का उद्देश्य कथित आतंकी वित्तपोषण गतिविधियों से जुड़े अन्य साक्ष्य जुटाना भी है। मामले में आगे की जांच जारी है।

वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों में 23 भारतीयों की मौत

नई दिल्ली,एजेंसी। पश्चिम एशिया में जारी संकट के दौरान वहां वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमलों में अब तक 23 भारतीयों की मौत हो चुकी है। इसमें से 15 नाविक थे। इसके अलावा यूक्रेन संघर्ष के बीच काला सागर में वाणिज्यिक जहाज पर हुए हमले में अब तक 5 भारतीय मारे जा चुके हैं और दो लापता हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्रालय पश्चिम एशिया की स्थिति और उससे जुड़े घटनाक्रम पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। भारत लगातार बातचीत और कूटनीति को समर्थन देता आया है और सभी पक्षों से शांति और स्थिरता की बहाली सुनिश्चित करने का आग्रह करता रहा है। एक अन्य घटनाक्रम में विदेश मंत्रालय ने बताया कि रूस के विदेश मंत्री और जयशंकर के बीच हाल ही में जी-20 से इतर मुलाकात हुई। दोनों विदेश मंत्री पहले भी मिल चुके हैं। इस बार अटलांटा (अमेरिका) में मुलाकात के दौरान दोनों विदेश मंत्रियों ने यूक्रेन संघर्ष, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय हितों के कई मुद्दों पर चर्चा की है।

जनता के हर पैसे का होना चाहिए हिसाब : ओम बिरला

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि जनता के हर पैसे का स्पष्ट हिसाब होना चाहिए और इसका इस्तेमाल पूरी तरह से अपने निर्धारित उद्देश्यों के लिए होना चाहिए। ओम बिरला ने तिरुवनंतपुरम में संसद और राज्य, केंद्रशासित प्रदेशों के विधानमंडलों की लोक लेखा समितियों (पीएसी) के पीठासीन अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने सार्वजनिक धन की निगरानी, संसदीय जवाबदेही और वित्तीय जांच में एआई जैसी आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल पर जोर दिया। यह कार्यक्रम ऑडिट, जवाबदेही और सुशासन- पीएसी की बदलती भूमिका विषय पर आधारित है।

भाजपा ने विधानसभा के सामने से परिवर्तन चौक तक निकाली पदयात्रा

घुसपैठियों के सहारे चुनाव जीतना चाहता है विपक्षः शिवराज

- पंकज चौधरी, ब्रजेश पाठक ने किया पदयात्रा का नेतृत्व

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



लोकतंत्र बचाओ –अराजकता हटाओ अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को राजधानी लखनऊ में विधानसभा के सामने से परिवर्तन चौक तक पदयात्रा निकाली। पदयात्रा का नेतृत्व केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान,प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी,उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पदयात्रा का नेतृत्व किया। इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी दलों के कार्यकर्ता भी अपनी-अपनी पार्टी का झंडा बैनर लेकर पदयात्रा में शामिल हुए।

केन्द्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र का गला घोंटने का पाप इंदिरा गांधी ने किया था। देश को बांटने और चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त करने का काम कांग्रेस ने किया। आज संवैधानिक संस्थाओं पर उंगली उठा रहे हैं। उन्होंने कहा राहुल गांधी मैदान में जीत नहीं सकते तो देश को अराजकता की आग में झोंकना चाहते हैं। राजनीति को रक्तनीति में लोकतंत्र को लूटतंत्र में और प्रजातंत्र को पीड़ातंत्र में बदलना चाहते हैं। विपक्ष घुसपैठियों के दम पर चुनाव जीतना चाहता है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जब समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार उत्तर प्रदेश में थी, तब जनता सुरक्षित नहीं थी। गुंडातंत्र हावी था। कमीशन क्राइम व करप्शन की सरकार चलाकर उत्तर प्रदेश का सत्यानाश कर दिया था। आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस हार का रिकार्ड बना रही है। जहां-जहां चुनाव हुए वहां कांग्रेस साफ। अखिलेश तो फरवरी में ही निपट जायेंगे।

मेडिकल हब बनाने के लिए सरकारी निजी भागीदारी जरुरीः मुख्यमंत्री



नई दिल्ली, एजेंसी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा राजधानी में स्वास्थ्य सेवाओं का अभूतपूर्व विस्तार, मेडिकल सीटों में वृद्धि, नए डॉक्टरों-नर्सों की नियुक्ति और डिजिटल हेल्थकेयर को बढ़ावा मिलेगा है। उन्होंने कहा कि राजधानी को बेहतर मेडिकल हब बनाने के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र की भागीदारी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने यह बातें मंगलवार को संत परमानंद अस्पताल में नवनिर्मित आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) सेंटर के उद्घाटन पर कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार हर नागरिक को बेहतर और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

सपा सरकार बनने पर कराएंगे मेट्रो का निर्माण : अखिलेश

- दिवंगत सपा नेता राजेश यादव नत्थू के परिजनों से की मुलाकात

वाराणसी, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी सरकार बनने पर वाराणसी में मेट्रो रेल का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह बनारस के लोगों को यह भरोसा दिलाना चाहते हैं कि प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर शहर को मेट्रो की सौगात मिलेगी।

मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे अखिलेश यादव डाफी-लंका स्थित पार्टी के दिवंगत पदाधिकारी राजेश यादव नत्थू के आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने राजेश यादव की पत्नी चंदा यादव से बातचीत कर परिवार को ढांढ़स बंधाया। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने भावुक होकर कहा कि हमने एक सच्चा सिपाही खोया है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस दौरान नारेबाजी कर उनका स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने विधान परिषद चुनाव में सपा की जीत का उल्लेख करते हुए इसे बाबा विश्वनाथ का दोहरा आशीर्वाद बताया। उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ ने आशुतोष सिन्हा को जिताया और लाल बिहारी यादव की जीत भी सुनिश्चित कराई।

एसआईआर प्रक्रिया शुरूआत से पहले ही 57 चुनाव हार चुकी है कांग्रेसः स्मृति ईरानी

कोलकाता, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता स्मृति ईरानी ने मंगलवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पर संदेह जताने के लिए मुख्य विपक्षी दल की कड़ी आलोचना की। स्मृति ईरानी ने आज कहा कि मतदाता सूची को दुरुस्त करने की एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही कांग्रेस 57 चुनाव हार चुकी है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर अपनी चुनावी हार पर आत्ममंथन के बजाय संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने और भारत निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाने का गंभीर आरोप लगाया। भाजपा नेत्री ने मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया को लेकर विपक्ष के हालिया बयानों की निंदा की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस रुख का भी जिक्र किया, जिसमें स्पष्ट कहा गया था कि प्रधानमंत्री का राजनीतिक विरोध करना लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है।

मुख्यमंत्री ने उज्ज्वला योजना के तहत 1.89 करोड़ को सब्सिडी का किया वितरण

गैस कनेक्शन के लिए देनी पड़ती थी रिश्वतः योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.89 करोड़+ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का वितरण किया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश में तेजी से विकास हुआ। विश्व बैंक की हाल की एक रिपोर्ट बताती है कि देश के 155 करोड़ में से 40 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। आज उत्तर प्रदेश में उज्ज्वला योजना के तहत 1500 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा रही है कि दीपावली का पर्व खुशी से मनाएं और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

सीएम ने लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.89 करोड़+ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने भारत की संस्कृति और पर्वों का विशेष से उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में कांग्रेस की सरकार थी तब गैस कनेक्शन के लिए रिश्वत देनी पड़ती थी।

इतना ही नहीं, टू जी घोटाला, कोयला घोटाला, कामनवेल्थ गेम्स समेत न जाने कितने घोटालों की खबरें आए दिन आती थीं लेकिन जब 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने कई कल्याणकारी योजनाएं शुरु कीं। इन्हीं में वर्ष 2016 में उज्जला योजना शुरु की। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भावुक होकर बोले थे कि मां- बेटियां लकड़ी से खाना बनाने से कई प्रकार की बीमारियों से परेशान हैं एक सिलेंडर की रिफलिंग के लिए 938 रुपये 45 पैसे देने होते हैं और इसमें केंद्र सरकार 333 रुपये सब्सिडी देती है।

समाज को एक सूत्र में पिरोती है आस्था और संस्कृति

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव के जरिये समाज को प्रेरक संदेश दिया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मुख्यमंत्री ने मंगलवार को लिखा कि जाति की जड़ता समाज को बांटती है, जबकि साझी आस्था और संस्कृति उसे एक सूत्र में पिरोती है। श्री अयोध्या जी का दीपोत्सव इसी सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले जातीय विभाजन को राजनीति का आधार बनाने वाली सरकारों ने समाज को जोड़ने वाली इस सांस्कृतिक शक्ति की पूर्णतः उपेक्षा की, वहीं डबल इंजन सरकार ने वर्ष 2017 में दीपोत्सव की शुरुआत कर इस सोच को बदला और राम नगरी की सांस्कृतिक विरासत को जन-जन के उत्सव में बदल दिया। मुख्यमंत्री ने लिखा कि पूज्य संतगण एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आज धर्माचार्यगण, विद्यार्थी, स्वच्छताकर्मी, कुम्हार और व्यापारी सभी समान उत्साह एवं श्रद्धा से इस आयोजन में सहभागी होते हैं। यहां पहचान जाति से नहीं, सहभागिता से होती है। दीप अलग-अलग हाथों में जलते हैं लेकिन उनका प्रकाश पूरे समाज को एक करता है। यही दीपोत्सव का संदेश है। यही समरस समाज की संकल्पना है।

शाह ने किया शांति हॉस्पिटल का उद्घाटन

केन्द्र के सहयोग से छत्तीसगढ़ विकास के क्षेत्रों में बढ़ रहा आगे : विष्णुदेव साय

रायपुर,एजेंसी।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मंगलवार को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के समापन समारोह में शामिल होने एक दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री ने यहां देवेंद्र नगर में 300 बिस्तरों वाले आर्टेमिस शांति हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री शाह के रायपुर पहुंचने पर स्वामी विवेकानंद विमानतल, माना में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री का अभिनंदन किया।

विमानतल पर स्वागत के बाद केंद्रीय गृह मंत्री देवेंद्र नगर पहुंचे, जहां उन्होंने 300 बिस्तरों वाले आर्टेमिस शांति हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद लोगों का अभिवादन स्वीकार करने के लिए उन्होंने सुरक्षा घेरा हटवाया और लोगों का अभिवादन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रति केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आत्मीय स्नेह प्रदेशवासियों के लिए शक्ति और विश्वास का संबल है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग और मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ शांति, सुरक्षा और विकास के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्योत्सव-2026 का समापन आज नवा रायपुर अटल नगर स्थित राज्योत्सव मैदान में होगा। समापन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे, जबकि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

दवा, मेडिकल उपकरण के आयात के लिए नए प्रवेश केंद्रों को मंजूरी का प्रस्ताव

नई दिल्ली,एजेंसी। केंद्र सरकार ने देश में दवा, चिकित्सा उपकरण और कॉस्मेटिक्स के आयात को अधिक सुगम और प्रभावी बनाने की दिशा में कदम उठाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को ड्रग्स नियम, 1945 के नियम 43ए में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत स्वास्थ्य उत्पादों के आयात और क्लीयरेंस के लिए अधिकृत प्रवेश केंद्रों के नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा। प्रस्तावित संशोधन में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना और कर्नाटक में अतिरिक्त इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी), एक विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) और एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को अधिकृत आयात केंद्रों की सूची में शामिल करने की योजना है। प्रस्ताव के तहत हरियाणा में आईसीडी सोनीपत, पियाला और हरसारू, उत्तर प्रदेश में आईसीडी दादरी, गुजरात में आईसीडी गांधीधाम/मुंद्रा, तेलंगाना में हैदराबाद के आईसीडी सनथ नगर और थिम्मापुर, कर्नाटक में बेंगलुरु के आईसीडी व्हाइटफील्ड तथा एसईजेड बोम्मासंद्रा को शामिल किया जाएगा।

आजम खान की बढ़ी मुश्किलें अब पुलिस रिमांड का खतरा

- गाजियाबाद जिले की डासना जेल में बंद हैं आजम



रामपुर, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान पर कानूनी शिकंजा अभी और कस सकता है। दरअसल, 31 अक्टूबर को दो पैन मामले में जमानत के तौर पर अदालत से मिली राहत चंद मिनट बाद ही ईडी की गिरफ्तारी की कार्रवाई एक तरह से आफत बनकर टूट गई थी। अब जानकारी मिल रही है कि रामपुर पुलिस भी पहले से दर्ज 10 से अधिक केस में रिमांड लेकर सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। कानून के जानकारों का मानना है कि अगर पुलिस की डिमांड पर रिमांड मिल गई, तब आजम को लंबे वक्त जेल में रहना पड़ सकता है। इसी के साथ ईडी भी नए सिरे से गाजियाबाद की कोर्ट से रिमांड लेकर कई मामलों में पूछताछ करने की कोशिश में है। हालांकि, इन सभी मामलों में रिमांड की मांग, अदालत की अनुमति और पूछताछ की प्रक्रिया अलग-अलग होगी। आजम फिलहाल गाजियाबाद जिले की डासना जेल में बंद हैं। उन्हें 31 अक्टूबर को ईडी ने रामपुर जेल से जमानत पर रिहाई के चंद मिनटों बाद ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जौहर अली विश्वविद्यालय के निर्माण में सरकारी धन के कथित दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में दर्ज कराई एफआईआर में लगाए आरोप में गिरफ्तार कर लिया था।

भाजपा अध्यक्ष का गोरखपुर का दो दिवसीय सांगठनिक प्रवास आज से

नई दिल्ली,एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 4 और 5 नवंबर को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के दो दिवसीय सांगठनिक प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे पार्टी के राष्ट्रव्यापी अभियान 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के तहत पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। साथ ही बाबा गोरखनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे और आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर पार्टी के प्रदेश नेतृत्व, वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों तथा संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें करेंगे। भाजपा के अनुसार नितिन नवीन बुधवार सुबह गोरखपुर पहुंचेंगे। दोपहर 12 बजे वे 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। यह पदयात्रा महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज से शुरू होकर सरदार पटेल प्रतिमा के समीप स्थित माता काली मंदिर पर संपन्न होगी। पदयात्रा के बाद भाजपा अध्यक्ष तारामंडल स्थित एनेक्सी भवन पहुंचेंगे, जहां वे समाज के प्रबुद्ध वर्ग के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद पार्टी के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे।

चुनाव आयोग की साख को कमजोर कर रहे कुछ राजनीतिक दलः नड्डा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को बरेली में 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान के तहत पदयात्रा निकाली, जिसका नेतृत्व भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ गैर-जिम्मेदार राजनीतिक दल चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की साख और जनता के विश्वास को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत को 'प्रजातंत्र की जननी' कहा जाता है। देश के निर्वाचन आयोग और उच्चतम न्यायालय ने दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, लेकिन विपक्ष अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए इन संस्थाओं पर सवाल उठा रहा है। विपक्षी दलों के नेताओं पर नड्डा ने आरोप लगाया कि इंडी गठबंधन के तीन प्रमुख नेताओं के नाम दंगों से जुड़े मामलों में सामने आए हैं।

431 करोड़ से बनेंगी 4 मल्टी लेवल पार्किंग

लखनऊ। राजधानीवासियों को सड़कों पर लगने वाले जाम और पार्किंग की किल्लत से जल्द निजात मिलने की उम्मीद है। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) शहर में चार प्रमुख जगहों पर मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण कराएगा। सोमकर को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में हुई एलडीए की 188वीं बोर्ड बैठक में 431 करोड़ रुपये के इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी गई। बैठक में एलडीए वैसी प्रथमेश कुमार, सचिव एसपी सिंह, अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा और सीपी त्रिपाठी समेत नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और जिला प्रशासन के अफसर मौजूद रहे। सचिव ने बताया कि चारों पार्किंग में 1500 से अधिक वाहनों को पार्क करने की क्षमता होगी। इसके अलावा बोर्ड ने 12 से अधिक विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी। यहां बनेगी मल्टी लेवल पार्किंग विवेक खंडः गोमतीनगर के बाजार और शोरूम के बाहर सड़क पर लगने वाली बेतरतीब गाड़ियों से मुक्ति मिलेगी।

आपरेशन **सोमालिया तट के पास भारतीय नौसेना ने की कमांडो कार्रवाई**

समुद्री लुटेरों से अपहृत जहाज 'अजिनी' को छुड़ाया

- ऑपरेशन में सुरक्षित बचाये गये 20 क्रू मेंबर्स

नई दिल्ली, एजेंसी।



भारतीय नौसेना ने सोमालिया के तट के पास 48 घंटे से अधिक समय तक चले ऑपरेशन में कमांडो कार्रवाई करके सशस्त्र समुद्री लुटेरों के कब्जे से मछली पकड़ने वाले अपहृत जहाज अजिनी को मुक्त कराया है। जहाज पर सवार चालक दल के सभी 20 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया और ऑपरेशन के दौरान किसी कोई नुकसान नहीं पहुंचा। दरअसल, पिछले महीने की शुरुआत में सोमालिया के उत्तर-पूर्वी तट के पास सशस्त्र समुद्री लुटेरों के एक समूह ने नौसेना को मछली पकड़ने वाले जहाज अजिनी का अपहरण कर लिया था। यह हाईजैकिंग बड़ा समुद्री सुरक्षा खतरा था, जिसमें इस बात की संभावना थी कि इस जहाज का इस्तेमाल इस इलाके में मर्चेंट शिपिंग पर और समुद्री डाकुओं के हमले करने के लिए 'मदर शिप' के तौर पर किया जा सकता है। इसकी सूचना मिलने पर भारतीय नौसेना ने मिशन पर तैनात एक युद्धपोत को कार्रवाई के लिए तत्काल रवाना किया। इसमें एक समुद्री निगरानी विमान का भी सहयोग लिया गया। नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल ने बताया कि आपसी तालमेल से लगातार निगरानी के बाद जहाज का पता लगाया गया और उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई। नौसेना ने अपहृत जहाज की गतिविधि को सीमित करने और उसे भागने से रोकने के लिए सुनियोजित गैर-घातक उपाय अपनाया। भारतीय नौसेना ने त्वरित और सुव्यवस्थित सामरिक कमांडो कार्रवाई करते हुए जहाज को अपने नियंत्रण में लिया। भारतीय वायु सेना के सी-17 विमान ने सटीक एयरड्रॉप के माध्यम से मरीन कमांडो उतारे गये। इस कार्रवाई के बाद हथियारबंद समुद्री डाकुओं के खतरे को निष्प्रभावी करके ऑपरेशन के आखिर में सभी 20 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचा लिया गया, जिसमें कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। नौसेना का यह सफल अभियान भारतीय नौसेना की उच्च परिचालन तत्परता और विभिन्न सेनाओं के बीच समन्वय के माध्यम से जटिल समुद्री सुरक्षा अभियानों को साकार करने की क्षमता दर्शाता है। यह हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता और पसंदीदा सुरक्षा भागीदार बने रहने की अटूट प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।

संक्षिप्त खबरें

मुआवजा के रुपयों की खातिर बहन कीकर दी हत्या



बाराबंकी। स्वाट/सर्विलांस व थाना रामनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मंजू हत्याकांड का सफल अनावरण कर 02 हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (एक अदद ईंट) बरामद किया है। बीते एक नवम्बर को वादिनी वंदना पत्नी ओमप्रकाश निवासिनी ग्राम बिंदौरा परसपुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी ने तहरीर दी कि उसकी बड़ी बहन मंजू पुत्री सेमई उम्र करीब 42 वर्ष निवासिनी ग्राम महादेवा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी की भाई संदीप व भाभी शीतल ने ईंट से मारकर हत्या कर दी है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना रामनगर पर मु0अ0सं0 448/2026 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी द्वारा घटना के सफल अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी क्रम में स्वाट/सर्विलांस व थाना रामनगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस/डिजिटल डेटा की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए मंगलवार को मु0अ0सं0 448/2026 धारा 103(1) बीएनएस से सम्बन्धित 02 हत्याभियुक्तों 1. संदीप पुत्र सेमई, 2. शीतल उर्फ मायावती पत्नी संदीप निवासीगण ग्राम महादेवा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को गजपतिपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर हत्याभियुक्तों की निशानदेही/कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद ईंट को बरामद किया गया।

गीतों के माध्यम से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने किया सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार



बाराबंकी। ऐतिहासिक देवा मेला एवं प्रदर्शनी-2026 में मंगलवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने गीत-संगीत और लोकगायन के माध्यम से प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के जरिए लोगों को देशप्रेम, नशामुक्ति, शिक्षा और किसानों के हित में संचालित योजनाओं के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की शुरुआत सोने लाल एंड पार्टी की संगीतमय प्रस्तुति से हुई। कलाकारों ने देशभक्ति गीत 'चमके ला तिरंगा झंडा, चांद तो तरैया, हमार देसवा है सोने की चिरैया' प्रस्तुत कर देशप्रेम की भावना जगाई। इसके बाद 'छोड़ दा नशा की अदतिया, ऐ सजना' गीत के माध्यम से नशे की बुरी आदतों से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया। इसके उपरांत आल्हा गायक रघुनाथ की पार्टी ने मां सरस्वती की वंदना से अपनी प्रस्तुति का शुभारंभ किया। कलाकारों ने लोकगायन के माध्यम से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश देते हुए बालिका शिक्षा और महिला सशक्तीकरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। वहीं किसान सम्मान निधि योजना पर आधारित प्रस्तुति के जरिए किसानों के हित में संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

देवा दंगल में नामचीन पहलवानों ने आजमाए दांव-पेच



बाराबंकी। ऐतिहासिक देवा मेला एवं प्रदर्शनी-2026 के अंतर्गत मंगलवार को आयोजित दंगल प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए नामचीन पहलवानों ने अपने दमखम, कौशल और पारंपरिक कुश्ती कला का शानदार प्रदर्शन किया। अखाड़े में पहलवानों के बीच जोरदार भिड़ंत देखने को मिली। एक से बढ़कर एक रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा और पूरा दंगल परिसर तालियों तथा उत्साहपूर्ण आवाजों से गूंजता रहा। दंगल के प्रमुख मुकाबलों में विवेक पहलवान बांदा ने जीतू पहलवान कन्नौज को पराजित किया। राहुल दास अयोध्या ने शैतान सिंह राजस्थान को शिकस्त दी। अजीत पहलवान बाराबंकी और शिवम पहलवान अयोध्या के बीच हुए मुकाबले में शिवम ने बाजी मारी। वहीं, बाबू पहलवान उत्तराखंड और सुल्तान वारसी पहलवान देवा के बीच हुई रोमांचक कुश्ती में बाबू पहलवान विजयी रहे। इसी क्रम में गोलू पहलवान गोंडा ने काला चीता राजस्थान को हराकर जीत दर्ज की, जबकि माल्टा पहलवान मुजफ्फरनगर ने शाका पहलवान को मात दी। बजरंगी पहलवान अयोध्या ने मोहम्मद हसनैन देवा को पराजित किया। शौकीन पहलवान सीतापुर ने गुलशन पहलवान गोंडा को तथा संजय पहलवान फतेहगढ़ ने घनश्याम पहलवान जालौन को शिकस्त दी। अन्य मुकाबलों में शिवम पहलवान अयोध्या ने आयुष पहलवान बनारस को चित किया, जबकि रामनंदन पहलवान गाजीपुर ने अमरेश पहलवान बहराइच को पटकनी देकर अपनी श्रेष्ठता साबित की।

देवा मेला में छात्र-छात्राओं ने एकांकी और नाटकों से दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश

बाराबंकी। ऐतिहासिक देवा मेला एवं प्रदर्शनी-2026 के अंतर्गत मंगलवार, 3 नवंबर को माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से देवा मेला ऑडिटोरियम में जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत एकांकी एवं नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सामाजिक, ऐतिहासिक एवं समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुतियों के दौरान ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। प्रतियोगिता में जमीउर्रहमान किदवई इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज बाराबंकी के विद्यार्थियों ने 'रानी लक्ष्मीबाई', पायनियर इंटर कॉलेज लखपेड़ाबाग ने 'इंडियन आर्मी', जाबेर बापटेल बालिका विद्यालय इंटर कॉलेज ने 'अनपढ़ नौकर' तथा प्रतिभा जूनियर हाईस्कूल देवा ने 'नारी शक्ति' विषय पर नाटक प्रस्तुत किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मित्तई देवा ने 'मिशन शक्ति (पॉक्सो एक्ट)', राजकीय हाईस्कूल मित्तई देवा ने 'परी हूं मैं' के माध्यम से सोशल मीडिया के दुष्परिणामों, राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा ने 'लैंगिक समानता' तथा वारिस चिल्ड्रन एकेडमी फतेहपुर ने 'मोहम्मद गौरी एवं पृथ्वीराज चौहान' विषय पर संवाद प्रस्तुत किया। श्री साईं इंटर कॉलेज जैदपुर के विद्यार्थियों ने भी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में जमीउर्रहमान किदवई इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज बाराबंकी ने प्रथम, वारिस चिल्ड्रन एकेडमी फतेहपुर ने द्वितीय तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जलपरी शो का टैंक फटा, 4 बच्चों समेत 15 घायल

- सिर-चेहरे में कांच घुसे, 20 हजार लीटर भरा था पानी
- फखरपुर मे लगा था मेला,मेले में हुआ हादसा



समृद्धि न्यूज़

बहराइच। मेले में जलपरी शो का पानी से भरा टैंक अचानक फट गया। हादसा जिस वक्त हुआ उस वक्त 40 लोग शो देख रहे थे। टैंक फटने से 20 हजार लीटर पानी झटके से बाहर आया। पानी के प्रेशर से कांच की दीवार टूट गई। शो में अचानक भगदड़ जैसे हालात हो गए। बच्चे पानी के बहाव में कई मीटर तक बह गए। कांच के टुकड़े चेहरे और सिर में धंस गए जिससे चार बच्चे समेत 15 लोग घायल हो गए। पुलिस और आसपास के लोग सभी घायलों को नजदीकी सीएचसी ले गए वहां से दो बच्चों को रेफर कर दिया गया। उनके सिर चेहरे में कांच के कई टुकड़े धंसे हैं हादसे में एक जलपरी भी घायल हुई है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने कहा मेला कमेटी अध्यक्ष और जलपरी शो संचालक समेत चार को पुलिस ने हिरासत में लिया है। 07 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है पानी का प्रेशर अधिक होने के कारण टैंक फटा है। जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर फखरपुर के खालिदपुर गांव में उर्स मेले में सोमवार रात 9 बजे हादसा हुआ। इसमें अर्श (8) बुरुऊ (7) अहद खान (8) और मोहम्मद सदीक (9) ज्यादा घायल है सभी गांव के रहने वाले हैं। खालिदपुर गांव में हर साल नवंबर माह में दादा मियां के उर्स में तीन दिवसीय मेला लगता है। इस साल उर्स मेले में पहली बार जलपरी शो लगाया गया। जलपरी शो में एक लड़की मछली जैसी ड्रेस में पानी के टैंकर में करतब दिखाती है। टैंकर करीब 20 फीट लंबा और 10 फीट चौड़ा होता है। इसमें 20 हजार लीटर पानी भरा था। बाहर की ओर कांच की एक दीवार होती है।

कैसे हुआ हादसा

फखरपुर के खालिदपुर गांव निवासी सलीम खान ने बताया कि दादा मियां के उर्स में सोमवार से मेला शुरू हुआ था। मैं अपने परिवार के साथ मेला देखने गया था। इसमें जलपरी शो भी लगाया गया था। 50 रूपए का टिकट लेकर परिवार के साथ शो देखने गया। चलते शो में जब जलपरी करतब दिखा रही थी तभी अचानक टैंक तेज आवाज के साथ फट गया। हादसे के वक्त मौके पर करीब 20 से 25 लोग मौजूद थे।

नहीं ली गई शो की परमिशन

थाना प्रभारी फखरपुर राजकुमार राजभर ने बताया कि जलपरी शो की परमिशन नहीं ली गई थी। उर्स कमेटी के अध्यक्ष वाजिद खान और जलपरी शो के संचालक शादाब समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया। घायलों का सीएचसी फखरपुर में इलाज कराया जा रहा है।

सेपक टकरा में पदक जीतने वाली 2 महिला पुलिसकर्मी सम्मानित



- दोनो पुलिसकर्मियों ने प्रतियोगिताओं में जीते 4 पदक, एसपी ने दी ट्रॉफी

समृद्धि न्यूज़

बहराइच। सेपक टकरा प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाली दो महिला पुलिसकर्मियों को एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने सम्मानित किया। मंगलवार दोपहर पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य आरक्षी शशि प्रभा और प्रीति गुप्ता को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। दोनों ने प्रतियोगिताओं में एक स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीते हैं। कुशीनगर में आयोजित 74वीं अंतर्जनपदीय पुलिस वॉलीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता 2026 के सेपक टकरा टीम इवेंट में शशि प्रभा और प्रीति गुप्ता ने स्वर्ण पदक जीता था। वही नोएडा में हुई 74वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वॉलीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता 2026 के सेपक टकरा टीम इवेंट के रेगू और क्वाड मुकाबलो में शशि प्रभा ने तीन कांस्य पदक अपने नाम किए। एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने दोनों महिला पुलिसकर्मियों की उपलब्धियो की सराहना की। उन्होंने उन्हें आगे की खेल प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह समेत अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

रामसनेहीघाट में खाद्य विभाग का छापा, दूध-पनीर के नमूने लेकर जांच को भेजे

रामसनेहीघाट बाराबंकी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को रामसनेहीघाट क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए छापेमारी की। इस दौरान दरियाबाद और तहसील के आसपास स्थित दुकानों व डेयरी प्रतिष्ठानों की जांच की गई। अधिकारियों ने दूध और पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। कार्रवाई के दौरान मानकों को लेकर भी जांच-पड़ताल की गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, अधिकारियों की टीम ने दरियाबाद व तहसील के पास स्थित नारायण डेयरी की जांच की। यहां खाद्य सुरक्षा मानकों से संबंधित अनियमितताएं मिलने की बात सामने आई। इसके अलावा टीम ने एक पिकअप वाहन को भी रोका, जिसमें दूध और पनीर ले जाया जा रहा था। वाहन में रखे खाद्य पदार्थों की जांच करते हुए अधिकारियों ने नमूने लिए और उन्हें सील-मोहर कर परीक्षण के लिए भेज दिया।

एक सप्ताह में दुरुस्त होगी पिपरहवा विशुनपुर की क्षतिग्रस्त पेयजल पाइपलाइन

समृद्धि न्यूज



बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान की पहल की है। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन के निर्देशन में विकासखंड तुलसीपुर के ग्राम पिपरहवा विशुनपुर में क्षतिग्रस्त पेयजल पाइपलाइन की मरम्मत की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विभाग ने एक सप्ताह के भीतर पाइपलाइन को दुरुस्त कर पेयजल आपूर्ति बहाल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

ग्राम पिपरहवा विशुनपुर में पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समस्या का संज्ञान लेते हुए जल निगम (ग्रामीण) ने मरम्मत की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है, ताकि निर्धारित समय में पाइपलाइन की मरम्मत पूरी कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई जा सके।

अधिशासी अभियंता सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को ठीक कराने के लिए विभागीय कार्रवाई चल रही है। एक सप्ताह के भीतर मरम्मत कार्य पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ, सुरक्षित और नियमित पेयजल उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। इसके लिए पेयजल से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने बृहद गो संरक्षण केन्द्र चफरिया का किया औचक निरीक्षण, 300 गोवंशों के संरक्षण की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

समृद्धि न्यूज़



बहराइच। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा संचालित बृहद गो संरक्षण केन्द्र चफरिया का औचक निरीक्षण कर गोवंशों के संरक्षण एवं उनके लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौशाला में वर्तमान में लगभग 300 गोवंश संरक्षित हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोवंशों को अपने हाथों से गुड़ एवं केला खिलाकर गोमाता व नन्दी का सम्मान किया। बृहद गौशाला में चरनी सहित बड़े आकार के 04 पशुशेड, आइसोलेटेड वार्ड के साथ-साथ छोटे व मादा गोवंशों को रखने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने गौशाला में गोवंशों के भरण-पोषण, चारा-पानी, साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी गोवंशों को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही बीमार एवं अस्वस्थ गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराकर समय से उपचार सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी श्री पाण्डेय ने निर्देश दिया कि बृहद गो संरक्षण केन्द्र में संरक्षित गोवंशों के बेहतर स्वास्थ्य के दृष्टिगत हरे चारे के लिए आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाएं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में उपलब्ध गोबर के समुचित उपयोग एवं ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बायोगैस प्लांट स्थापित कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बायोगैस प्लांट की स्थापना से गोबर का वैज्ञानिक एवं उपयोगी प्रबंधन हो सकेगा तथा उससे ऊर्जा का उत्पादन भी किया जा सकेगा। इससे गौशाला की व्यवस्थाओं को अधिक उपयोगी एवं व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार उपाध्याय, पशु चिकित्साधिकारी रिसिया व रमवापुर व नगर पालिका परिषद के सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

280 किलो छेना मिठाई नष्ट, नमूने जांच को भेजे



समृद्धि न्यूज

बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। जनपद में मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए 280 किलोग्राम छेना मिठाई नष्ट करा दी। वहीं, 48 किलोग्राम बत्तीसा मिठाई का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई के दौरान थाना ललिया से मिली सूचना के आधार पर एक वाहन की जांच की गई। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्र भान और श्रीराम मौर्य ने वाहन संख्या यूपी 46 डब्ल्यू 8161 का निरीक्षण किया।

जांच के दौरान वाहन में 280 किलोग्राम छेना मिठाई और 48 किलोग्राम बत्तीसा मिठाई मिली। दोनों मिठाइयों की गुणवत्ता को लेकर संदेह होने पर विभागीय टीम ने नियमानुसार एक-एक नमूना लेकर जांच के लिए सुरक्षित किया।

दीपावली से पहले पटाखा गोदाम का निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। इसी क्रम में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी उतरौला डॉ. जितेंद्र कुमार ने कोतवाली उतरौला क्षेत्र में संचालित पटाखा गोदाम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आतिशबाजी के भंडारण और बिक्री से संबंधित सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए दुकानदारों को निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में किए गए निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने पटाखा विक्रेता के लाइसेंस, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, पानी की व्यवस्था और गोदाम में सुरक्षा के इंतजामों की बारीकी से जांच की। उन्होंने दुकानदार को निर्देश दिया कि परिसर में पर्याप्त मात्रा में पानी से भरी बाल्टियां, बालू तथा चालू हालत में अग्निशामक यंत्र अनिवार्य रूप से उपलब्ध रखें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल बचाव किया जा सके। क्षेत्राधिकारी ने स्पष्ट किया कि आतिशबाजी की दुकानें शासन द्वारा निर्धारित एवं आवंटित खुले स्थानों पर ही संचालित की जाएं। दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी रखी जाए, जिससे आग लगने की स्थिति में एक दुकान से दूसरी दुकान तक आग फैलने का खतरा कम रहे। उन्होंने बिना वैध लाइसेंस पटाखों की बिक्री करने और निर्धारित सीमा से अधिक आतिशबाजी का भंडारण करने वालों को कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

उन्होंने दुकानदारों को यह भी निर्देश दिया कि दुकानों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को दें। सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी ने आमजन से अपील की कि दीपावली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। आतिशबाजी करते समय सुरक्षा नियमों का पालन करें तथा बच्चों को अपनी देखरेख में ही पटाखे जलाने दें। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन उपनिरीक्षक अंकित कुमार मौजूद रहे।

एसपी ने भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित नवनिर्मित पुलिस चौकी शिवपुर मोहरनिया का किया उद्घाटन

- विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना के उपरांत फीता काटकर किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज़



बहराइच। समृद्धि न्यूज़ एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा थाना रूपईडीहा क्षेत्रान्तर्गत भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित नवनिर्मित पुलिस चौकी शिवपुर मोहरनिया का विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना के उपरांत फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे इस सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस चौकी की स्थापना सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। चौकी के संचालन से सीमा क्षेत्र में पुलिस की निगरानी एवं सक्रियता बढ़ेगी तथा संदिग्ध गतिविधियों, अवैध आवागमन एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में सहायता मिलेगी। साथ ही स्थानीय नागरिकों को पुलिस सहायता सुलभ होने के साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी। एसपी ने पुलिस एवं एसएसबी के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से सीमा क्षेत्र में सतर्क निगरानी, नियमित गश्त एवं संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्थानीय नागरिकों से संवाद एवं समन्वय बनाए रखते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, एसएसबी की 59वीं वाहिनी के असिस्टेंट कमांडेंट सतीश कुमार एवं अमित कुमार, क्षेत्राधिकारी नानपारा चित्रांशु गौतम, थाना रूपईडीहा पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी, क्षेत्रीय ग्रामीणजन एवं सम्भ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे।

नकबजनी का आरोपी गिरफ्तार, 1.28 लाख रुपये बरामद

- तुलसीपुर रेलवे स्टेशन के निर्माणाधीन तीसरे प्लेटफार्म से पकड़ा गया आरोपी, चोरी के रुपये लेकर लखनऊ भागने की फिराक में था

समृद्धि न्यूज



बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। तुलसीपुर थाना क्षेत्र में दुकान का ताला खोलकर नकबजनी की घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के 1 लाख 28 हजार 650 रुपये नकद, गल्ले का लकड़ी का बक्सा और एक काला बैग बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने दुकान से चोरी करने की बात स्वीकार की है। वह पकड़े जाने के डर से ट्रेन के माध्यम से लखनऊ भागने की तैयारी में था।

पुलिस के अनुसार, तुलसीपुर के स्टेशन रोड निवासी सुनील कुमार पुत्र फतेह बहादुर ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि 31 अक्टूबर और एक नवंबर की मध्यरात्रि उनकी दुकान में चोरी हुई है। आरोप है कि लाल चौराहा स्टेशन रोड निवासी अंकुश जायसवाल उर्फ बाबू ने दुकान की नकली चाबी बनवाकर शटर का ताला खोला और अंदर रखी लकड़ी की पेटी यानी गल्ले से करीब डेढ़ लाख रुपये चोरी कर लिए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देश पर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर अभय प्रताप मल्ल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी।

इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और जांच के आधार पर अंकुश जायसवाल उर्फ बाबू को तुलसीपुर रेलवे स्टेशन के निर्माणाधीन तीसरे प्लेटफार्म से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके बैग से चोरी के 1 लाख 28 हजार 650 रुपये नकद बरामद हुए। इसके अलावा गल्ले का लकड़ी का बक्सा और एक काला बैग भी पुलिस ने बरामद किया।

भाजपा ने लोकतंत्र बचाओ रैली निकाली

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। यूपी में भाजपा ने मंगलवार को लोकतंत्र बचाओ रैली निकाली लखनऊ और बरेली में 50 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता और समर्थक सडक़ों पर उतरे। हाथ में भाजपा का झंडा और लोकतंत्र बचाओ लिखे पोस्टर लेकर चले। लखनऊ में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पदयात्रा में शामिल हुए।

उन्होंने कहा कांग्रेस और राहुल गांधी मोदी को हरा नहीं पा रहे हैं तो षडयंत्र रचने लगे हैं। मैं बता दूं कि मोदी देश के मुकुट मणि हैं। भगवान का वरदान हैं। उन्होंने कहा आप लोग ऐसे नारे लगाइए कि दिल्ली में राहुल कांप जाएं। एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन पर उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव से पूछा कि बताइए जरा, जिसका नाम वोटर लिस्ट में 2 जगह है, उसका नाम एक जगह से कटना चाहिए या नहीं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा बंगाल से लेकर राजस्थान तक हर जगह प्छक्ष् गठबंधन ने हार पाई है। इसलिए अखिलेश बाबू फरवरी में आप भी निपट जाओगे। निषाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में मंत्री संजय निषाद ने कहा कि लोकतंत्र के विरोध में विपक्षी पार्टियां काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की तरफ से मछुआरा आरक्षण देने जाने का मुद्दा जो उठाया गया रैली के दौरान तो वह घर की बात है। घर में मां-बाप के सामने ही बच्चा अपनी बात उठाता है। उनका कहना है कि गोरखपुर में कार्यक्रम के चलते वह पदयात्रा में शामिल होने के बाद यहां से निकल रहे हैं। शिवराज ने कहा मोदी का मुकाबला कोई नहीं कर पा रहा है। बंगाल से लेकर राजस्थान तक हर जगह कांग्रेस ने हार पाई है। इसलिए अखिलेश भी समझ लें कि यूपी के चुनाव में उनका कुछ नहीं होने वाला।

फरवरी में अखिलेश बाबू भी निपट जाएंगे। शिवराज ने कहा राहुल जी सरकार में आने के लिए जनता का दिल जीतना होता है। मैदान में जीत नहीं सकते तो सडक़ पर अराजकता फैला रहे हैं। आप लोग आज यहां से ऐसे नारे लगाइए कि दिल्ली में राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन भी कांप जाएं।

शिवराज सिंह ने कहा नरेंद्र मोदी मुकुट मणि हैं, भगवान का वरदान हैं। उन्होंने 49 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। आज हम लोग विपक्ष का असली चेहरा लोगों के सामने लाने के लिए सडक़ पर उतरे हैं।

संक्षिप्त खबरें

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक मारी टक्कर

लखनऊ। राजधानी में किसान पथ पर सोमवार देर रात करीब 1 बजे बाजनगर अंडरपास के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान दुबग्गा के मलहा निवासी हरदेव लाल (28) पुत्र बाराती लाल के रूप में हुई। अंधे चौकी प्रभारी विनय गुरुदेव ने बताया कि युवक की जेब से मिले आधार कार्ड के जरिए उसकी पहचान हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरदेव लाल आशियाना स्थित एक होटल में हेड शेफ था। सोमवार रात ड्यूटी खत्म करने के बाद वह बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान किसान पथ पर बाजनगर अंडरपास के पास विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हरदेव की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वह पत्नी और एक छोटे बेटे को छोड़ गया है। पुलिस फरार वाहन और चालक की तलाश कर रही है।

बुद्धेश्वर ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

लखनऊ। राजधानी में बुद्धेश्वर ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वह काम से घर लौट रहा था। पीछे से आए अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मायापुरम निवासी अजय गौतम (25) पुत्र अशोक कुमार के रूप में हुई है। वह मोटरसाइकिल मिस्त्री था। मंगलवार को वह दुबग्गा से काम खत्म कर बुद्धेश्वर रिंग रोड स्थित डिप्टीखेड़ा के पास अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान बुद्धेश्वर ओवरब्रिज पर पीछे से आए ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। अजय की मां सुनीता और पिता अशोक कुमार हैं। उसकी शादी सोनम से हुई थी। तीन साल की बेटी लाडो है। बताया जा रहा है कि पत्नी करीब एक साल से मायके में रह रही है। परिवार में बड़े भाई विष्णु, भाई बाबूलाल और छोटे भाई प्रिंस हैं। अजय की मौत से परिवार में मातम पसरा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रैक्टर और उसके चालक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

रविंद्र सिंह पटेल का मनाया गया जन्मदिन

लखनऊ। युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल द्वारा जन्मदिन की दावत एवं समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केक काटकर रविंद्र सिंह पटेल का जन्मदिन मनाया गया और उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर रविंद्र सिंह पटेल ने कहा कि भारत का युवा बेहद जिम्मेदार और प्रतिभाशाली है। माननीय जयंत चौधरी जी के नेतृत्व में देश का युवा निरंतर हुनरमंद बन रहा है। विपक्ष द्वारा युवाओं को गुमराह करने की साजिश की जा रही है, लेकिन भारत का युवा अपनी प्रतिभा और मेहनत से विदेशों में भी देश का सम्मान बढ़ा रहा है।राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने रविंद्र सिंह पटेल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वहीं राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रदेश को ग्रीन एनर्जी का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में अग्रसरः शर्मा

लखनऊ। भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एवं एक्सपो-2026 में उत्तर प्रदेश ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी बढ़ती ताकत, उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इस प्रतिष्ठित आयोजन में उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रदेश की ऊर्जा क्षेत्र की उपलब्धियों, नवाचारों और भावी कार्ययोजना को प्रस्तुत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री रणवीर प्रसाद, निदेशक श्री रविन्द्र सिंह, सचिव श्री पंकज सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ए.के. शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को ऊर्जा आत्मनिर्भरता और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व प्रदान करने का जो संकल्प लिया है, उत्तर प्रदेश उसे धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्रदेश में सौर ऊर्जा, बायोएनर्जी और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विस्तार के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। पीएम सूर्य घररू मुफ्त बिजली योजना, पीएम-कुसुम, सोलर सिटी और यूटिलिटी स्केल सोलर परियोजनाओं के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा को आमजन, किसानों और उद्योगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा केवल बिजली उत्पादन का माध्यम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन, किसानों की आय बढ़ाने और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देने का महत्वपूर्ण आधार है। उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा के साथ-साथ कम्प्रेस्ड बायोगैस एवं बायोएनर्जी परियोजनाओं में भी निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। सरकार का प्रयास है कि आधुनिक तकनीक, उद्योग जगत की सहभागिता और निवेशकों के सहयोग से प्रदेश को ग्रीन एनर्जी के एक बड़े केंद्र के रूप में विकसित किया जाए।समिट में उत्तर प्रदेश की नोडल एजेंसी यूपीनेडा द्वारा प्रदेश की प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा योजनाओं एवं परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया। इनमें सोलर सिटी, यूटिलिटी स्केल सोलर परियोजनाएं, कम्प्रेस्ड बायोगैस , बायोएनर्जी परियोजनाएं, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना तथा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) प्रमुख रूप से शामिल हैं। 2 से 5 नवंबर तक आयोजित इस समिट में देश-विदेश के नीति निर्माता, निवेशक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, तकनीकी विशेषज्ञ और विभिन्न राज्यों की नवीकरणीय ऊर्जा नोडल एजेंसियां प्रतिभाग कर रही हैं।

विवेकानन्द यूथ एवार्ड हेतु मांगे गए आवेदन

लखनऊ। प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण युवाओं को राष्ट्र के विकास की मुख्य धारा से जोडने तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी हेतु राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले युवाओं पुरूष,महिला को व्यक्तिगत श्रेणी में विवेकानन्द यूथ एवॉर्ड प्रदान किया जायेगा। इस एवॉर्ड के लिए खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन, जैविक खेती, सौर उर्जा संयत्र स्थापना, स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता, आपदा प्रबन्धन, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कला, संस्कृति और साहित्य, मानवधिकारों को बढ़ावा देना, पर्यटन, पारम्परिक चिकित्सा, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल और शैक्षिक उत्कृष्टता एवं स्मार्ट लर्निंग आदि के क्षेत्र में युवाओं द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य के आधार पर प्रस्तावों को जनपद स्तरीय निर्धारित समिति द्वारा चयन करके महानिदेशालय प्रेषित किया जाना है।

सुन्नी यूथ फेडरेशन के सदस्य अनस मारूफ का निधन

लखनऊ। समाजी और सोशल एक्टिविस्ट सुन्नी यूथ फेडरेशन के सदस्य मुहम्मद अनस मारूफ का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे लगभग 60 साल के थे और कुछ समय से किडनी की बीमारी से पीड़ित थे। अनस मारूफ अहमद हुसैन (तंबाकू व्यापारी) परिवार के मशहूर डॉक्टर अरशद रिजवी के असिस्टेंट थे और बचपन से ही इलाज और रिहैबिलिटेशन के क्षेत्र में सेवा कर रहे थे। मरने वाले अनस मारूफ के परिवार में उनकी विधवा, एक बेटा और एक बेटी के साथ-साथ भरापुर परिवार है। अनस मारूफ के जनाजे की नमाज ऐशबाग की बड़ी मस्जिद में हुई और उन्हें चमन ऐशबाग में दफनाया गया। जनाजे में बड़ी संख्या में रिश्तेदार और शोक मनाने वाले लोग शामिल हुए। फेडरेशन के सदस्यों ने मरने वाले के प्रति अपनी संवेदना जताते हुए रिश्तेदारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

राजधानी में एलपीजी गैस ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल, इंडेन सिलेंडरों की सप्लाई ठप

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजधानी के अमौसी स्थित इंडियन ऑयल एलपीजी बॉटलिंग प्लांट में मंगलवार सुबह छह बजे से सिलेंडरों की उठान बंद है। 15 ट्रांसपोर्टरों ने अपने 206 ट्रकों का चक्का जाम कर दिया है। उनका आरोप है कि 2023 के टेंडर में 192 गैस एजेंसियों तक सिलेंडर पहुंचाने का काम देने का वादा किया गया था, लेकिन अब केवल 80 एजेंसियों का काम मिल रहा है। इससे ट्रांसपोर्टर बैंक की किस्त, डीजल और ड्राइवरों का वेतन तक नहीं निकाल पा रहे हैं। उन्होंने साफ कहा है कि लिखित आश्वासन मिलने तक सिलेंडरों की उठान शुरू नहीं करेंगे।

हड़ताल से जिले की इंडेन गैस एजेंसियों तक आपूर्ति प्रभावित हुई है। ट्रांसपोर्टरों के मुताबिक, वर्ष 2023 में हुए टेंडर के दौरान लखनऊ के अलावा बाराबंकी, अयोध्या, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और सीतापुर की 192 गैस एजेंसियों तक सिलेंडर पहुंचाने का काम दिया गया था। इसके लिए 15 ट्रांसपोर्टरों के 206 ट्रक लगाए गए थे। करीब एक साल पहले कंपनी ने काम घटाकर लखनऊ और बाराबंकी की 80 एजेंसियों तक सीमित कर दिया। इससे उनकी कमाई आधे से भी कम रह गई। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि टेंडर के समय प्रति ट्रक हर महीने करीब 2.45 लाख रुपये के काम का आश्वासन दिया गया था। अब एक ट्रक से 80 से 90 हजार रुपये का ही काम मिल पा रहा है। उनका आरोप है कि जिन एजेंसियों पर काम देने की बात कही गई थी, उनमें से कई दूसरी जगह के ट्रांसपोर्टरों को दे दी गईं। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि टेंडर मिलने के बाद उन्होंने बैंक से लोन लेकर ट्रक खरीदे थे। हर ट्रक की करीब 50,000 रुपए ये महीने की किस्त देनी पड़ती है।

68,500 शिक्षक भर्ती-अभ्यर्थियों ने मंत्री आशीष पटेल का आवास घेरा

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। राजधानी में मंगलवार को 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने लगभग एक घंटे तक मंत्री आशीष पटेल के आवास के बाहर प्रदर्शन किया उनके दरवाजे पर घंटी बजाते रहे। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी आवास के बाहर लेट गए एक घंटे के हंगामा और नारेबाजी के बाद मंत्री बाहर आए और ज्ञापन लिया। प्रदर्शनकारियों ने ऐसी क्या मजबूरी है-आरक्षण की चोरी है और पिछड़ा आयोग ने माना है-आरक्षण घोटाला है जैसे नारे लगाए। ज्ञापन के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शन करने आए नवीन ने बताया कि 10 सितंबर को हम सभी लोगों की मुलाकात बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंग और माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के साथ हुई। इस दौरान बेसिक और माध्यमिक विभाग के तमाम आलाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में दोनों मंत्रियों के साथ अधिकारियों ने भी इस बात को स्वीकार किया कि घोटाला हुआ है। जब राज्य पिछड़ा आयोग ने मान लिया राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग ने मान लिया और अब सरकार में बैठे अधिकारी मंत्री भी स्वीकार कर रहे हैं कि घोटाला हुआ है तो रोजगार क्यों नहीं मिलता। बस्ती से आए आशुतोष वर्मा ने कहा कि हम पिछले 8 साल से नौकरी के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती में बड़े स्तर पर आरक्षण घोटाला हुआ है। राज्य और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी आरक्षण में गड़बड़ी की बात मानते हुए नियमों का पालन करने का आदेश दिया है। आशुतोष ने कहा कि हमारी मांग है कि आयोग के आदेशों का पालन किया जाए। वर्ष 2018 में भर्ती निकली थी, तभी हमने फॉर्म भरा था। इसके बाद से आज तक नौकरी की उम्मीद में 8 साल से सिर्फ चप्पल घिस रहे हैं। मौजूदा सरकार में मुख्यमंत्री से लेकर कोई भी मुख्यमंत्री या विधायक नहीं है जिसके दरवाजे पर जाकर प्रदर्शन नहीं किया याचना नहीं किया मगर रोजगार नहीं मिला।

जनता दल एस के मण्डल प्रभारी नियुक्त

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। जनता दल सेक्युलर के प्रदेश प्रवक्ता जॉय बनर्जी ने बताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल सेक्युलर ने उत्तर प्रदेश में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त और मजबूत करने के लिए सघन अभियान छेड़ दिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार सिंह के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में बैठकों और कार्यकर्ता सम्मेलनों के माध्यम से संगठन विस्तार का कार्यक्रम चल रहा है। चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, बलिया, गाजीपुर, बलरामपुर, बस्ती, गोण्डा, शाहजहांपुर, कानपुर, बुलंदशहर, सहारनपुर , आगरा, हापुड़ सहित कई जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलनों को संबोधित कर उन्होंने 2027 के चुनाव में अहम भूमिका निभाने का आह्वान किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा की सहमति से और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमार स्वामी ज के मार्गदर्शन में, विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए प्रदेश के मण्डल प्रभारियों की नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष ओंकार सिंह के द्वारा जारी कर दी गई है। लखनऊ मण्डल-प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक पाठक और प्रदेश महासचिव राजेन्द्र सिंह रावतअयोध्या, बस्ती एवं गोरखपुर मण्डल-प्रदेश प्रवक्ता जॉय बनर्जी, प्रदेश महासचिव पटेल अशोक विश्वास एवं प्रदेश सचिव चन्द्रिका प्रसाद यादव प्रयागराज मण्डल- प्रदेश महासचिव राजेश सिंहवाराणसी एवं मिर्जापुर मण्डल-प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी कन्हैया महाराजझाँसी मण्डल-प्रदेश सचिव धर्मेन्द्र रस्तोगीचित्रकूट मण्डल-प्रदेश महासचिव जयप्रकाशआगरा मण्डल-प्रदेश महासचिव शिव कुमार एवं राजीव तोमरमेरठ मण्डल-चौधरी इलम सिंह और नीलेश भाटीसहारनपुर मण्डल-प्रदेश महासचिव भुवनेश्वर दीक्षितबरेली व मुरादाबाद मण्डल -प्रदेश सचिव संजय सिंह और हिमांशु गोस्वामी कानपुर और आजमगढ़ मण्डल- प्रदेश उपाध्यक्ष डियर खान व अवधेश यादव एवं प्रदेश सचिव घनश्याम सिंह देवी पाटन मण्डल-प्रदेश उपाध्यक्ष हेमराज सिंह और दीपक पांडेय और अलीगढ़ मण्डल-प्रदेश सचिव राजीव सक्सेना और अवनीश त्यागी को मंडल की जिम्मेदारी दी गई है।

28 मिनट में जीवंत होगी श्रीराम के अयोध्या वापसी की गाथा

- जेन-जी को लुभाएगा रामायण का 3डी और लेजर शो
- मोबाइल पर दिखेंगे रामायण के 3डी दृश्य
- जेन-जी से जुड़ेगा दीपोत्सव-2026, तकनीक संग दिखेगी रामनगरी की विरासत: जयवीर

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। अयोध्या में दीपोत्सव-2026 इस बार जेन-जी के रंग में रंगा नजर आएगा। परंपरागत दीयों की रोशनी के साथ आधुनिक तकनीक का संगम सरयू घाटों पर ऐसा दृश्य रचा जाएगा, जो युवाओं को विशेष रूप से आकर्षित करेगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से दीपोत्सव के दौरान मल्टीमीडिया प्रोजेक्शन और लेजर शो के साथ 100 से अधिक कलाकारों का लाइव परफॉर्मेंस होगा। राम की पैड़ी पर 7 नवंबर को होने वाले भव्य आयोजन में दीपों की आभा को कृत्रिम रोशनी, तकनीक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ जोडक़र आगंतुकों के लिए विशेष अनुभव प्रस्तुत करेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दीपोत्सव में परंपरागत दीयों की रोशनी से जगमगाने वाली रामनगरी तकनीक और कला के अद्भुत संगम की भी साक्षी बनेगी। इस दौरान विशेष प्रस्तुतियां विशेषकर जेन-जी को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई है। प्रभु श्रीराम के अयोध्या लौटने की कथा को प्रोजेक्शन मैपिंग, लेजर, एरियल एक्ट और कलाकारों की प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत होगा। करीब 28 मिनट के भव्य शो में भारतीय परंपरा, आधुनिक तकनीक और मंचीय प्रस्तुतियों का समायोजन राम भक्तों के समक्ष रामायण के प्रसंगों को प्रस्तुत किया जाएगा। दीपोत्सव-2026 के दौरान रामनगरी में पांच से नौ नवंबर तक मल्टीमीडिया प्रोजेक्शन और लेजर शो आकर्षण का केंद्र रहेंगे। पांच नवंबर को दो ट्रायल शो के साथ इसकी शुरुआत होगी, जबकि छह नवंबर को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। सात नवंबर को दीपोत्सव की संध्या पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा आमजन के लिए तीन अतिरिक्त शो भी आयोजित होंगे। वहीं, आठ नवंबर को दीपावली के दिन चार शो होंगे, हालांकि इनमें नृत्य कार्यक्रम शामिल नहीं होगा। अयोध्यावासियों को ध्यान में रखकर नौ नवंबर को विशेष ड्रोन शो का आयोजन होगा।दीपोत्सव में मल्टीमीडिया प्रोजेक्शन और लेजर शो पिछले वर्षों में भी आकर्षण का केंद्र रहे हैं। इस बार पर्यटन विभाग ने जेन-जी की रुचियों को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुति में नयेपन पर जोर दिया है। इसके तहत पिछले आयोजनों के विजुअल, संगीत, स्टोरीबोर्ड और एनिमेशन को दोहराने के बजाय नए कंटेंट के जरिए युवा सैलानियों को भगवान श्रीराम की आस्था और अयोध्या की विरासत से जोडने की तैयारी है।

33 किलो की माला, फूलों की बौछार और केक के साथ मना सूचना निदेशक का जन्मदिन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सूचना विभाग को नई ऊर्जा, कार्यसंस्कृति और प्रभावी संवाद की दिशा देने वाले सूचना निदेशक एवं आईएएस अधिकारी विशाल सिंह का जन्मदिन मंगलवार को सूचना निदेशालय में हर्षोल्लास, आत्मीयता और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पत्रकारों, विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

पूरा परिसर शुभकामनाओं, बधाइयों और आत्मीय अभिनंदन से गूंज उठा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की नीतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने में सूचना विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस जिम्मेदारी को नई धार देने में सूचना निदेशक विशाल सिंह की सक्रियता, कार्य के प्रति समर्पण और प्रशासनिक नेतृत्व की विशेष चर्चा रही है। उनकी कार्यशैली में निर्णय क्षमता, सहज संवाद, अनुशासन और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण का समन्वय दिखाई देता है। यही वजह है कि उन्होंने विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ-साथ मीडिया जगत में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

जन्मदिन के इस विशेष अवसर पर राज्य मुख्यालय मान्यताप्राप्त पत्रकार एसोसिएशन की ओर से विशाल सिंह का भव्य अभिनंदन किया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उन्हें 33 किलो की विशाल माला पहनाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद केक काटकर उत्सव मनाया गया। सूचना निदेशक विशाल सिंह ने स्वयं केक काटा और उपस्थित पत्रकारों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर सभी का स्नेह स्वीकार किया। उन्होंने आत्मीयता के साथ सभी का आभार व्यक्त किया। राज्य मुख्यालय मान्यताप्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष कतील शेख ने कहा, सूचना निदेशक विशाल सिंह एक ऊर्जावान, कर्मठ और दूरदर्शी प्रशासनिक अधिकारी हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे जिम्मेदारी को केवल पद का हिस्सा नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम मानकर काम करते हैं। पत्रकारों के साथ उनका सहज व्यवहार, संवाद के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और विभागीय कार्यों में सक्रियता सराहनीय है। उनके नेतृत्व में सूचना विभाग सरकार और मीडिया के बीच एक मजबूत, प्रभावी और भरोसेमंद संवाद सेतु के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में बनेगी समयबद्ध ऋण कार्ययोजना

- विकसित उत्तर प्रदेश 2047' के विजन के अनुरूप ऋण प्रवाह बढ़ाने और ग्रामीण उद्यमिता को गति देने पर मंथन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और ग्रामीण उद्यमिता को नई गति देने के उद्देश्य से विधान भवन स्थित पारिजात सभागार में वित्त विभाग द्वारा नाबार्ड के सहयोग से राज्य ग्रामीण विकास सम्मेलन-2026 का आयोजन किया गया।

सम्मेलन में 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047' के संकल्प के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत ऋण की पहुंच का दायरा बढ़ाने तथा प्रदेश के 75 जनपदों के लिए ठोस, मापनीय एवं समयबद्ध ऋण कार्ययोजना तैयार करने पर विशेष बल दिया गया।सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि आगामी एक से दो वर्षों के भीतर जिला स्तरीय ऋण योजनाओं को धरातल पर प्रभावी कार्ययोजना में परिवर्तित किया जाएगा। इसके अंतर्गत जनपद एवं विकासखंड स्तर पर स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए जाएंगे और बैंकिंग संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाएगी। पूरी व्यवस्था को पारदर्शी व परिणामपरक बनाए रखने के लिए ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति तथा जिला परामर्शदात्री समिति के माध्यम से नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। सम्मेलन में उभरे प्रमुख निष्कर्षों एवं संस्तुतियों को नाबार्ड के आगामी श्राज्य फोकस पेपर 2027-28श के निर्माण में भी प्रमुखता से समाहित किया जाएगा।कृषि, बागवानी एवं ग्रामीण अवसंरचना के विकास हेतु मियादी ऋण टर्म लोन में वृद्धि तथा कृषि उत्पादों के स्थानीय प्रसंस्करण को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया गया। श्एक जिला, एक मूल्य श्रृंखलाश की अवधारणा को बढ़ावा देने, डिजिटल माध्यमों से छोटे व पट्टेदार किसानों को सुलभ ऋण उपलब्ध कराने तथा किसान उत्पादक संगठनों को बैंक वित्तपोषण से जोडक़र सामूहिक उद्यमिता विकसित करने पर विचार-विमर्श हुआ।

महिला एवं युवा उद्यमिता के क्षेत्र में मात्र ऋण स्वीकृति के स्थान पर उद्यमों की स्थायी स्थापना, सतत संचालन, रोजगार सृजन और आय वृद्धि को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी। पशुपालन क्षेत्र में नाबार्ड की डेयरी विकास योजना को राज्य पशुधन मिशन में शामिल किए जाने तथा विशिष्ट मत्स्य विकास योजना पर चर्चा हुई। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एमएसएमई क्षेत्र को गति देने के लिए कार्यशील पूंजी के साथ-साथ पूंजी निर्माण हेतु मियादी ऋण के विस्तार, सूक्ष्म इकाइयों को लघु व मध्यम उद्यमों के रूप में विकसित करने तथा क्लस्टर आधारित वित्तपोषण को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया।

हम सब उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की भावना के साथ कार्य करें: राज्यपाल

स्वामी शुकदेवानंद विवि का राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया भ्रमण

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।





उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। मुख्य द्वार पर पहुंचते ही कुलपति प्रोफेसर पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, वित्त अधिकारी अर्चना त्रिपाठी एवं कुलसचिव वी. के. मौर्य ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसी के साथ वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ अनुराग अग्रवाल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो कमलेश गौतम एवं कुलानुशासक डॉ आलोक कुमार सिंह ने भी राज्यपाल को पुष्पकलिका भेंटकर अभिनंदन किया। इसके उपरांत राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित ब्रह्मलीन स्वामी शुकदेवानंद के मंदिर पर पूजन अर्चन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कुलपति, वित्त अधिकारी, कुलसचिव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, कुलानुशासक एवं समस्त संकायाध्यक्षों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का संचालन पूर्ण पारदर्शिता एवं सुस्पष्ट कार्ययोजना के अनुसार होना चाहिए। प्रवेश परीक्षा एवं अन्य सभी प्रशासनिक कार्य नियमित एवं समयबद्ध होने चाहिए। स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के उच्चीकरण के फलस्वरुप नवनिर्मित स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के इतिहास से अवगत होते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को आत्मनिर्भर विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करना सभी का प्रथम लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता होनी चाहिए। विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाएं एवं परीक्षा में उनके द्वारा किए गए प्रदर्शन से उन्हें त्रुटियों से परिचित कराते हुए अवगत कराया जाना चाहिए। ऐसे विद्यार्थी जो अध्ययन में कमजोर हैं, उनके लिए विशेष मार्गदर्शन के साथ-साथ अभिभावकों से भी संवाद किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय में वर्तमान एवं प्रस्तावित पदों की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा शीघ्र ही विश्वविद्यालय को शिक्षक, विद्यार्थी, अवसंरचना एवं प्रत्येक मामले में एक सुव्यवस्थित विश्वविद्यालय का रूप दिया जाना चाहिए। बैठक में कला संकायाध्यक्ष प्रो आलोक मिश्र, विधि संकायाध्यक्ष प्रो आदित्य सिंह, शिक्षक शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो मीना शर्मा, वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो देवेंद्र सिंह एवं विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो अरीब अंजुम रहमान उपस्थिति रहीं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विद्यार्थियों से संवाद: सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि से हुआ। श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ की छात्र-छात्राओं के द्वारा मां सरस्वती की वंदना एवं राष्ट्रगीत प्रस्तुत किया गया। विशेष प्रस्तुति में कक्षा 11 की छात्राओं के द्वारा गुजराती नृत्य गरबा एवं नृत्य कत्थक का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। कुलपति के द्वारा कुलाधिपति को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कुलाधिपति ने भारत माता की जय के साथ अपना संबोधन आरंभ किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में प्रत्येक व्यक्ति के लिए शिक्षा नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने से भी कहीं अधिक आवश्यक यह है कि शिक्षा को व्यावहारिक जीवन में भी उतारा जाए। उन्होंने कहा कि आज प्रयोगशालाओं को इस ढंग से उन्नत बनाने की आवश्यकता है कि वहां पर वास्तविक परीक्षण किए जा सकें। नशे से मुक्ति पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के खिलाफ व्यापक अभियान चलाना शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों का भी दायित्व है। उन्होंने कहा कि भारत स्वस्थ तभी बन सकेगा जबकि वह नशा मुक्त होगा। विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि आपको अंतरिक्ष की ऊंचाइयों और समुद्र की गहराइयों तक पहुंचकर शोध करना है। विद्यार्थियों के लिए कक्षाओं में उपस्थिति पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की उपस्थिति 75 प्रतिशत से अधिक होनी ही चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि स्वावलंबन आज के समय की बहुत बड़ी मांग है। इस मौके पर उन्होंने निर्देशन देते हुए कहा कि नैक मूल्यांकन के लिए विश्वविद्यालय को अभी से तैयारी प्रारंभ कर देनी चाहिए। उत्तरोत्तर गुणवत्ता में सुधार करते हुए विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख बनाने का प्रयास करना चाहिए। छात्राओं की अपेक्षाकृत अधिक उपस्थिति की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि निस्संदेह छात्राएं आज अथक परिश्रम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को विषम से विषम परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सब उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की भावना के साथ कार्य करें। अंत में उन्होंने कहा कि आपका विश्वविद्यालय एक आदर्श विश्वविद्यालय बने, ऐसी शुभकामना है। अपर मुख्य सचिव श्री सुधीर एम बोबडे ने विद्यार्थियों को डिजिटलाइजेशन के दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे नवीन क्षेत्रों की ओर उन्मुख होने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में कुलपति ने राज्यपाल द्वारा दिए गए सुझावों को पूर्ण करने का वचन देते हुए उनके विश्वविद्यालय में आगमन हेतु आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, डॉ जयशंकर ओझा, डा मेघना मेंहदीरत्ता आदि उपस्थित रहे। डॉ बरखा सक्सेना के संचालन में हुए कार्यक्रम में डॉ कविता भटनागर, डॉ अपर्णा त्रिपाठी एवं डॉ नमिता शुक्ला आदि का सहयोग रहा। उधर राज्यपाल के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विवि परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के साथ कुलपति प्रो पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, एनसीसी अधिकारी डॉ आलोक सिंह तथा एनसीसी के कैडेट शामिल रहे। भ्रमण के अंत में राज्यपाल ने पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती से औपचारिक भेंट की। इस दौरान प्रमोद चंद्र सेठ, अशोक अग्रवाल, सुरेश सिंघल, एडवोकेट फिरोज हसन खान आदि उपस्थित रहे। स्वामी जी से भेंट के उपरांत वे हेलीपैड के लिए रवाना हुईं। भ्रमण के दौरान विवि में अपर मुख्य सचिव सुधीर बोबडे, एडीसी आर्मी मेजर गरिमा यादव, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्र, एडीएम एफआर अरविंद कुमार, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार सहित जिले के सभी अधिकारी एवं विवि के समस्त शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

वाचनालय व अतिगोपनीय कक्ष का राज्यपाल ने किया लोकार्पण

राज्यपाल महोदया ने विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम पुस्तकालय में भ्रमण करते हुए संग्रहीत दुर्लभ पांडुलिपियों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ऐसी पुस्तकों को विशेष रूप से संरक्षित किया जाए। उन्होंने उपलब्ध पुस्तकों को ऑनलाइन करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने ई-बुक्स, ई-जर्नल्स एवं विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर सुविधा को और अधिक प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। इस क्रम में उन्होंने विवि स्थित वाचनालय एवं अतिगोपनीय कक्ष का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर पुस्तकालय प्रभारी डॉ मनोज अग्रवाल एवं श्री चंद्रभान त्रिपाठी उपस्थित रहे। विज्ञान की प्रयोगशालाओं में भ्रमण करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया एवं उन्हें कैरियर संबंधी दिशानिर्देश भी दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी के उभरते हुए क्षेत्रों जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्पेस तकनीकी आदि में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने प्रयोगशालाओं की व्यवस्था का निरीक्षण किया एवं विद्यार्थियों से प्रयोगों के संबंध में प्रश्न भी किए। विद्यार्थियों को स्वस्थ खानपान पर जोर देते हुए होने सभी विभागों को विद्यार्थियों की सुविधा हेतु विभागीय पुस्तकालय विकसित करने का भी निर्देश दिया।

गर्रा नदी में छोड़ी गईं 50 हजार मछली अंगुलिकाएं, रिवर रैन्चिंग कार्यक्रम आयोजित

शाहजहांपुर। राज्य सरकार द्वारा संचालित रिवर रैन्चिंग कार्यक्रम के तहत सोमवार को गर्रा नदी में मत्स्य संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन के उद्देश्य से 50 हजार मत्स्य अंगुलिकाओं को नदी में छोड़ा गया। कार्यक्रम का आयोजन पंचमुखी हनुमान मंदिर राजघाट पर किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने मछली अंगुलिकाओं को नदी में संचय कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा ने

जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने किया शुभारंभ

उपस्थित मत्स्य पालकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष, मोपेड विद आइस बॉक्स परियोजना, एरियेशन सिस्टम योजना, मत्स्य पालन केसीसी ऋण और निशुल्क मछुआ दुर्घटना बीमा आदि के बारे में विस्तार से बताया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में लोगों से मत्स्य पालन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रिवर रैन्चिंग कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नदियों में मत्स्य संपदा को बढ़ाना है। कार्यक्रम में ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक संजीव कुमार दोहरे, निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष रामबाबू कश्यप, प्रगतिशील मत्स्य पालक राजपाल कश्यप, संतोष वरिष्ठ सहायक सहित बड़ी संख्या में मत्स्य पालक उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी का शव फंदे से लटका मिला



जलालाबाद, शाहजहांपुर। थाना परशुरामपुरी क्षेत्र के गांव कुरेवंडा में मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में 16 वर्षीय युवती का शव फंदे से लटका मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गांव निवासी तुलाराम की पुत्री प्रियांशी सोमवार देर रात करीब 1 बजे घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने पूरी रात उसकी तलाश की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार सुबह गांव के कुछ लोग अपने खेतों की ओर गए तो उन्होंने एक खेत में बने ट्यूबवेल के समर पर युवती का शव लटका देखा। इसकी सूचना फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान प्रियांशी के रूप में की। बताया जा रहा है कि युवती का शव दुपट्टे के सहारे लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही थाना प्रभारी परशुरामपुरी को भी मामले की सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। युवती की मौत के कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा।

हाइवे पर ट्राला की टक्कर से सेब भरा ट्रक पलटा



तिलहर, शाहजहांपुर। हाइवे पर ट्राला के ओवरटेक करने के दौरान सेब से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद सड़क पर बिखरी सेब की पेटियों की लूट मच गई । दुर्घटना के कारण हाइवे पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को सड़क से किनारे करवाकर यातायात सुचारू कराया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे जम्मू के ग्राम कठवा निवासी मोहनलाल अपने बड़े भाई बलवीर कुमार के साथ कश्मीर के सुमबल से सेब भरकर सुल्तानपुर जा रहे थे। इसी दौरान तिलहर हाइवे पर कछियानी खेड़ा स्थित हनुमान मंदिर के समीप पीछे से आ रहे एक ट्राला के ओवरटेक करने से ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया । हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर सेब की पेटियां बिखर गईं । वहीं ट्रक में फंसे चालक बंधुओं को बाहर निकालने के बजाय लोग सेब की पेटियां उठाने में मशगूल हो गए। गनीमत रही कि हादसे में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पलटे ट्रक को सड़क से किनारे करवाया जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका। ट्रक चालक मोहनलाल ने बताया कि सड़क पर बिखरे कई क्विंटल सेब राहगीर उठा ले गए।

आरोप: सभासदों के निजी कार्यों में लगे सफाईकर्मी

जलालाबाद, शाहजहांपुर। नगर पालिका परिषद में सफाई व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। वार्डों में सफाई कर्मचारी तैनात होने के बावजूद कई मोहल्लों में गंदगी और नालियों की सफाई न होने की शिकायतें आम हैं। मोहल्ला गांधी नगर में गंदगी का भरमार है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सफाई के लिए कहने पर कर्मचारी जवाब देते हैं कि अभी सभासद का काम करना है, उसके बाद ही यहां सफाई होगी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी नगर की स्वच्छता के लिए है या जनप्रतिनिधियों के निजी कार्यों के लिए। नगर पालिका प्रशासन को चाहिए कि यदि सभासदों को व्यक्तिगत कार्यों के लिए कर्मचारी चाहिए तो अलग व्यवस्था की जाए। प्रत्येक सभासद को एक-एक कर्मचारी निजी कार्यों के लिए देने के बजाय सार्वजनिक सफाई को प्राथमिकता दी जाए, ताकि आम लोगों को गंदगी और बजबजाती नालियों से निजात मिल सके।

बच्चों ने थाना, डाकघर और बैंक की कार्यप्रणाली समझी



हरि कौशल त्यागी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

सुरक्षा से लेकर बचत व साइबर अपराध तक की ली जानकारी

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

मिशन शक्ति अभियान के तहत हरि कौशल त्यागी पब्लिक स्कूल रोजा के विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और जागरूकता प्रदान करने के उद्देश्य से मंगलवार को भावलखेड़ा के डाकघर और बैंक का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली समझने के साथ ही डाक सेवाओं और बैंकिंग व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण की शुरुआत रोजा कोतवाली से हुई। यहां थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक यशपाल सिंह, हेड कांस्टेबल संजीत चैधरी और महिला कांस्टेबल ऋतु ने बच्चों को मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क और बाल मित्र केंद्र के बारे में बताया। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देते हुए बच्चों को किसी भी परेशानी में बिना डरे पुलिस की मदद लेने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने उप डाकघर रोजा का भ्रमण किया। यहां एसपीएम रमनेश, बीपीएम सचिन वर्मा, आकाश पाठक और हरिशंकर अग्निहोत्री ने चिट्ठी, रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, पार्सल और मनीऑर्डर सहित विभिन्न डाक सेवाओं की जानकारी दी। बच्चों ने डाक पेटी और डाकघर में संचालित आधार सेवा केंद्र के बारे में भी जाना। अंत में विद्यार्थियों ने जिला सहकारी बैंक की रोजा शाखा का भ्रमण किया। बैंक प्रबंधक सौरभ मिश्रा ने खाता खोलने, रुपये जमा करने और निकालने, बचत के महत्व, ब्याज तथा वित्तीय साक्षरता के बारे में समझाया। साथ ही साइबर सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि भ्रमण का उद्देश्य विशेष रूप से बालिकाओं को सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता और सरकारी सेवाओं की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनाना है। इस दौरान शिक्षिकाएं सुमन, दीक्षा बाजपेयी, प्रज्ञा सक्सेना, शिक्षक अनुराग त्यागी, मयंक मिश्रा, सृष्टि और रवींद्र सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन ने तीनों विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार जताया।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में संविधान की प्रस्तावना पर क्विज प्रतियोगिता



शाहजहांपुर। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में सोमवार को भारतीय संविधान की प्रस्तावना पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को संविधान के मूल सिद्धांतों और मौलिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर संविधान से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रमन हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि शिवाजी हाउस उपविजेता रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राकेश यादव, निदेशक आदित्य यादव और आकाश यादव मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को संविधान के मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए।

राम भरोसे व्यवस्था: धान तुलवाने के लिए देना पड़ रहा धरना

पुवायां में किसान ने ट्राली लगाकर मंडी गेट पर दिया धरना, लगाए गंभीर आरोप

पुवायां, शाहजहांपुर। पुवायां मंडी में धान की तौल न होने से नाराज एक किसान मंगलवार सुबह मंडी गेट पर धरने पर बैठ गया। किसान ने मंडी के मुख्य प्रवेश द्वार पर ट्रॉली खड़ी कर अन्य गाड़ियों की आवाजाही रोक दी, जिससे हड़कंप मच गया। पीड़ित किसान अमरपाल बंडा थाना क्षेत्र के कैथ जमीन बेहड़ा गांव का निवासी है। वह सोमवार को दो ट्रॉली धान लेकर मंडी पहुंचा था, जहां अधिकारियों ने फसल का सत्यापन कराने की बात कहकर तौल रोक दी। परेशान किसान मंगलवार दोपहर 12 बजे मंडी गेट पर धरने पर बैठ गया। अमरपाल ने आरोप लगाया कि उसने गांव में विकास कार्यों में धांधली को लेकर ग्राम प्रधान की शिकायत की थी, इसी रंजिश के चलते लेखपाल और प्रधान ने मिलकर उसका सत्यापन नहीं होने दिया। धरने पर बैठे किसान ने मंडी व्यवस्था पर बेहद गंभीर आरोप लगाए। अमरपाल ने कहा कि पुवायां मंडी में असली किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है और अधिकारियों की शह पर माफियाओं का धान आसानी से तौला जा रहा है। किसान के मुताबिक मंडी में महज 10 प्रतिशत असली किसानों का धान खरीदा जा रहा है, जबकि बाकी खरीद दलालों के माध्यम से फर्जी अंगूठे लगवाकर दिखाई जा रही है। मजबूरी में किसानों को बिचैलियों को कम दाम पर धान बेचना पड़ रहा है। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस और मंडी अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुवायां एसडीएम और मंडी सचिव ने इसे तकनीकी समस्या बताया, वहीं मौके पर पहुंचे लेखपाल ने दावा किया कि सत्यापन किया जा चुका है, लेकिन सर्वर समस्या के कारण ऑनलाइन नहीं दिख रहा है। पुलिस ने किसान को समझा-बुझाकर 2 बजे तक प्रक्रिया शुरू कराने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

मुंबई के विजय रामपाल ने सपरिवार रुद्रपुर गुरुकुल में बनवाये छात्रावास का किया उद्घाटन

पंचम महोत्सव में दूर दराज से पहुंचे संत

आर्य विद्वानों व भजनोपदेशकों ने किया सहभाग

समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।



गुरुकुल रुद्रपुर में आयोजित पंचम महोत्सव में यज्ञ, प्रवचन व धर्म मत चर्चा के साथ ही ब्रह्मचारियों के विभिन्न करतब देख दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। एक नवंबर से शुरू हुए महोत्सव में तीन दिनों तक सुबह की बेला में योग, वेदाचार्य आर्येंद्र कुमार द्वारा यज्ञ व आर्य विद्वानों द्वारा प्रवचन के बाद अपरान्ह बेला में धर्ममत पर चर्चा की गई। जिसमें वैदिक सत्य सनातन धर्म की परम्परा को आत्म सात करने पर बल दिया गया। वहीं भजनोपदेशकों ने भजनों के माध्यम से देश धर्म और देश भक्ति से सराबोर किया। मुंबई से कर्नल रमेश रामपाल , उनकी धर्म पत्नी विंदु रमेश रामपाल व पुत्र वधु अनुजा रामपाल के साथ गुरुकुल महोत्सव में पहुंचे विजय रामपाल ने अपनी स्व धर्मपत्नी सुनीता रामपाल की चिर स्मृति में बनवाये छात्रावास का सोमवार रात करीब नौ बजे शिलापट अनावरण कर उदघाटन करते हुए गुरुकुल को समर्पित किया । उन्होंने बताया कि वह काफी अरसे पूर्व गुरुकुल संचालक अनुभव आर्य के संपर्क में आए। छात्रावास उदघाट्न की बाबत उन्होंने बताया कि दो नवंबर 2017 को सेना में उनके बेटे कैप्टन अनिकेत शहीद हुए थे। इसी लिए बेटे अनिकेत की यादगार में उनकी दिवंगत मां सुनीता रामपाल के नाम से बनवाए गए छात्रावास का उद्घाटन किया गया। गुरुकुल संचालक अनुभव आर्य ने बताया कि महामना रामपाल परिवार की ओर से गुरुकुल की खेती सेवा में ट्रैक्टर व कृषि संयत्र भी भेंट किए गए हैं। श्री आर्य ने उक्त परिवार करीब 40 लाख रुपए लागत का गुरुकुल को सहयोग समर्पित किया जाना बताते हुए महामना परिवार का आभार जताया। कार्यक्रम में गुरुकुल को पूर्ण जीवन समर्पित वहन कुमारी श्री, वेदाचार्य आर्येंद्र कुमार, कुलपति विजेंद्र नाथ गुप्ता, गुरुकुल परिवार की वहन गायत्री स्नातिका, प्रधानाचार्या अंजली आर्य समेत गुरुकुल परिवार शामिल रहा।

एंबुलेंस व ट्रक की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर

हाइवे पर जाम के चलते रांग साइड एंबुलेंस जाने पर हुआ हादसा

समृद्धि न्यूज, तिलहर, शाहजहांपुर।



हाइवे पर एंबुलेंस और ट्रक की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई । हादसे में एंबुलेंस सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद भीषण जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाने के साथ यातायात सुचारू कराया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को मोहम्मदी निवासी वरुण बाजपेई अपनी पत्नी अनामिका और दो माह की बेटी के साथ शाहजहांपुर स्थित कपूर हॉस्पिटल से बरेली के रवि खन्ना हॉस्पिटल की एंबुलेंस से बरेली जा रहे थे। बच्ची की हालत नाजुक होने के कारण उसे एंबुलेंस में वेंटिलेटर पर रखा गया था। बताते हैं कि कच्छियानी खेड़ा हनुमान मंदिर के पास हाइवे पर जाम लगा होने के कारण एंबुलेंस रांग साइड से निकल रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। जिससे ट्रक व एंबुलेंस के अगले हिस्सों के परखच्चे उड़ गए। वहीं हाइवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दूसरी एंबुलेंस बुलाकर बच्ची को बरेली के निजी अस्पताल भिजवाया। वहीं घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाकर यातायात सुचारू कराया।

विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

कुलपति व कुलसचिव पर शिक्षकों के समायोजन में रुपये मांगने का आरोप

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में कथित भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं, बढ़ती फीस और शैक्षणिक व्यवस्था की बदहाली के खिलाफ युवा कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया। मंगलवार को युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति के नाम ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय जांच और कुलपति को पद से हटाने की मांग की। हालांकि, ज्ञापन देने जा रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रास्ते में रोक लिया और चैकी अजीजगंज ले गई। जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन सोमवार से ही उनके आवास के बाहर निगरानी कर रहा था। मंगलवार सुबह जब वह कार्यकर्ताओं के साथ राज्यपाल को ज्ञापन देने निकले तो पुलिसकर्मियों ने अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद चैकी इंचार्ज सुशांत सिंह रावत मौके पर पहुंचे। सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत से वार्ता के बाद भी जब कार्यकर्ता आगे बढ़े तो पुलिस ने रास्ता रोककर उन्हें चैकी अजीजगंज पहुंचा दिया। बाद में तहसीलदार न्यायिक राघवेश मणि त्रिपाठी और कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने कार्यकर्ताओं से वार्ता कर ज्ञापन प्राप्त किया। राम जी अवस्थी ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में कुलपति और कुलसचिव की कार्यप्रणाली से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। शिक्षकों के समायोजन के नाम पर 15 से 25 लाख रुपये तक मांगे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का शैक्षणिक सत्र 22 अक्टूबर को शुरू हुआ और दिसंबर में परीक्षाएं कराने की तैयारी है। इतने कम समय में पाठ्यक्रम पूरा होना और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना संभव नहीं है। यह विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने राज्यपाल से पूरे मामले की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराने, शिक्षकों के समायोजन में धन मांगने की शिकायतों की पड़ताल करने और कुलपति को तत्काल पद से हटाने की मांग की। चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेश और जिला स्तर पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष शोभित मिश्रा ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में इस तरह की शिकायतें बेहद चिंताजनक हैं। जिला मीडिया प्रभारी अनुभव ने पुलिस की कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए आंदोलन जारी रखने की बात कही। इस दौरान शिवओम मिश्रा, हिमांशु मुद्गल, अंकुर दीक्षित, रजनीश वर्मा, नितिन तिवारी, प्रशांत कुमार, सुधांशु मिश्रा, शिवांश कुमार, केशव मिश्रा, जितेंद्र पाल, दीपांश वर्मा और हर्षित सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रिश्ते का खूनः पत्नी की गोली मार कर हत्या

मायके से सुबह ही ससुराल लौटी थी रेश्मा, दोपहर में पति से हुआ विवाद

घटना के बाद आरोपी पति हिरासत में, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

समृद्धि न्यूज, निगोही, शाहजहांपुर।



थाना निगोही क्षेत्र के त्रिलोकपुरी गांव में मंगलवार दोपहर दिल दहला देने वाली वारदात हुई। मामूली घरेलू विवाद में पति ने अपनी 22 वर्षीय पत्नी की तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद मायके पक्ष को जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गांव त्रिलोकपुरी निवासी शिवम की तीन साल पहले रेश्मा (22) के साथ शादी हुई थी है। रेशमा का मायका थाना निगोही के ही चैड़ेरा गांव में है। परिजनों के मुताबिक शादी के कुछ समय बाद से ही पति-पत्नी के बीच घरेलू कलह शुरू हो गई थी। अक्सर दोनों के बीच विवाद होता रहता था, जिसके चलते रेश्मा कई बार मायके चली जाती थी। मंगलवार सुबह ही रेश्मा अपने मायके से ससुराल लौटी थी। दोपहर करीब 1 बजे घर में एक बार फिर पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि गुस्से में आए शिवम ने घर में रखे तमंचे से पत्नी पर फायर कर दिया। गोली लगते ही रेश्मा खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़ी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गोली की आवाज सुनते ही आस-पड़ोस के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। घर के अंदर का दृश्य देखकर सभी सन्न रह गए। घटना की सूचना तुरंत मृतका के मायके पक्ष और पुलिस को दी गई। बेटी की मौत की खबर सुनकर मायके वालों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। सूचना मिलते ही सीओ सदर शुभम वर्मा भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल को घेरकर निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी पति शिवम को मौके से ही हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। हत्या में प्रयुक्त असलहे की भी तलाश की जा रही है। इस संबंध में एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला घरेलू विवाद का लग रहा है। पति-पत्नी के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। आरोपी को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बाइक चोरी की अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

तिलहर-शाहजहांपुर। चाय पीने के लिए बाइक खड़ी कर पानी पीने गए युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक ग्राम गोपालपुर निवासी वीरपाल ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 20 अक्टूबर 2026 को रात करीब आठ बजे वह अपनी टीवीएस राइडर बाइक से शाहजहांपुर से घर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम गुलामखेड़ा मोड़ स्थित चाय के होटल के सामने उसने जल्दबाजी में बाइक खड़ी कर दी। बाइक में चाबी लगी छोड़कर वह पानी पीने चला गया। इसी बीच कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने काफी तलाश की लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अनुपस्थित अभियंताओं का स्पष्टीकरण तलब, कटेगा एक दिन का वेतन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर निगम में राज्य सेक्टर योजना के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय में की। अनुपस्थित अभियंताओं का स्पष्टीकरण तलब करते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। डीएम ने वार्डवार सीसी रोड निर्माण एवं हॉटमिक्स रोड निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों के लिए तिथियां निर्धारित की। अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं। निर्माणाधीन कार्यों का थर्ड पार्टी सत्यापन भी नियमित रूप से कराया जाए। सीवर एवं गैस पाइपलाइन डालने का कार्य पूर्ण होने के बाद ही संबंधित सड़कों का निर्माण कराया जाए, जिससे सड़कों को बार बार खोदने की स्थिति उत्पन्न न हो। हॉटमिक्स सड़कों की प्रगति समीक्षा करते हुए सभी कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।डीएम ने कार्यदायी संस्था सीएनडीएस द्वारा नक्षत्रशाला, मल्टीलेवल कार पार्किंग एवं कन्वेंशन सेंटर के निर्माण कार्यों की जानकारी ली। कार्यों में तेजी लाते हुए उन्हें समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी सहित अन्य अधिकारी व अधिशासी अभियंता मौजूद रहे।

ज्ञापन देने जा रहे पीड़ित को किया हाउस अरेस्ट

कांट, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के मल्हपुर गांव निवासी बलवीर शुक्ला के पुत्रों के साथ दो माह पूर्व गांव के कुछ लोगों ने मारपीट की थी। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई। जिसके बाद पुलिस ने मारपीट एवं हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। दो माह बाद भी पुलिस इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकी। जबकि पीड़ित द्वारा कई बार एसपी को प्रार्थना पत्र देकर गिरफ्तारी की मांग की गई।लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित मंगलवार को यूनिवर्सिटी में आई राज्यपाल को ज्ञापन देना चाहता था।इससे पहले ही मंगलवार की सुबह उसे हाउस अरेस्ट कर लिया गया।

हजरत हातिम अली शाह का 53वां उर्स शरीफ़ आज से

तिलहर - शाहजहांपुर। नगर के प्रसिद्ध बुजुर्ग हजरत हाजी हाफिज मोहम्मद हातिम अली शाह मियां के 53वां सालाना तीन दिनी उर्स शरीफ की सभी तैयारी मुकम्मल कर ली गई है । उर्स शरीफ़ चार नवंबर से शुरू हो कर 6 नवम्बर को कुल शरीफ के साथ संपन्न होगा । कल (आज) रात 8 बजे से अखिल भारतीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने जानकारी देते हुए बताया चार नवंबर की रात में ऑल इंडिया मुशायरा कवि सम्मेलन होगा जिसमें चांद खान चांद भोपाल , नफीस सीतापुरी, माहिर मध्य प्रदेश, मुफीद कन्नौज, नसीम मुंह फट झांसी, जीशान नोमानी, अरुण शर्मा दिल्ली, निजाम बहराइच, वाकर ज़ैदी,डॉ बृजभूषण, निर्दोष कुमार बिन, आदि मशहूर शायरों को आमंत्रित किया गया है5 नवंबर को सुबह 10 बजे से चादर गश्त रात में 8 से जलसा ईद मिलादुन्नबी उसके बाद कव्वाली 6 नवंबर को सुबह साढ़े दस बजे कुल शरीफ होगा । बाद में कव्वाली होंगे और रात में 8 बजे से कव्वाली का प्रोग्राम होगा जलसा में कारी फुरकान रज़ा नूरी बीसलपुर, शायर मोहम्मद रज़ा बरकाती बरेली, रेहान रज़ा मरकजी बरेली, ताज रज़ा बरेली, मौलाना इरशाद हुसैन बरेली, मोहम्मद रज़ा फैजी, को आमंत्रित किया गया है और वसीम वारसी कव्वाल, शमीम वारसी कव्वाल, वसीम चिश्ती कव्वाल मुरादाबाद प्रोग्राम पेश करेंगे उन्होंने लोगों से शिरकत करने की अपील की है।

दो दिवसीय दीपावली मेले का हुआ आयोजन

कृभको के प्रबंध निदेशक ने किया मेले का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



कृभको नगर में प्रगति महिला मंडल के तत्वावधान में 31 अक्टूबर और 1 नवम्बर को दो दिवसीय दीपावली मेले का भव्य आयोजन किया गया। दीपावली के उल्लास और उमंग से सराबोर इस मेले का शुभारंभ 31 अक्टूबर को सायंकाल मुख्य अतिथि रवि कुमार चोपड़ा प्रबंध निदेशक कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड तथा विशिष्ट अतिथियों हीरा नंद मुख्य वित्त अधिकारी एवं विजय कुमार बांगर निदेशक तकनीकी, कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। मेले में नगरवासियों के मनोरंजन एवं उत्साह को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के फन गेम्स, बच्चों के लिए आकर्षक झूले तथा खानपान एवं अन्य वस्तुओं के स्टॉल लगाए गए। मेले में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दीपावली के इस उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। मेले के प्रमुख प्रायोजक के रूप में गेल इंडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गेल इंडिया के सहयोग से मेले का आयोजन भव्य एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसके अतिरिक्त, कंपनी के कर्मचारियों एवं विभिन्न वेंडरों ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। मेले का विशेष आकर्षण लकी ड्रॉ रहा, जिसमें प्रतिभागियों को एलईडी टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन एवं वाटर प्यूरीफायर सहित अनेक आकर्षक पुरस्कार जीतने का अवसर मिला। लकी ड्रॉ को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस दो दिवसीय आयोजन ने कृभको नगर के निवासियों को एक साथ मिलकर दीपावली की खुशियां मनाने का अवसर प्रदान किया। मेले ने आपसी सौहार्द, सामुदायिक सहभागिता एवं उत्सव की भावना को और मजबूत किया। प्रगति महिला मंडल के इस सराहनीय प्रयास की नगरवासियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

रावण वध व श्रीराम के राज्याभिषेक के बाद श्रीरामलीला मेले का समापन

धू-धू कर जला रावण का पुतला

मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर। कस्बे में चल रहे श्रीरामलीला मेले का रावण वध और प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक की लीलाओं के मंचन के बाद समापन हो गया। मेले में रावण वध और पुतला दहन देखने के लिए उमड़ी ग्रामीणों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए थानाध्यक्ष मनोज कुमार गौतम भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके ओर मौजूद रहे। कस्बे के रामलीला ग्राउंड में बीते 25 अक्टूबर से चल रहे श्रीरामलीला मंचन में कलाकारों ने श्रीराम की लीलाओं का सजीव मंचन कर दर्शकों को प्रभु श्रीराम का आचरण अपनाने तथा अत्याचारियों और अधर्म मार्ग पर चलने वाले राक्षसी प्रवृति के लोगों को रावण की तरह पूरे कुनवे को नष्ट हो जाने का संदेश दिया। रामलीला ग्राउंड में लगाए गए 22 फिट ऊंचे रावण के पुतले के समीप प्रभु श्रीराम की वानर सेना और रक्षसराज रावण की राक्षसी सेना के बीच तीर तलवारों और आग्नेय वाणों से हुए भयंकर युद्ध में रावण का वध होते देखकर दर्शकों की भीड़ में लगे जय श्रीराम के नारों से मेला क्षेत्र गूंज गया। रावण वध और रावण के पुतला दहन के बाद रामलीला मंच पर प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया। मेला कमेटी के राघवेंद्र सिंह रघुवंशी, सत्यवीर सिंह यादव, राकेश कुमार पालीवाल, अजय वर्मा आदि ने प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक में लक्ष्मण, वीर हनुमान और माता सीता की आरती कर तिलक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की धनराशि प्राप्त होने से लाभार्थी महिलाओं के खिले चेहरे



समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी योजना के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना तथा जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभागार में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं ने देखा और सुना। इसके उपरांत वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जिलाधिकारी ने निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल हेतु सब्सिडी के रूप में प्राप्त धनराशि के प्रतीकात्मक चेक लाभार्थियों को वितरित किए तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष 2022 में सरकार द्वारा यह घोषणा की गई थी कि होली एवं दीपावली के अवसर पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को एक-एक निःशुल्क गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा दीपावली के अवसर पर प्रदेश के 3 लाख 62 हजार 374 उज्ज्वला लाभार्थियों को यह सौगात दी गई है। लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी की धनराशि अंतरित की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गरीबों एवं जरूरतमंदों के जीवन में खुशियां लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री गरीब परिवारों की कठिनाइयों को भली-भांति समझते हैं। इसी संवेदनशीलता के दृष्टिगत उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार से पूर्व निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों एवं समुदायों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि गरीब से गरीब व्यक्ति के घर में भी दीपावली, होली एवं अन्य त्योहार खुशहाली और उल्लास के साथ मनाए जा सकें। कार्यक्रम में जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं।

गिरफ्तारी के आश्वासन पर 20 घंटे बाद अंतिम संस्कार को राजी हुए परिजन

चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तारी न होने से थे नाराज, गांव में पुलिस रही तैनात

समृद्धि न्यूज, खुटार, शाहजहांपुर।



थाना क्षेत्र के गांव तुलापुर में युवक की मौत के मामले में नामजद चार आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित परिजनों ने अंतिम संस्कार रोक दिया। करीब 20 घंटे तक चले घटनाक्रम के बाद थाना प्रभारी लोकेन्द्र कुमार द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिए जाने पर परिजन अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार हुए। गांव निवासी रामकिशोर की तहरीर पर पुलिस ने बताया कि कुलदीप उर्फ मोनू और उसके भतीजे बालेश की पत्नी के चरित्र को लेकर कथित रूप से बदनाम कर रहे थे। रविवार सुबह करीब नौ बजे रामकिशोर के पुत्र विपिन ने इसका विरोध किया। आरोप है कि इसी बात को लेकर संजय शुक्ला, तरुण शुक्ला, विवेक कुमार और कुलदीप उर्फ मोनू ने एकजुट होकर विपिन के साथ धारदार हथियार से मारपीट की और उसे जबरन जहरीला पदार्थ पिला दिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन विपिन को उपचार के लिए पीलीभीत के एक निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही सीओ पुवायां प्रवीण मलिक के निर्देश पर खुटार इंस्पेक्टर लोकेन्द्र कुमार पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और स्थिति पर नजर बनाए रखी। पुवायां इंस्पेक्टर आरके रावत भी पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। खुटार इंस्पेक्टर लोकेन्द्र कुमार ने आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, जिसके बाद करीब 20 घंटे बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात रहा।

कंबाइन की टक्कर से महिला गंभीर घायल, चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

तिलहर-शाहजहांपुर। कंबाइन की टक्कर से एक महिला व उसका बेटा घायल हो गया । घायल के पति ने कंबाइन चालक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक ग्राम मरक्का निवासी शिवशरण ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि शनिवार सुबह करीब 11 बजे उनकी 40 वर्षीय पत्नी कमला देवी अपने बेटे पुष्पेंद्र के साथ बाइक से ब्लॉक में ट्रेनिंग करने जा रही थीं। इसी दौरान रुजवारी रोड पर कंबाइन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मां-बेटे सड़क पर गिर गए। इस दौरान कंबाइन का पहिया कमला देवी के ऊपर से गुजर गया जिससे उनकी कमर में फ्रैक्चर हो गया, जबकि बेटे के पैर में चोट आई। पीड़ित ने कंबाइन चालक नवी हसन पुत्र मेंहदी हसन निवासी खनपुरा सलेमाबाद पट्टी पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत, परिवार में मचा कोहराम

रोजा-शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के मोहम्मदी रोड पर मुकरमपुर के पास मंगलवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, लखीमपुर खीरी जिले के पसगवां थाना क्षेत्र के गांव नारायणपुर मछेछा निवासी रामबेटी (60) मंगलवार को मुकरमपुर के पास थीं। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मेमो मिलने के बाद रोजा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि हादसे की जानकारी मिली है। टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है। मंगलवार शाम तक घटना के संबंध में पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली थी।

ई-लॉटरी प्रक्रिया में 18 कृषकों का चयन



समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि यंत्रीकरण योजनान्तर्गत कृषि यंत्रों के चयनन को ई-लॉटरी जनपद स्तर पर गठित कार्यकारी समिति एवं कृषकों एवं कृषकों की उपस्थिति में आयोजित की गयी। जिसमें विकास खण्डों से 80 कृषकों द्वारा आवेदन किया गया, जिनमें से लक्ष्यानुसार 18 कृषकों के चयन हेतु ई-लॉटरी प्रक्रिया की गयी। ई-लाटरी में चयनित कृषकों को उनके मोबाइल नम्बर पर एसएमएस के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड की अन्तिम तिथि की सूचना पोर्टल के माध्यम से दी गयी है। चयनित लाभार्थी द्वारा निर्धारित समयाविध में यंत्र क्रय कर बिल अपलोड न करने की दशा में उसका आवेदन स्वतः ही निरस्त हो जाएगा। ई-लाटरी प्रक्रिया में उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी के प्रतिनिधि, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी के प्रतिनिधि, प्रगतिशील कृषक एवं कृषक उपस्थिति रहें।

डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 5.0 शुरू

- **मोबाइल के कैमरे से चेहरे का सत्यापन कर पेंशनर करा सकेंगे प्रमाणीकरण**
- **30 नवंबर तक चलेगा अभियान**

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

पेंशन पाने के लिए अब बुजुर्गों को हर साल स्वयं कोषागार या बैंक पहुंचकर जीवित होने का प्रमाण देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। घर बैठे स्मार्टफोन से ही उनका डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र तैयार हो सकेगा। मोबाइल के कैमरे से चेहरे का सत्यापन कराकर पेंशनर अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे। इससे खासकर बुजुर्ग, अस्वस्थ और चलने-फिरने में असमर्थ पेंशनभोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। शासन की इस डिजिटल पहल को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिले में एक से 30 नवंबर तक डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 5.0 संचालित किया जा रहा है। डिजिटल व्यवस्था के तहत पेंशनरों को अब जीवित होने का प्रमाण देने के लिए व्यक्तिगत रूप से कोषागार पहुंचने की बाध्यता से राहत मिलेगी। वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय की देखरेख में जिला कोषागार में एक माह का निःशुल्क सहायता शिविर भी लगाया गया है। यहां ऐसे पेंशनरों को तकनीकी सहयोग दिया जा रहा है, जिन्हें मोबाइल ऐप के इस्तेमाल की जानकारी नहीं है। अभियान के शुरुआती दो दिनों में ही 317 पेंशनरों के डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जनरेट किए जा चुके हैं। जिले में उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों और अन्य

चेहरे का सत्यापन ही बनेगा जीवित होने का प्रमाणः मुख्य कोषाधिकारी अमित कुमार राय ने बताया कि बुजुर्गों और अस्वस्थ पेंशनरों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र की व्यवस्था की गई है। अब पेंशनर घर बैठे मोबाइल से फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए अपना प्रमाणीकरण करा सकते हैं। जिनके पास स्मार्टफोन नहीं है या जो स्वयं यह प्रक्रिया पूरी करने में सक्षम नहीं हैं, वे जिला कोषागार में लगे निशुल्क शिविर का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए बैंक पासबुक, आधार कार्ड और नवीन पासपोर्ट साइज फोटो साथ लानी होगी। कोषागार के कर्मचारी उन्हें प्रमाणपत्र बनवाने में सहयोग करेंगे।

ऐसे घर बैठे बनेगा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्रः पेंशनर या परिवार का कोई सदस्य गूगल प्ले स्टोर से आधार फेस आरडी और जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड कर सकता है। ऐप खोलकर आधार नंबर और मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद ओटीपी से सत्यापन करना होगा। इसके बाद पेंशनर का नाम, पीपीओ नंबर, बैंक खाता संख्या और पेंशन स्वीकृति प्राधिकारी का विवरण भरना होगा। मोबाइल के फ्रंट कैमरे से चेहरे का स्कैन कर ऐप के निर्देशानुसार पलकें झपकानी होंगी। सफल प्रमाणीकरण के बाद मोबाइल पर जीवन प्रमाण आईडी का एसएमएस प्राप्त होगा। संबंधित बैंक या विभाग पोर्टल के माध्यम से डिजिटल प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकेगा।

प्रदेशों से जुड़े करीब 12,711 पेंशनभोगी हैं। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार के विभागों, रेलवे, रक्षा, डाक, बैंक और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के भी हजारों पेंशनर हैं। प्रत्येक पेंशनभोगी को साल में एक बार जीवित होने का प्रमाण देना अनिवार्य होता है, ताकि पेंशन का भुगतान निर्बाध रूप से जारी रहे।

लखीमपुर मेले में भोजपुरी सुरों से गुलजार हुई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एकादशी

18 विशिष्ट व्यक्तित्वों को नगर पालिका ने किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

ऐतिहासिक दशहरा मेला लखीमपुर की सांस्कृतिक विरासत में एक और यादगार अध्याय जुड़ गया, जब सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एकादशी भोजपुरी लोकसंस्कृति के नाम रही। भोजपुरी गीतों की मिठास, लोकधुनों की जीवंतता और कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि पूरा मेला परिसर देर रात तक सुर, संगीत और उल्लास की तरंगों में झूमता रहा। हजारों दर्शकों की करतल ध्वनि और उत्साह ने इस सांस्कृतिक संध्या को अविस्मरणीय बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के ग्यारहवें दिन आयोजित इस आयोजन में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में भाजपा जिला महामंत्री राजेश कुमार सिंह, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र मोदी, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रमोद चौधरी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रीतम सिंह बग्गा की गरिमामयी उपस्थिति रही। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार एवं अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन सत्र का प्रभावशाली संचालन समाजसेवी एवं साहित्यकार राममोहन गुप्त अमर ने किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों, सामाजिक सक्रियता एवं संगठनात्मक योगदान के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा 18 विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित कर उनकी सेवाओं का अभिनंदन किया गया। सम्मानित होने वालों में भाजपा नगर अध्यक्ष देवदत्त चड्ढा, उपाध्यक्ष



अमित श्रीवास्तव जुग्गी, नीरज सिंह, अजय टंडन, संजय तिवारी, रवि श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, बृजेश मिश्रा, एडवोकेट मुनेंद्र त्रिपाठी, शुभम मिश्रा, बबलू गुप्ता, अंशुमान श्रीवास्तव, शौर्य सक्सेना, पूरन सिंह, धर्मवीर मौर्य, शर्मा प्रजापति, राजेश प्रजापति एवं गौरव सेठ शामिल रहे। सम्मान पाकर सभी के चेहरों पर प्रसन्नता और गौरव का भाव दिखाई दिया। यह सम्मान समारोह उन लोगों के योगदान को सार्वजनिक मंच पर पहचान देने का प्रेरक प्रयास बना, जो अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर समाज को सकारात्मक दिशा देने में जुटे हैं। इसके उपरांत भोजपुरी संस्कृति पर आधारित सुरमधुर सांस्कृतिक संध्या का आगाज हुआ। भोजपुरी लोकगायक दीपक सिंह, सुरेश कुशवाहा एवं जयाजी पार्टी ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। एक के बाद एक लोकप्रिय भोजपुरी गीतों और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने ऐसा जादू बिखेरा कि दर्शक अपनी जगहों पर थिरकने को मजबूर हो गए। लोकसंगीत की माटी से जुड़ी धुनों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि भोजपुरी भाषा, परंपरा और लोकसंस्कृति की समृद्ध विरासत से भी लोगों को रूबरू कराया। कार्यक्रम में महिलाओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही। आयोजन की सफलता में संयोजक मंडल के विक्रम गुप्ता, अजय गुप्ता लकी, बृजेश पाल, अनिरुद्ध त्रिपाठी एवं राकेश कुमार की सक्रिय भूमिका रही। इस अवसर पर मेला अध्यक्ष रवींद्र रावत, मेला अधिकारी समरा सईद, नीलम रस्तोगी, शमीम बानो एवं इंजीनियर दुर्गेश वर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। भोजपुरी सुरों से सजी यह एकादशी केवल मनोरंजन का आयोजन नहीं, बल्कि लोकभाषा, लोककला और सांस्कृतिक एकता का उत्सव बनकर उभरी। ऐतिहासिक दशहरा मेले ने एक बार फिर साबित किया कि जब मंच पर संस्कृति की खुशबू बिखरती है तो भाषा और क्षेत्र की सीमाएं पीछे छूट जाती हैं और संगीत हर दिल को एक सूत्र में पिरो देता है।

जांच से संरक्षण और जांच एजेंसियों की स्वायत्तता के बीच संवैधानिक संतुलन

विनीत नारायण से तेजाराम तक का सफर बताता है कि ईमानदार प्रशासनिक निर्णयों को संरक्षण देना जितना जरूरी है, भ्रष्टाचार की जांच को निर्बाध रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। धारा 17ए पर सर्वोच्च न्यायालय की ताजा व्याख्या ने इसी संवैधानिक बहस को नई दिशा दी है।

कल्पना कीजिए कि एक सरकारी अधिकारी किसी जनहितकारी योजना के क्रियान्वयन, किसी कर्मचारी की पदोन्नति अथवा किसी सार्वजनिक परियोजना के संबंध में निर्णय लेता है। निर्णय लेने के बाद उस पर भ्रष्टाचार का आरोप लग जाता है। यदि प्रत्येक प्रशासनिक निर्णय के बाद अधिकारी को आपराधिक जांच का भय सताने लगे तो वह कठिन और महत्वपूर्ण फैसले लेने से बच सकता है। प्रशासन में निर्णयहीनता पैदा हो सकती है। तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। यदि किसी अधिकारी को केवल अपने सरकारी पद के कारण जांच से पहले विशेष अनुमति का कवच मिल जाए तो भ्रष्टाचार के विरुद्ध कानून की प्रभावशीलता प्रभावित हो सकती है।

भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था के सामने यही दोहरी चुनौती है- ईमानदार अधिकारियों को अनावश्यक जांच और उत्पीड़न से बचाना तथा भ्रष्टाचार के आरोपों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करना। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए इसी चुनौती के बीच खड़ी है। सर्वोच्च न्यायालय ने 16 अक्टूबर 2026 को तेजाराम बनाम राजस्थान राज्य में इस प्रावधान की व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया कि प्रशासनिक निर्णयों को संरक्षण देने वाली यह व्यवस्था रिश्वतखोरी जैसे स्वतंत्र आपराधिक कृत्यों के लिए ढाल नहीं बन सकती। इस बहस की जड़ें लगभग तीन दशक पुरानी हैं। वर्ष 1997 में विनीत नारायण बनाम भारत संघ के ऐतिहासिक निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार के मामलों की जांच में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की स्वतंत्रता और निष्पक्षता को महत्वपूर्ण माना था। जैन हवाला प्रकरण की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने उस व्यवस्था को समाप्त किया, जिसके तहत कुछ वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के विरुद्ध जांच शुरू करने से पहले सरकार की अनुमति आवश्यक थी। यह व्यवस्था 'सिंगल डायरेक्टिव' के नाम से जानी जाती थी। इस निर्णय का व्यापक संदेश था कि भ्रष्टाचार की जांच में किसी अधिकारी का पद उसे विशेष छूट नहीं दे सकता। इसके बाद भी विधायी स्तर पर पूर्व अनुमति की व्यवस्था लौटती रही। वर्ष 2003 में दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम में धारा 6ए जोड़ी गई। इसके तहत संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के स्तर के अधिकारियों के विरुद्ध कुछ मामलों में जांच से पहले केंद्र सरकार की स्वीकृति आवश्यक कर दी गई। वर्ष 2014 में सुब्रमण्यम स्वामी बनाम केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो मामले में सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने इस प्रावधान को अनुच्छेद 14 के प्रतिकूल मानते हुए असंवैधानिक घोषित कर दिया। न्यायालय ने माना कि भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच में अधिकारियों के पद के आधार पर अलग-अलग व्यवहार नहीं किया जा सकता। हालांकि, वर्ष 2018 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में धारा 17ए जोड़ी गई। इसके तहत किसी लोकसेवक द्वारा अपने आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन में की गई संस्तुति अथवा निर्णय से संबंधित कथित अपराध की जांच या पूछताछ शुरू करने से पहले सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति आवश्यक कर दी गई। इसके पीछे तर्क था कि अधिकारियों को दुर्भावनापूर्ण शिकायतों और अनावश्यक जांच के भय से मुक्त रखा जाए, ताकि वे स्वतंत्र होकर प्रशासनिक निर्णय ले सकें।

लेकिन क्या यह प्रावधान जांच एजेंसियों की स्वतंत्रता को सीमित करता है? क्या सरकार की पूर्व अनुमति की अनिवार्यता भ्रष्टाचार के मामलों में जांच शुरू होने से पहले ही एक अवरोध खड़ा कर सकती है? यही प्रश्न जनवरी 2026 में सर्वोच्च न्यायालय के सामने पहुंचा। सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन बनाम भारत संघ मामले में 13 जनवरी 2026 को न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन के बीच मतभेद के कारण विभाजित निर्णय आया। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने धारा 17ए को असंवैधानिक मानते हुए निरस्त किए जाने योग्य बताया। दूसरी ओर, न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने इसे सीमित अर्थ में बनाए रखने की राय दी और सरकार की अनुमति से पहले लोकपाल अथवा लोकायुक्त जैसी स्वतंत्र संस्था द्वारा परीक्षण की व्यवस्था पर बल दिया। दोनों न्यायाधीशों के अलग-अलग मत के कारण इस संवैधानिक प्रश्न को आगे विचार के लिए बड़ी पीठ के समक्ष भेजे जाने की प्रक्रिया निर्धारित हुई। इस प्रकार धारा 17ए की संवैधानिक वैधता पर अंतिम निर्णय का प्रश्न अभी अलग से विचाराधीन है। इसी पृष्ठभूमि में तेजाराम बनाम राजस्थान राज्य का निर्णय महत्वपूर्ण हो जाता है। इस मामले में राजस्थान पुलिस के एक कांस्टेबल पर आरोप था कि उसने पुलिस अधीक्षक के नाम पर डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोपी की ओर से दलील दी गई कि धारा 17ए के तहत पूर्व अनुमति के बिना जांच शुरू नहीं की जा सकती थी। सर्वोच्च न्यायालय ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि धारा 17ए का लाभ पाने के लिए केवल लोकसेवक होना और उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार का आरोप होना पर्याप्त नहीं है। कथित अपराध का संबंध उस लोकसेवक द्वारा अपने आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन में की गई किसी संस्तुति अथवा निर्णय से होना चाहिए। न्यायालय के सामने मूल प्रश्न यह था कि क्या रिश्वत की कथित मांग किसी आधिकारिक निर्णय या संस्तुति से जुड़ी हुई थी? न्यायालय ने पाया कि डेढ़ लाख रुपये की कथित मांग एक स्वतंत्र आपराधिक कृत्य थी, जिसका किसी प्रशासनिक निर्णय अथवा आधिकारिक संस्तुति से संबंध नहीं था। इसलिए धारा 17ए के तहत पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं थी। यहां कानून का एक महत्वपूर्ण पहलू समझना जरूरी है। धारा 17ए का पहला परंतु ऐसी स्थिति में पूर्व अनुमति की आवश्यकता समाप्त करता है, जिसमें कोई व्यक्ति स्वयं अथवा किसी अन्य के लिए अनुचित लाभ स्वीकार करते या स्वीकार करने का प्रयास करते हुए मौके पर गिरफ्तार किया जाता है।

हांफते-खांसते भाजपा का समर्थन

केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के बारह सालों के शासन का हासिल यह है कि सामान्य बुद्धि को ताक पर रखकर धर्म के नाम पर खुद को नुकसान पहुंचाने से भी लोग अब झिझक नहीं रहे हैं। चंद दिनों में दीपावली का पर्व शुरु हो रहा है। फसल कटाई के बाद का यह उत्सव अब प्रदूषण की कालिमा से घिर चुका है। बरसों से दीपावली के पहले और बाद में चिंता का एक बड़ा विषय वायु और ध्वनि प्रदूषण बन गया है। देश की राजधानी दिल्ली समेत तमाम बड़े शहरों में हवा सांस लेने लायक नहीं रह गई है। पहले पानी इतना प्रदूषित कर दिया गया कि जल शुद्धिकरण यंत्र यानी वॉटर प्यूरीफायर अनिवार्यता बन चुके हैं। हर संपन्न, सक्षम घर में वॉटर प्यूरीफायर मिल जाएगा। जहां नहीं होगा, वहां बोतलों में बंद पानी खरीदा जाता है। गरीबों के लिए यह अब भी विलासिता की चीज है कि पानी शुद्ध करने वाली मशीन वे अपने घर में लगा सकें। उनके घरों में तो नल ही नहीं होता, तो उससे निकलने वाले पानी को शुद्ध करना तो दूर की बात है। वे अब भी नगर निगम के बनाए नलों, तालाबों या कुओं से पानी भरते हैं और कई इलाकों में दूर-दराज से पानी ढोकर लाते हैं। पानी के बाद अब अगला हमला हवा पर हुआ है। प्रकृति के दिए अनमोल उपहारों यानी हवा और पानी पर अब अमीरों का कब्जा होता जा रहा है। हवा को बोतल में बंद करके तो अभी नहीं बेचा जा रहा, लेकिन अब एयर प्यूरीफायर खूब बिकने लगे हैं। जिन घरों में यह नहीं होते, वहां अंदर रखे पौधों से हवा को शुद्ध बनाने की कोशिश की जाती है। और इससे भी काम न बने तो फिर मास्क है ही। कोविड काल ने लोगों को मजबूरी में मास्क पहनना सिखाया, अब लोग इसे आदत की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि गरीबों के लिए यह भी एक विलासिता ही है। भारत में पूंजीवाद का ऐसा घिनौना स्वरूप देखने मिलेगा, यह कल्पना तो पूंजीवाद के कट्टर समर्थकों ने भी नहीं की होगी। जिसमें गरीबों और असहायों से उनके जीने के मूल आधार हवा-पानी को ही उनके लिए अनुपलब्ध करा दिया जाए। यह अतिशयोक्ति नहीं है, बल्कि कड़वा सच है कि देश के कई शहरों की हवा सांस लेने लायक नहीं रह गई है। वायु गुणवत्ता इंडेक्स यानी एक्यूआई में दो सौ, तीन सौ के आंकड़े पार करना तो अब मामूली बात हो गई है,



जबकि यह प्राणवायु नहीं जहरीली हवा होती है। हर साल अक्टूबर से लेकर दिसंबर-जनवरी तक यही हालात रहते हैं। दिल्ली के आसपास तो पराली जलाने को लंबे अरसे तक प्रदूषण का कारण बताया जाता रहा। पर जब पराली नहीं जलती, तब भी आकाश में धुएं और धुंध की मोटी परत दिखाई देती है। ऊपर से पटाखों को जलाने से हालात और गंभीर हो जाते हैं। प्रदूषण को देखते हुए अब कहा जाने लगा है कि दिल्ली में रहने वालों की औसत आयु में से आठ साल कम हो गए हैं। ऐसे में कायदे से समाज को ही पहल करनी चाहिए कि वह वायु शुद्ध बनाए रखने में अपना योगदान दे। लेकिन भाजपा ने इसमें भी धर्म को घुसा लिया है। मानो हिंदुत्व की माला जपने वालों को शुद्ध वायु मिलेगी और बाकी दमघोंटू माहौल में रहने को अभिशप्त रहेंगे। नौबत ऐसी आ गई है कि पुलिस भी अब भाजपा के दबाव में दिख रही है। बीते 25 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस ने से नो टू क्रैकर्स, यस टू ग्रीनर दीवाली यानी पटाखों को कहें ना, हरित दिवाली को हां और जानवरों की सुरक्षा से जुड़ा एक संदेशध्वीडियो पोस्ट किया था। लेकिन 4-5 घंटों के भीतर इसे सोशल मीडिया हैंडल से हटा लिया गया। यह पहली बार नहीं है जब दिल्ली प्रशासन ने दिवाली के दौरान पटाखों को लेकर अपना रुख बदला है। 2024 की दीपावली से पहले, दिल्ली सरकार ने 1 जनवरी, 2025 तक सभी पटाखों को बनाने, बेचने, स्टोर करने और फोड़ने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंध को ठीक से लागू न करने की आलोचना की और सुझाव दिया कि सरकार इसे स्थायी करने पर विचार करे। दिसंबर 2024 में, दिल्ली सरकार ने कोर्ट को बताया कि उसने पटाखों पर साल भर का बैन लगा दिया है। लेकिन, जल्द ही स्थिति बदल गई। अप्रैल 2025 में, सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंध में ढील देने से मना कर दिया, लेकिन अक्टूबर में उसने दिवाली के दौरान कुछ समय के लिए दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखे बेचने और इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी। कोर्ट ने कहा कि इन पटाखों को नेशनल एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (नीरी) के तय मानक को पूरा करना होगा, और सिर्फ तय समय के दौरान ही इनके इस्तेमाल की इजाजत दी। दिल्ली सरकार और केंद्र ने इस ढील का समर्थन किया। उस समय शहर का एक्यूआई लगभग 500 तक पहुंच गया, जो गैस चेंबर जैसा खतरनाक था। अब भी हालात उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इधर मुंबई में भी हवा खराब हो चुकी है। ऐसे में हाईकोर्ट और बीएमसी ने पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने की मुहिम छेड़ी और कुछ चर्चित लोगों से इसके लिए वीडियो बनवाए। दीया मिर्जा, अभिनेत्री माधुरी दीक्षित और निशिगंधा वाड, तथा क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे इसमें शामिल थे। इसमें दीया मिर्जा की पटाखों रहित दीपावली मनाने की अपील पर विवाद खड़ा हो गया है। क्योंकि मुंबई भाजपा के प्रमुख अमित सातम को यह रास नहीं आया।

सातम ने लिखा, हमें दिया मिर्जा से यह सीखने की जरूरत नहीं है कि दीवाली कैसे मनानी है। हमारी परंपराएं हमारी संस्कृति में गहराई से रची-बसी हैं। उनके पोस्ट के कुछ ही घंटों के भीतर म्युनिसिपल कमिश्नर अश्विनी भिड़े के नेतृत्व वाली बीएमसी ने मिर्जा का वीडियो हटा दिया। हालांकि, माधुरी दीक्षित, निशिगंधा वाड और अजिंक्य रहाणे वाले कैंपेन वीडियो नगर निकाय के एक्स और इंस्टाग्राम पेज पर बने रहे। अब मुंबई की मेयर रितु तावड़े ने दीया मिर्जा पर कहा कि, श्हम उन्हें किसी भी कार्यक्रम में शामिल नहीं करेंगे खासकर बीएमसी के आधिकारिक पोर्टल पर तो बिल्कुल नहीं। वह हमारे द्वारा आयोजित किसी अन्य कार्यक्रम में भी हिस्सा नहीं ले सकतीं, क्योंकि वह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ट्रोल करती हैं...। हालांकि दीया मिर्जा का कहना है कि वायु प्रदूषण चिंता का विषय है और प्रदूषण कम करने के सभी प्रयासों का स्वागत किया जाना चाहिए, क्योंकि यह जनस्वास्थ्य से जुड़ा मामला है। बीएमसी विवाद पर मिर्जा ने कहा, मैंने कोई पैसे नहीं लिए हैं। अब भलाई का जमाना ही नहीं रहा। दिल्ली और मुंबई के ये प्रसंग बताते हैं कि भाजपा हिंदुत्व की राजनीति के चलते लोगों को साफ हवा से भी वंचित रखेगी और धर्म बचाने की खातिर लोग हांफ्ते-खांसते अगर उसका समर्थन करेंगे, तो भी कितने दिन जिंदा रहते हुए कर पाएंगे, यह सोच लेना चाहिए।

फिर भी संघ-भाजपा का राग घुसपैठिया जारी

मोदीशाही के अंत की शुरूआत हो गयी है। 1 नवंबर की इंडिया ब्लाक समेत तमाम विपक्ष की रामलीला मैदान की विशाल रैली ने, बिगुल बजाकर मोदीशाही के अंत की शुरूआत का ऐलान किया है। देश भर में तेजी से लोगों की जुबान पर चढ़ते श्वोट चोरी के नारे का मुकाबला करने की कोशिश में, संघ-भाजपा जोड़ी जिस तरह के न सिर्फ भोंथरे बल्कि बाकायदा पिटे हुए हथियारों का सहारा लेने पर मजबूर नजर आती है, वह एक प्रकार से अंत की इस शुरूआत का ही कबूलनामा है। जाहिर है कि लड़ाई में पिटे हुए हथियारों का सहारा लेना, मन से बाजी में हार मान लेने की ही निशानी होता है। घुसपैठियों के न सिर्फ घुस आने बल्कि छा जाने का सरासर झूठा सांप्रदायिक डर फैलाना ही वह पिटा हुआ हथियार है, जिसका मतदाता सूचियों से लेकर चुनाव संचालन तक, समूची चुनाव व्यवस्था में ईमानदारी यानी निष्पक्षता सुनिश्चित किए जाने से जुड़ी मांगों पर केंद्रित जन-आंदोलन के खिलाफ संघ-भाजपा अपने मुख्य हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं।

जैसाकि अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है, मौजूदा निजाम के चाणक्य कहलाने वाले, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ही श्वोट चोरी के खिलाफ जनतंत्र की परवाह करने वाली सभी शक्तियों तथा लोगों के व्यापक अभियान के खिलाफ घुसपैठिया आया, घुसपैठिया आयाश् को हथियार बनाने की शुरूआत की थी। इस व्यापक जन-लामबंदी में दरार डालने की कथित चाणक्य नीति आजमाने में ही अपनी सारी चतुराई लगाते हुए, अमित शाह ने छांटकर राहुल गांधी तथा कांग्रेस को निशाना बनाते हुए यह दावा किया था कि, वे घुसपैठियों को बचाने के लिए ही एसआईआर में वोट कटने के वोट चोरी होने का झूठा शोर मचा रहे थे। याद रहे कि इस तरह, एसआईआर के नाम पर करोड़ों की संख्या में, 2024 के आम चुनाव में मतदान करने वाले मतदाताओं के नाम काटे जाने को घुसपैठिया-विरोधी कार्रवाई बताकर सही ठहराने की कोशिश, कोई साधारण राजनीतिक नेता नहीं कर रहा था बल्कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के गृहमंत्री के पद पर बैठा व्यक्ति कर रहा था। और यह दावा इसके बावजूद किया जा रहा था कि मोदाशाही के बारह साल से ज्यादा में संसद में पूछे गए प्रश्नों से लेकर, सूचना का अधिकार के तहत पूछे गए प्रश्नों तक के जवाब में, खुद गृह मंत्रालय द्वारा आधिकारिक रूप से बार-बार यह माना गया था कि सरकार के पास घुसपैठियों के संबंध में संख्या आदि की कोई ठोस जानकारी ही नहीं है! वास्तव में एसआईआर से भी पहले, संघ परिवार के सांप्रदायिक प्रचार से संचालित घुसपैठियों की अंधाधुंध खोज का, आम जनता के लिए ऐसा ही तकलीफदेह अभ्यास, असम में हुआ था। इसका नाम था, एनआरसी का अद्यतनकरण। याद रहे कि इस प्रक्रिया को मोदी-शाह की सरकार देश भर में लागू करना चाहती थी। अब चोर दरवाजे एसआईआर के नाम पर, वही खेल खेलने की कोशिश की जा रही है। और असम में एनआरसी का क्या हुआ? बेशक, बांग्लादेश से लगती हुई सीमा वाला राज्य होने के चलते, असम में 1971 में बांग्लादेश की स्थापना के दौर की उथल-पुथल के दौरान तथा उसके बाद भी, रोजी-रोटी की तलाश में बांग्लादेश से गरीब मजदूरों के आने का सिलसिला चलता रहा था। इसी मुद्दे को लेकर 1980 के दशक में असम में उग्र-बांग्लादेशी-विरोधी आंदोलन भी चला था, जिसका अंत 1985 के असम समझौते पर हुआ था। इसी समझौते के एक प्रावधान के आधार पर और भाजपा व संघ परिवार के अनवरत प्रचार के दबाव में तथा सुप्रीम कोर्ट के अनुमोदन से, भाजपा के राज में असम में एनआरसी कराया गया। हजारों करोड़ रुपए फूंक कर और सैकड़ों जानें कुर्बान करने तथा समूची जनता तथा खासतौर पर गरीब, अशिक्षित, सामाजिक रूप से कमजोर लोगों तथा महिलाओं को बेशुमार तकलीफों से गुजारने के बाद, एसआईआर की ही तरह नागरिकता-जांच की इस प्रक्रिया के अंत में, करीब 20 लाख असमवासियों की नागरिकता को संदिग्ध करार दिया गया था। लेकिन, अंत में जब यह सच सामने आया कि संघ के प्रचार और उसकी अपेक्षाओं के विपरीत, इस प्रक्रिया में अपनी नागरिकता साबित न कर पाने वालों में दो-तिहाई हिंदू ही थे, जबकि मुसलमान एक-तिहाई से भी कम थे, तो संघ परिवार को पल्टी मारने में देर नहीं लगी और भाजपा की राज्य सरकार ने सिर्फ एनआरसी को नामंजूर ही नहीं किया बल्कि एनआरसी कराने वाले उच्चाधिकारियों को तरह-तरह के मुकद्दमों में भी फंसा दिया। और इस तरह, यह पूरी कसरत सिर्फ इसलिए जनता के लिए अकारण मुसीबत बनकर रह गयी कि उसके नतीजे, घुसपैठियों के खतरे के संघ परिवारी प्रचार से मेल नहीं खाते थे। काफी हद तक ऐसा ही किस्सा, एसआईआर का रहा है, जिसके पीछे भी घुसपैठियों के खतरे के बेतहाशा अतिरंजित संघ-भाजपायी प्रचार से बनी धारणाएं ही थीं। यह कोई संयोग ही नहीं है कि बिहार से 2025 के जून में जब एसआईआर की प्रक्रिया की शुरूआत हुई थी, तभी से न सिर्फ भाजपा की केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा और संघ कुनबे द्वारा नागरिकता जांच की ओर इशारा करने वाली इस प्रक्रिया की समूची डिजाइन की, विपक्ष की आलोचनाओं के सामने, यह कहकर हिमायत की जा रही थी कि यह मतदाता सूचियों को घुसपैठियों से शुद्ध करने के लिए जरूरी था बल्कि खुद चुनाव आयोग ने भी बाकायदा अपनी विज्ञप्ति में मतदाता सूचियों में विदेशी अवैध प्रवासियों के नामों की मौजूदगी को, इस अभूतपूर्व कसरत का एक प्रमुख कारण बताया गया था। हैरानी की बात नहीं है कि जब बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हुई, मीडिया और विपक्ष के भी बार-बार पूछने के बावजूद, चुनाव आयोग ने इस सरल से सवाल का जवाब देने से इंकार कर दिया कि जिन एक करोड़ से कुछ कम लोगों के नाम इस प्रक्रिया में मतदाता सूचियों से काटे गए थे, उनमें से कितने नाम विदेशी नागरिक होने के आधार पर काटे गए थे! वजह बहुत सरल थी। छः करोड़ से ज्यादा मतदाताओं में ऐसे लोगों की संख्या 600 भी नहीं थी। उनमें भी नेपाली महिलाओं की संख्या ही ज्यादा थी, जिनका ससुराल बिहार में है। मुसलमानों की संख्या, पांचवां हिस्सा भी नहीं थी, जबकि संघ परिवार के आख्यान में तो घुसपैठिया और मुसलमान समानार्थी ही हैं। यह दिलचस्प है कि उसके बाद से चुनाव आयोग ने तो एसआईआर प्रक्रिया के दौरान एक बार भी यह बताना गवारा नहीं किया है कि इस प्रक्रिया में कितने श्घुसपैठिएश् पकड़े गए हैं, लेकिन संघ परिवार के इसी बहाने से मतदाता सूचियों की चुनाव आयोग द्वारा सत्ताधारी पार्टी के अनुकूल काट-छांट की हिमायत करने में, कोई कमी नहीं आयी है। अमित शाह, वोट चोरी के आरोपों के सामने, इसी सिलसिले को आगे बढ़ा रहे थे। यह भी याद रहे कि अमित शाह द्वारा उक्त दावा इसके बावजूद किया जा रहा था कि तब तक, अब भी अधूरी एसआईआर की प्रक्रिया में, 2024 की मतदाता सूचियों में से 13 करोड़ 30 लाख से ज्यादा मतदाताओं के बाहर कर दिए जाने की जानकारी देश के सामने आ चुकी थी। याद रहे कि जिस बांग्लादेश को भारत में घुसपैठ का मुख्य स्रोत माना जाता है, उसकी आबादी कुल पौने अठारह करोड़ है। बहरहाल, एसआईआर के घुसपैठियों के खतरे के संघ परिवारी प्रचार का जोरदार खंडन ही बन जाने का किस्सा इतने पर ही खत्म नहीं हो जाता है। मीडिया में आयी खोजी रिपोर्टों के अनुसार, ऐसे छह राज्यों में जहां एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो गयी है, 9 करोड़ 96 लाख मतदाताओं में से, कुल 1600 विदेशी पाए गए हैं। इनमें बांग्लादेशी तो छोड़ ही दें, मुसलमानों की भी संख्या उल्लेखनीय नहीं है। कर्नाटक में, 99 लाख 70 हजार मतदाताओं के नाम काटे गए हैं, जिनमें कुल 716 विदेशी हैं और इनमें भी 545 नेपाली ही हैं। साफ है कि एसआईआर ने अंततरू चूंकि एक प्रकार की गिनती है, उसने अगर भाजपा के मनमाफिक मतदाता सूचियां बनाने का काम किया है, तो दूसरी तरफ उसने अनजाने ही श्घुसपैठियों के खतरे के गुब्बारे में पिन चुभोने का भी काम किया है। फिर भी इस घुसपैठिया गुब्बारे को पूरी तरह से फाड़ने के साथ ही, संघ परिवार के एसआईआर के बचाव को भी ध्वस्त करने का श्रेय, हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक राजनीति के फायरब्रांड प्रतिनिधि, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ ने। योगी ने भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी में अपने संबोधन में पार्टी नेतृत्व को आगाह किया कि एसआईआर की प्रक्रिया में राज्य में 1 करोड़ 27 लाख हिंदुओं के (दूसरे शब्दों में भाजपा के अपने) वोट काट दिए गए हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से भाजपा के श्कमल एपश् की मदद से, ये वोट वापस जुड़वाने का आह्वान किया, जो अन्य चीजों के अलावा भाजपा-शासित राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया के एक स्वांग ही बनाकर छोड़ दिए जाने को भी दिखाता है।

अशांति की जड़ में नौकरियां, भोजन और भविष्य-किधर जा रहा भारत?

मृगांक एम. भौमिक



मौजूदा राजनीतिक अशांति, अगर इसे ऐसा कहा जाए, तो यह युवाओं और मध्यम व निम्न-मध्यम वर्ग के एक बड़े हिस्से के मन में भविष्य को लेकर छाई निराशा को दर्शाती है। भारत में बड़ी संख्या में लोगों, खासकर युवाओं को यह एहसास हो गया है कि उनके कौशल का अर्थव्यवस्था में कोई खास उपयोग नहीं है। दुनिया पहले ही ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दिशा में आगे बढ़ चुकी है, जहां वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन ही मुख्य आधार है। जीडीपी के उत्पादन में मानवीय श्रम धीरे-धीरे अप्रासंगिक होता जा रहा है, क्योंकि यहां का अधिकांश श्रम बल या तो अकुशल है या फिर अर्ध-कुशल। इतनी विशाल आबादी को 2050 तक ले जाना और साथ ही राजनीतिक व सामाजिक एकजुटता बनाए रखना, एक बेहद कठिन चुनौती है। आने वाला समय उतना अच्छा नहीं है, जितना कि सोशल मीडिया रीलों और सरकारी विज्ञापनों में दिखाया जाता है। भारत के सामने एक वास्तविक चुनौती खड़ी हो रही है, चाहे सत्ता में कोई भी पार्टी हो या रहे।

पिछले दो दशकों में भारत सहित पूरी दुनिया में वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन बढ़ा है और संपत्ति भी पैदा हुई है, लेकिन अफसोस कि इसका लाभ बड़े पैमाने पर लोगों तक नहीं पहुंचा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि व्यापार और वाणिज्य में मूल्य सृजन के लिए अब इंसानों की जरूरत नहीं रह गई है। आप इसे राजनीतिक रूप से श्बिना नौकरियों वाला विकास कहकर आलोचना कर सकते हैं, लेकिन असल में यह मानवीय श्रम पर तकनीक का इतना हावी हो जाना है, जिसने यह खालीपन पैदा कर दिया है। सरकार के पास अब कल्याणकारी योजनाओं के जरिए इतनी बड़ी आबादी का पेट भरने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा है वरना, एक बड़ा मानवीय संकट खड़ा हो सकता था। अब तक, भारत के लिए यह एक सुनहरा दौर था, जब जीडीपी को बेहतर बनाने के लिए तकनीक के साथ-साथ बड़ी संख्या में श्रम शक्ति (लेबर फोर्स) की जरूरत थी- चाहे वह सॉफ्टवेयर, वित्तीय सेवाएं हों या औद्योगिक उत्पादन। अब नई तकनीक खुद को इस तरह विकसित कर रही है कि वह आर्थिक गतिविधियों में इंसानी भूमिका (जो एक अहम हिस्सा थी) की जगह ले सके, जिससे संतुलन बिगड़ गया है। ऐसे में, ऐसा लगता है कि इंसानी श्रम की-चाहे वह उच्च-मूल्य वाला हो या निम्न-मूल्य वाला-अब कोई खास मांग नहीं रह गई है। हम यह समझने की कोशिश कर सकते हैं कि चीन ने अपनी बढ़ती आबादी के बीच नौकरियों के सृजन और नीतियों को कैसे संभाला। चीन ने पिछले 50 वर्षों में अपने मानव संसाधनों का उपयोग करके और कृषि से लेकर उद्योग तक सही आर्थिक नीतियां लागू करके भारी संपत्ति का निर्माण किया। उनकी सबसे बड़ी सफलता कृषि क्षेत्र के मजदूरों को कम उत्पादकता वाले कामों से निकालकर, अधिक मूल्य पैदा करने वाले औद्योगिक कार्यों में लगाना रहा। लेकिन ऐसा किसी एक नीतिगत फैसले से नहीं हुआ। बल्कि यह चीन द्वारा लिए गए कई रणनीतिक नीतिगत फैसलों का नतीजा था। चीन ने 1978 में कृषि उदारीकरण के साथ अपने बड़े नीतिगत बदलाव की शुरुआत की। इसके बाद, देश ने एक क्रम में ग्रामीण उद्योगों का विकास किया, फिर निर्यात-आधारित विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) की ओर कदम बढ़ाया, निर्यात क्षेत्र (एक्सपोर्ट जोन) बनाए, और अंत में विदेशी निवेश को आकर्षित किया। कृषि क्षेत्र से मुक्त होने वाली श्रम शक्ति को उसी गति से अधिक उत्पादकता वाले, निर्यात-आधारित औद्योगिक कार्यों में खपा लिया गया। भारी पूंजी वाले उद्योगों के बजाय, चीन ने शुरुआत में उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जहां उसकी विशाल श्रम शक्ति एक बड़ा फायदा साबित हो सकती थी। एफडीआई और निर्यात अपने साथ तकनीक, प्रबंधन और चीन के अपने उपभोक्ताओं से कहीं बड़ा बाजार लेकर आए। सस्ते लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा और सप्लायर नेटवर्क ने लागत को कम कर दिया, जिससे कारखाने की हर एक नौकरी के साथ-साथ उससे जुड़े अन्य क्षेत्रों में भी कई और नौकरियां पैदा हुई। अनुकूल आयु संरचना की बदौलत उच्च निवेश और बचत संभव हो पाई, जिसने इस विस्तार के लिए जरूरी फंड मुहैया कराया। हुकोउ प्रणाली ने शहरों और नियोक्ताओं के लिए प्रवासियों से जुड़े सामाजिक खर्चों को कम रखा, जिससे इनपुट लागत और भी कम हो गई (हालांकि, प्रवासियों को इसके लिए एक मानवीय कीमत चुकानी पड़ी)। अगर आप इसकी तुलना भारत के सफर से करें, तो आप पाएंगे कि उसी दौर में भारत को आकार देने वाले नीतिगत फैसलों में बहुत बड़ा अंतर था। भारत ने कभी भी भूमि सुधारों और उच्च उत्पादकता वाले कृषि उदारीकरण को पूरी तरह से नहीं अपनाया, और आज भी स्थिति वैसी ही है। भारत में बड़ा नीतिगत बदलाव 1991 में उदारीकरण के साथ ही आया। इस नीति ने औद्योगिक लाइसेंसिंग को खत्म कर दिया और वैश्विक बाजार के लिए व्यापार के दरवाजे खोल दिए। लेकिन जमीन, श्रम और बिजली के क्षेत्रों में सुधार करना मुश्किल बना रहा। इसी सख्ती के कारण, चीन के विपरीत, भारत की औद्योगिक कहानी उस बड़े पैमाने पर आगे नहीं बढ़ पाई। आज भारत एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां उसे एक ऐसी विकास रणनीति की जरूरत है, जो उसकी 140 करोड़ से अधिक की आबादी को उत्पादक रोजगार दे सके। इसे इस सदी की सबसे बड़ी चुनौती कहा जा सकता है। इस चुनौती की जड़ यह है कि आज भी 45-46प्रतिशत आबादी कृषि कार्यों में लगी हुई है। यह क्षेत्र भारत की जीडीपी में 16-18प्रतिशत का योगदान देता है, जो कि वैश्विक जीडीपी के हिसाब से केवल 0.5-0.6प्रतिशत है।

अब समय आ गया है कि कृषि में प्रति व्यक्ति उत्पादकता बढ़ाने के लिए हाई-टेक कृषि उत्पादन और खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) को मजबूती दी जाए। एआई, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन के इस दौर में, देश को अपने श्रम संसाधनों को बचाने के लिए कपड़ों, जूतों और इलेक्ट्रॉनिक असेंबली जैसे श्रम-प्रधान विनिर्माण क्षेत्रों में कदम रखना चाहिए। निजी कंपनियां अपने प्रोमोटरों के लिए तो काफी संपत्ति बना सकती हैं, लेकिन वे बड़े पैमाने पर श्रम शक्ति को रोजगार देने में सक्षम नहीं होंगी। आने वाले 20 वर्षों में मानवीय संकट से बचने के लिए, सरकार को अपने जन-कल्याण मॉडल पर फिर से विचार करना होगा और श्रम-प्रधान विनिर्माण क्षेत्रों में निवेश करना होगा। भारत की स्थिति अलग है, इसलिए इसका समाधान भी चीन से अलग होगा। पिछले 50 वर्षों में, चीन में लोगों की संख्या की तुलना में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं, जबकि भारत में अच्छी नौकरियों की तुलना में लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अब से, यह केवल रोजगार सृजन की योजना नहीं होगी, बल्कि एक ऐसा स्वदेशी विकास मॉडल होगा जो भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देगा और यहां के लोगों के लिए रोजगार व भोजन उपलब्ध कराएगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

घर से लापता हुआ हुआ किशोर, गुमशुदी दर्ज

सुमेरपुर। क्षेत्र के ग्राम बदनपुर से एक किशोर बगैर बताएं लापता हो गया है। पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। बदनपुर निवासी सज्जन खंगार ने गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पुत्र सूरज 14 वर्ष बगैर कुछ बताएं घर से 1 नवंबर को सुबह 10-00 बजे बगैर बताएं गायब हो गया है खोजबीन के बाद उसका सुराग नहीं लग सका है। थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने बताया कि पिता की सूचना पर गुमशुदगी दर्ज की गई है।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कुरारा। कस्बे के वार्ड 11 पालीवाल मोहल्ला निवासी 28 वर्षीय उमाशंकर कबीर ने सोमवार रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह दिल्ली में एक कंपनी में मजदूरी करता था और सोमवार सुबह ही घर लौटा था। परिजनों के अनुसार, उमाशंकर दिन में मछली पकड़ने गया था और शाम को मछली भी बनाई थी। रात में उसने कमरे में बल्ली के सहारे साड़ी से फांसी लगा ली। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था और उसकी शादी नहीं हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

जमीनी विवाद में युवक से मारपीट, दो पर मुकदमा

कुरारा। थाना क्षेत्र के शेखुपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर युवक से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी रजनी पाल ने तहरीर में बताया कि 24 अक्टूबर को उनके पति मुन्ना पाल दरवाजे पर बैठे थे। तभी गांव के भगवान दास पाल और अशोक पाल ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उपचार कराने के बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

आईजीआरएस रैंकिंग में हमीरपुर प्रदेश में तीसरे स्थान पर

हमीरपुर। शासन की अक्टूबर 2026 की आईजीआरएस मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में हमीरपुर ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जनपद को 140 में से 130 अंक मिले, जो 92.86 प्रतिशत है। जिलाधिकारी अशोक कुमार के निर्देशन में शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया गया। अक्टूबर माह के अंत में डिफॉल्टर संदर्भों की संख्या शून्य रही।शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं से सीधे संपर्क किया। नियमित समीक्षा और स्थलीय निरीक्षण के माध्यम से निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों और आईजीआरएस टीम को बधाई देते हुए कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि फरियादियों को वास्तविक राहत मिले। उन्होंने आगामी महीनों में जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने के लिए प्रयास तेज करने के निर्देश दिए।

दिशा की बैठक स्थगित

झांसी। सांसद अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में 4 नवंबर 2026 को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में प्रस्तावित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। यह जानकारी परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण राजेश कुमार ने दी।

गरौठा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला पैदल मार्च



गरौठा (झांसी)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को नगर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत पैदल मार्च निकाला। आयोजन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि टीकाराम पटेल और मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मोहन पाठक के नेतृत्व में हुआ। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए लोगों से संपर्क किया।इस दौरान टीकाराम पटेल ने विपक्षी दलों पर अराजकता का माहौल बनाने का आरोप लगाया। मार्च में विभिन्न ग्राम प्रधान, महिला मोर्चा के पदाधिकारी, मनोनीत पार्षद, किसान यूनियन के पदाधिकारी और सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

हत्या व जानलेवा हमले के आरोपी को नहीं मिली रिहाई

झांसी। रंजिशन हत्या एवं जानलेवा हमले के मामले में आरोपी को जेल से रिहाई नहीं मिल सकी,उसका जमानत प्रार्थना पत्र अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट)मोहम्मद नेयाज अहमद अंसारी के न्यायालय ने निरस्त कर दिया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रीति चतुर्वेदी ने बताया कि वादिया मुकदमा श्रीमती सुमन कुशवाहा ने 06 जून 2026 को थाना सीपरी बाजार में शेर सिंह एवं अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध रिपोर्ट पंजीकृत करायी थी कि उसके पति गौरीशंकर कुशवाहा पुत्र रामबाबू कुशवाहा, चाचा मुरारी लाल पुत्र जगन्नाथ 05 जून 2026 समय 11.50 बजे रात्रि लाईट जाने पर चैक करने शिवानी होटल के पास लगी डीपी के पास पहुँचे तो देखा कि पहले से ही घात लगाये बैठे चिगारा, सौरभ, रिन्कू पुत्र शेर सिंह, शेर सिंह व दो अज्ञात अपने हाथों में तलवार व फर्सा हवा में लहराते हुए पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौच करने लगे और वादिया के पति व चाचा के ऊपर हत्या करने की नियत से होटल मालिक के कहने पर हमला कर दिया गंभीर रूप से घायल दोनों लोग वहीं गिर गए। हत्या करने की नियत से हमला करते हुए वादिया के सामने सब लोग तलवार व फर्सा लहराते हुए बच्चों को भी जान से मारने की धमकी देते हुए पति व चाचा को मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग गए। बाद में गौरीशंकर की मौत हो गयी। धारा-103(1),109(1),191(2), 191(3), 351(3), 45 बीएनएस के तहत थाना-सीपरी बाजार में मुकदमा दर्ज किया गया। उक्त मामले में अभियुक्त शेर सिंह पुत्र पुत्तूलाल की ओर से प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई उपरांत पर्याप्त आधार नहीं पाते हुए न्यायालय ने प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

दीपावली पर 1.60 लाख उज्ज्वला लाभार्थियों को मिले रु.10.36 करोड़

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



दीपावली पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत जनपद के 1,60,867 लाभार्थियों के बैंक खातों में 10 करोड़ 36 लाख 46 हजार 608 रुपये की गैस रिफिल सब्सिडी अंतरित की गई। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से गैस सिलेंडर एवं सब्सिडी के डेमो चेक वितरित किए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के 1.89 करोड़ से अधिक परिवारों को 1,500 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की। विधायक ने कहा कि उज्ज्वला योजना महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने के साथ उनके स्वास्थ्य और सम्मान की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जिलाधिकारी अशोक कुमार ने अधिकारियों एवं गैस एजेंसी संचालकों को पात्र लाभार्थियों तक समय से लाभ पहुंचाने तथा गैस वितरण व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, सीडीओ अरुण कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं महिला लाभार्थी उपस्थित रहीं।

पौथिया के विद्यालय में अव्यवस्थाओं पर डीएम नाराज, सुधार के निर्देश



हमीरपुर। जिलाधिकारी अशोक कुमार ने मंगलवार को कन्या प्राथमिक विद्यालय पौथिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शैक्षिक गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति खराब मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। निरीक्षण में विद्यालय का शौचालय बंद, आरओ वाटर सिस्टम खराब और रसोईघर का दरवाजा टूटा मिला। स्टोर रूम में गंदगी तथा दिव्यांग बच्चों के शौचालय में रैंप की व्यवस्था भी नहीं मिली। ओपन जिम की स्थिति भी ठीक नहीं पाई गई। जिलाधिकारी ने बच्चों से पढ़ाई के संबंध में सवाल पूछे और शिक्षण कार्य की गुणवत्ता परखी। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकेश खरवार को सभी कमियां तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि विद्यालयों में स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, क्रियाशील शौचालय और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

हमीरपुर की 172 गोशालाओं में 22,346 गोवंश संरक्षित



हमीरपुर। कृषक समृद्धि आयोग के प्रभारी सदस्य एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कुलजीत सिंह ने मंगलवार को विकास भवन स्थित सभागार में कृषि एवं संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने किसानों के हित में योजनाओं का लाभ समय से पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जनपद की 172 गोशालाओं में 22,346 गोवंश संरक्षित हैं। राज्यमंत्री ने गोशालाओं में समुचित देखभाल के साथ छायादार वृक्ष लगाने के निर्देश दिए। जनपद में 392 बोरिंग तथा 212 खेत तालाबों का निर्माण कराया गया है। उन्होंने सब्जी मंडी में प्रतिदिन रेट बोर्ड लगाने और किसानों को उचित मूल्य दिलाने के निर्देश दिए। किसानों को येलो स्टिकी ट्रैप एवं सोलर लाइट ट्रैप भी वितरित किए गए। प्रेस वार्ता में राज्यमंत्री ने बताया कि खाद की कोई कमी नहीं है। इसके बाद उन्होंने कुरारा स्थित उर्वरक विक्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। पीओएस मशीन में दर्ज स्टॉक और वास्तविक स्टॉक का मिलान सही पाया गया। बुंदेलखंड परियोजना के तहत निर्माणाधीन मंडी को शीघ्र चालू कराने की बात भी कही।

जंगल में मिला 22 वर्षीय युवक का शव, गर्दन पर धारदार हथियार के निशान

राठ (हमीरपुर)। मझगवां थाना क्षेत्र के गौहानी गांव के जंगल में मंगलवार को 22 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव निवासी हरीशचन्द्र पुत्र महीपत के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार वह सोमवार शाम से लापता था। मंगलवार को जंगल में उसका शव मिलने की सूचना पर मझगवां पुलिस मौके पर पहुंची। प्रथम दृष्टया युवक की गर्दन पर धारदार हथियार से चोट का निशान मिला है। घटना की गंभीरता को देखते हुए फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड को बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की। क्षेत्राधिकारी राठ राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई होगी।

मौरंग लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत, दो गंभीर

समृद्धि न्यूज़, बिवांर (हमीरपुर)।

हमीरपुर-राठ स्टेट हाईवे पर मंगलवार शाम तेज रफ्तार मौरंग लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार तीन लोगों को कुचल दिया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 10 वर्षीय बच्चे समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

ललपुरा थाना क्षेत्र के बजेहटा निवासी आकाश (10), सोनू (19) पुत्र हरदयाल और कृष्णपाल उर्फ बउवा (23) पुत्र शारदा अनुरागी बाइक से बिवांर से छानी जा रहे थे। शाम करीब साढ़े चार बजे छानी पेट्रोल पंप से एक किलोमीटर पहले मौरंग लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रैक्टर चालक दूसरे ट्रैक्टर को ओवरटेक करते समय बाइक को कुचलता हुआ निकल गया।

हादसे में सोनू और कृष्णपाल के दाहिने पैर जांघ के पास से कट गए, जबकि आकाश के सिर और पेट में गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने तीनों को छानी सीएचसी पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान कृष्णपाल की मौत हो गई। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया। कृष्णपाल की पिछले साल ही शादी हुई थी। वह ट्रैक्टर चालक था और चार भाइयों में सबसे छोटा था। थाना प्रभारी योगेंद्र प्रताप ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

ई-लॉटरी से 12 किसानों को मिलेंगे कृषि यंत्र

हमीरपुर। शासन की कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित कल्पवृक्ष सभागार में ई-लॉटरी के माध्यम से 12 किसानों का कृषि यंत्रों के लिए चयन किया गया। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री एवं कृषक समृद्धि आयोग के प्रभारी सदस्य कुलजीत सिंह की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। चयनित किसानों में चार सुपर सीडर, एक श्रवमास्टर, एक रीपर कम बाइंडर, एक शक्तिचालित चाफ कटर, एक रोटावेटर, एक लेजर लैंड लेवलर, एक पावर टिलर तथा एक ट्रैक्टर माउंटेड स्प्रेयर के लाभार्थी शामिल हैं।ई-लॉटरी में चयनित होते ही किसानों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से सूचना भेजी गई। उप कृषि निदेशक ने बताया कि चयनित किसानों को 30 दिन के अंदर सूचीबद्ध कंपनियों से कृषि यंत्र खरीदना होगा। इसके बाद कृषि विभाग के पोर्टल पर बिल अपलोड करना अनिवार्य होगा। यंत्र का सत्यापन होने के बाद अनुदान की धनराशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में भेजी जाएगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम सूची से बहू का नाम गायब, गरीब परिवार ने एसडीएम से लगाई गुहार

- वीडीओ पर मनमाने तरीके से नाम काटने का आरोप
- मजदूरी कर परिवार चलाने वाले रामदीन अहिरवार ने आवास दिलाने की मांग उठाई

समृद्धि न्यूज़, गरौठा (झांसी)।



प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र गरीबों को पक्की छत उपलब्ध कराने के सरकारी दावों के बीच गरौठा तहसील क्षेत्र से एक शिकायत सामने आई है। ग्राम पंचायत केदारताई निवासी रामदीन अहिरवार ने अपनी बहू सुनीता देवी का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम सूची से हटाए जाने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी गरौठा को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा है।शिकायतकर्ता रामदीन अहिरवार के मुताबिक, ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 15 लोगों का लक्ष्य आया था, जिसमें उनकी बहू सुनीता देवी का नाम भी शामिल था। आरोप है कि ग्राम विकास अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता ने उनकी बहू का नाम सूची से काट दिया, जबकि अन्य लोगों को पात्रता का लाभ दे दिया गया। रामदीन का कहना है कि वह बेहद गरीब हैं और मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री आवास योजना से नाम हटाए जाने के कारण उनका परिवार सरकारी आवास के लाभ से वंचित रह गया है। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, नाम काटे जाने का कारण स्पष्ट कराने तथा पात्रता के आधार पर अपनी बहू को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।अब सवाल यह है कि यदि परिवार वास्तव में पात्र है तो उसका नाम अंतिम सूची से किस आधार पर हटाया गया। क्या संबंधित अधिकारी ने नियमानुसार जांच की या फिर पात्रता के बावजूद गरीब परिवार को योजना से वंचित कर दिया गया। शिकायत पर प्रशासनिक जांच और जिम्मेदार अधिकारियों का पक्ष सामने आने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के द्वारा अमर्यादित टीका टिप्पणी किए जाने के विरोध में थाना नवाबाद में तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की गयी है। अधिवक्ता भानू सहाय, राजेंद्र शर्मा, अशोक सक्सेना के साथ प्रदीप नाथ झा, रघुराज शर्मा, उत्कर्ष साहू ने धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम के विरूद्ध थाना नबाबाद में तहरीर देते हुए कहा कि बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के द्वारा भगवान कृष्ण व भगवान राम पर तुलनात्मक प्रवचन करते हुए बहुत ही अमर्यादित टीका टिप्पणी की गयी, जिससे हिन्दू सनातनियों की भावनाएं आहत हुई हैं तथा पूर्व में भी लगातार हिन्दू व सनातन धर्म पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जाता रहा है। जिसमें भगवान राम के पांच पिता, बिना मांग भरी महिला, करवा चौथ को खसम पूजन जैसे अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया है। तहरीर देते हुए धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गयी है।

उज्जवला योजना के 10 लाभार्थी परिवारों को मिली मुफ्त गैस रिफिल



बांदा। उज्ज्वला योजना के तहत 10 पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरित की गई। यह वितरण कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों और जिलाधिकारी ने किया। मुख्यमंत्री के लखनऊ से प्रदेश के पात्र परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण समारोह का सजीव प्रसारण देखा गया। कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से जिले के उज्जवला योजना के 10 लाभार्थी परिवारों को जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल व नगर पालिका चेयरमैन मालती गुप्ता बासू और जिलाधिकारी अमित आसेरी ने संयुक्त रूप से चेक के माध्यम से धनराशि प्रदान की। लाभान्वित होने वालों में नन्हिया पत्नी बाबूलाल, लीला पत्नी संतोष, विमला पत्नी कमलेश, सुमन पत्नी अनिल कुमार, सुनीता पत्नी रामखेलावन, रामसखी पत्नी रामदास, शहीदन पत्नी इमाम बख्श, कमला पत्नी जगराम, गुड़िया पत्नी चुन्नी लाल और अमीना पत्नी लक्ष्मी प्रसाद सहित अन्य लाभार्थी शामिल रहीं। यह धनराशि ई-केवाईसी कराने वाली 10 लाभार्थियों को दी गई। सदर विधायक ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने लाभार्थियों को दीपावली व धनतेरस के अवसर पर निःशुल्क गैस सिलेंडर की सब्सिडी दी जा रही है।

खाद सुरक्षा विभाग ने मिठाई के 22 नमूने भरे

महोबा। दीपावली विशेष अभियान में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने आमजन मानस को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका महोबा में विशेष अभियान चलाया। अभियान में राजस्थानी स्वीट हाउस के यहां से दूध की बर्फी, प्राइवेट बस स्टैंड के पास से गुलाब जामुन, कीरत सागर स्थित लड्डू गोपाल स्वीट हाउस से बेसन का लड्डू, खोया मंडी सुभाष चौकी महोबा स्थित किराने की दुकान से बेसन का नमूना जांच हेतु संग्रह किया। सचल दल टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्रकांत बाजपेई, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा, मनोज कुमार एवं राम लखन कुशवाहा सम्मिलित रहे. दीपावली तक निरंतर अभियान जारी रहेगा। इस अभियान में अभी तक विभिन्न बाजारों से खाद्य पदार्थों मिठाईयों के 22 नमूने संग्रहित किये।

गर्भवती व धात्री महिलाओं के साथ 6 वर्ष तक के बच्चों की पोषण स्थिति का सतत मूल्यांकन हो: जिलाधिकारी

- डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में ली जिला पोषण समिति व कन्वर्जेंस विभागों की मासिक समीक्षा बैठक

समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।



डीएम समीर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति व कन्वर्जेंस विभागों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। जिसमें जिले में संचालित पोषण संबंधी योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरुप सभी योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिल सके। बैठक के दौरान डीएम ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए बच्चों, गर्भवती महिलाओं व धात्री माताओं के पोषण स्तर में सुधार लाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में पोषण ट्रैकर की प्रगति, टीएचआर वितरण, होम विजिट, गम्भीर कुपोषित व मध्यम कुपोषित बच्चो की पहचान, उपचार व फॉलोअप सहित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों का शत प्रतिशत सत्यापन व समय पर डेटा फीडिंग सुनिश्चित की जाए। गृह भ्रमण, वजन व लम्बाई मापन, गर्भवती व धात्री महिलाओं की नियमित निगरानी साथ ही 6 वर्ष तक के बच्चों की पोषण स्थिति का सतत मूल्यांकन किया जाए। डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही पोषण सेवाओं की नियमित निगरानी करने व केंद्रों पर बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुसार पोषाहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उनके स्वास्थ्य व पोषण स्तर में सुधार के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। ऐसे बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराते हुए उनके अभिभावकों को भी संतुलित व पौष्टिक आहार के प्रति जागरुक किया जाए। बैठक में टेक होम राशन वितरण की भी समीक्षा की गई। बैठक में सीएमओ एचएन प्रसाद, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद सिंह, डीपीआरओ राम अयोध्या प्रसाद आदि मौजूद रहे।

पद्मश्री डॉ. अनिल प्रकाश जोशी का जिले में हुआ स्वागत

उरई(जालौन)। सुप्रसिद्ध पर्यावरणविद्, पद्मश्री व पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. अनिल प्रकाश जोशी के नेतृत्व में निकाली गई प्रकृति पथ साइकिल यात्रा का जिले में भव्य स्वागत किया गया। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर जनकपुर (नेपाल) से शुरु हुई यह यात्रा जब जिला मुख्यालय पहुंची तो रहिया स्थित अमृत सरोवर तालाब पर परमार्थ समाज सेवी संस्थान के निदेशक अनिल सिंह ने यात्रा दल का स्वागत किया। स्वागत सभा में अनिल सिंह ने डॉ. जोशी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि डॉ. जोशी ने संसाधन आधारित ग्रामीण विकास, महिला प्रौद्योगिकी, हर्बल कीटनाशक, जल चक्की और वर्षा जल संचयन जैसी कई अवधारणाओं पर काम किया है।पर्यावरणविद् रामकृष्ण शुक्ला ने जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति से जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. जोशी ने कहा कि लगभग एक माह की यात्रा में यह पहला अवसर है जब किसी तालाब और उसके सुंदर परिवेश में स्वागत किया जा रहा है। उन्होंने जल सहेलियों द्वारा जल संरक्षण के कार्यों की सराहना की और कहा कि आज प्रकृति के साथ हो रही छेड़छाड़ चिंता का विषय है। हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीना होगा। उन्होंने अमृत सरोवर तालाब के संरक्षण और नियमित देखभाल की अपील करते हुए कहा कि इसे सामुदायिक भागीदारी से निर्मल और अविरल बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। इस पर समुदाय और जल सहेलियों ने तालाब के संरक्षण और सामूहिक सफाई का आश्वासन दिया।

प्रदेश अध्यक्ष ने पीडीए के जरिए प्रदेश में सपा सरकार बनने का किया दावा

- जन चौपाल व कार्यकर्ता सम्मेलन में सपा प्रदेश अध्यक्ष का भाजपा पर हमला

समृद्धि न्यूज़, नरैनी, बांदा।



सपा के पीडीए जन चौपाल और कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेशाध्यक्ष ने भाजपा सरकारों पर तीखा हमला बोला। कहा कि भाजपा जाति और धर्म की बात करके समाज और देश को बांटने का काम करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मुस्लिम लीग के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में सरकार बनवाई थी। वहीं भाजपा जो आरएसएस की विचारधारा से चलती है, अंग्रेजों से मिलकर देश को कमजोर किया। दावा किया कि 2027 विधान सभा चुनाव में पीडीए के जरिए प्रदेश में एक बार फिर से सपा की सरकार बनेगी। कस्बा स्थित राजकुमार इंटर कालेज परिसर में मंगलवार को सपा का पीडीए जन चौपाल और कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जन चौपाल और सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। सपा प्रदेशाध्यक्ष श्यामलाल पाल का पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। प्रदेशाध्यक्ष ने इस दौरान बूथ और सेक्टर कमेटियों के गठन की समीक्षा की। प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि बूथ स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत करने और घर-घर जाकर पीडीए संदेश पहुंचाने के लिए उन्हें लगातार सक्रिय रहना होगा। भाजपा सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा जाति और धर्म की बात करके समाज और देश को बांटने का काम करती है। मोदी और योगी सरकारें संविधान को खत्म करना चाहती है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पीडीए का जो नारा दिया है, उसे सर्वसमाज को जोड़ने का काम किया गया है। प्रदेश की जनता सत्तारूढ भाजपा सरकार की दूषित नीतियों से आजिज आ चुकी है। 2027 विधान सभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगी। इस दौरान सपा राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री विशंभर निषाद, जिलाध्यक्ष उमेश यादव, ओमनारायण त्रिपाठी विदित, मयंक द्विवेदी, भरतलाल दिवाकर, अशोक सिंह गौर, किरन वर्मा, महेंद्र वर्मा, सत्यनारायण सोनकर, मुन्ना पटेल, सिराज सिद्दीकी, अशोक पांडेय, प्रियांशु गुप्ता, पीयूष गुप्ता समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अवैध बालू खनन पर एसडीएम-सीओ का चला चाबुक, खनन माफियाओं में मचा हड़कंप

समृद्धि न्यूज, पनवाड़ी, महोबा।



पनवाड़ी थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में कथित रूप से संचालित हो रहे अवैध बालू खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) कुलपहाड़ और क्षेत्राधिकारी (सीओ) की संयुक्त टीम ने देर रात छापेमारी कर अवैध बालू खनन में लगे एक ट्रैक्टर को पकड़ कर थाने में खड़ा करा दिया है प्रशासन की इस अचानक कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं कार्रवाई के बाद क्षेत्र में खनन कारोबार से जुड़े लोगों के बीच चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है बताया जाता है कि पनवाड़ी थाना क्षेत्र के नकरा, महुआ, जमाला, किल्हुआ, सेंगरपुरा और वराना सहित कई स्थानों पर रात के अंधेरे में बालू के अवैध खनन की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ लोग कथित रूप से अपने-अपने घाट बनाकर चोरी-छिपे बालू का खनन कर रहे हैं। रात होते ही ट्रैक्टरों के माध्यम से बालू का परिवहन शुरू हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई तो प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ शासन को भी लाखों रुपये के राजस्व की क्षति हो सकती है। क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में एसडीएम और सीओ की संयुक्त कार्रवाई को प्रशासन की सख्ती के रूप में देखा जा रहा है हालांकि अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन की कार्रवाई केवल एक ट्रैक्टर पकड़ने तक ही सीमित रहेगी या फिर नकरा, महुआ, जमाला, किल्हुआ, सेंगरपुरा और वराना सहित अन्य कथित अवैध खनन स्थलों पर भी जांच और छापेमारी की जाएगी।

निजी नर्सिंग होम और मेडिकल स्टोरों पर प्रशासन की कार्रवाई

- शिवराजपुर और शंकरगढ़ क्षेत्र में जांच के दौरान मिलीं अनियमितताएं

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। प्रयागराज की बारा तहसील में बिना पर्याप्त संसाधनों और आवश्यक व्यवस्थाओं के संचालित हो रहे निजी नर्सिंग होम एवं मेडिकल स्टोरों के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की है। शिवराजपुर और शंकरगढ़ क्षेत्र में जांच के दौरान अनियमितताएं मिलने पर प्रज्ञा नर्सिंग होम और कौशल्या देवी नर्सिंग होम को सीज कर दिया गया। इसके साथ ही नियमों का पालन नहीं करने वाले संबंधित मेडिकल स्टोरों पर भी कार्रवाई की गई।

प्रशासनिक जांच में दोनों नर्सिंग होम में आवश्यक सुविधाओं और व्यवस्थाओं से जुड़ी कमियां सामने आईं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अर्पित कुमार ने जांच के बाद संबंधित संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की।

इस कार्रवाई से क्षेत्र में निजी अस्पतालों और मेडिकल स्टोर संचालकों के बीच हलचल मच गई है।

अभियान के दौरान मेडिकल स्टोरों पर दवाओं के रखरखाव और निर्धारित नियमों के पालन की जांच की गई। अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित मेडिकल स्टोरों को सीज करने की कार्रवाई की गई। प्रशासन की ओर से बारा तहसील के अन्य निजी अस्पतालों और मेडिकल स्टोरों की भी जांच किए जाने की संभावना है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बारा तहसील के ग्रामीण इलाकों में निजी अस्पतालों और मेडिकल स्टोरों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में इनके पंजीकरण, डॉक्टरों की उपलब्धता, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों और आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं की नियमित जांच जरूरी है। लोगों ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से संयुक्त अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि मरीजों को सुरक्षित और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

जिलाधिकारी ने खेत में उतरकर कराई धान की क्रॉप कटिंग, एक डिसमिल में मिली 37 किलो 70 ग्राम उपज

- अच्छी पैदावार पर कृषक रामतेज यादव को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित, किसानों में वितरित कराया निःशुल्क सरसों का बीज।
- क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर निर्धारित होती है फसलों की औसत उत्पादकता, फसल बीमा एवं क्षतिपूर्ति निर्धारण में भी है महत्वपूर्ण भूमिका।

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। खरीफ फसल की वास्तविक उत्पादकता का आकलन करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को पडरौना तहसील क्षेत्र के ग्राम परसौनी कला में धान की क्रॉप कटिंग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं खेत में उतरकर अपने हाथों से धान की कटाई कर क्रॉप कटिंग प्रयोग की शुरुआत कराई। उन्होंने कृषक के साथ फसल की स्थिति एवं उत्पादन का जायजा लिया तथा धान की खेती से जुड़ी विभिन्न जानकारियां हासिल कीं।

राजस्व विभाग की ओर से ग्राम परसौनी कला निवासी कृषक रामतेज यादव के खेत में शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार प्लॉट तैयार कर क्रॉप कटिंग कराया गया। इस दौरान एक डिसमिल क्षेत्रफल में कुल 37 किलो 70 ग्राम धान की उपज प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने कृषक से धान की प्रजाति, इस्तेमाल किए गए बीज, फसल की स्थिति एवं खेती के तौर-तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। अच्छी पैदावार प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने कृषक रामतेज यादव को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया तथा उनकी मेहनत और लगन की सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि क्रॉप कटिंग प्रयोग किसानों की मेहनत और फसल उत्पादन की वास्तविक स्थिति का आकलन करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

इसके माध्यम से निर्धारित क्षेत्रफल में फसल की कटाई कर प्राप्त उपज का वजन किया जाता है, जिसके आधार पर संबंधित क्षेत्र की प्रति हेक्टेयर औसत उत्पादकता निर्धारित की जाती है। जनपद में चयनित खेतों में कराए जाने वाले इन प्रयोगों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर विभिन्न फसलों के औसत उत्पादन एवं जनपद के कुल कृषि उत्पादन का आकलन कर शासन को रिपोर्ट प्रेषित की जाती है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में क्रॉप कटिंग के सभी प्रयोग शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सटीकता के साथ संपन्न कराए जाएं। क्रॉप कटिंग के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्राप्त आंकड़ों को समय से शासन को प्रेषित किया जाए, जिससे फसलों की वास्तविक उत्पादकता का सही आकलन हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि चयनित सभी गाटा संख्याओं में निर्धारित समयावधि के भीतर क्रॉप कटिंग की कार्यवाही पूर्ण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़े प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल क्षति के आकलन एवं पात्र किसानों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति दिए जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक आपदा अथवा अन्य कारणों से फसल को हुए नुकसान के आकलन एवं मुआवजा निर्धारण में भी इन आंकड़ों का उपयोग किया जाता है। इस दौरान जिलाधिकारी के माध्यम से कृषि विभाग द्वारा मौके पर उपस्थित कृषकों रामजी यादव, सुभाष, घनश्याम, अखिलेश, शारदा नारायण, रामदेव, मीनाक्षी, जनार्दन, चंद्रिका, शारदा सहित अन्य किसानों को निःशुल्क सरसों के बीज का वितरण कराया गया।

जिलाधिकारी ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित कराने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पडरौना, उप कृषि निदेशक, अपर सांख्यिकी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, कानूनगो सहित राजस्व एवं कृषि विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस मुठभेड़ में एक तस्कर को लगी गोली, दो गिरफ्तार

- बोलेरो में सीट हटाकर करते थे गोवंशो की तस्करी
- बैरियर तोड़कर भाग रहे तस्करों को रामकोला में पुलिस ने घेरा, तमंचा, कारतूस, बोलेरो और बछड़ा बरामद

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। जनपद के रामकोला थाना क्षेत्र में सोमवार की रात पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग करने वाले एक तस्कर को जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों के कब्जे से 315 बोर का तमंचा, कारतूस, बोलेरो वाहन, एक बछड़ा और 1856 रुपये नकद बरामद किए गए। घायल तस्कर को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार सोमवार रात आरटी सेट पर सूचना मिली कि रगड़गंज बैरियर तोड़कर एक बोलेरो भाग रही है। इस पर रामकोला, पडरौना कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए धर्मसमदा मंदिर के पास घेराबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान संदिग्ध बोलेरो को रोकने का प्रयास किया गया तो उसमें सवार आरोपित भागने लगे। पुलिस का दावा है कि इस दौरान एक आरोपी ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से सदरे आलम उर्फ छोटू निवासी हरिहर छपरा, पडरौना घायल हो गया। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। वहीं फरार होने की कोशिश कर रहे उसके साथी अली खान को भी कुछ दूरी पर पकड़ लिया गया।

पिकअप छोड़ बोलेरो को बनाया तस्करी का जरियाः- पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस को बताया कि वे कई वर्षों से गोवंशीय पशुओं की तस्करी कर रहे थे। पुलिस की निगरानी और लगातार कार्रवाई के चलते उन्होंने पिकअप से तस्करी करना बंद कर दिया था। इसके बाद बोलेरो की बीच और पीछे की सीटें हटाकर उसमें गोवंशीय पशुओं को लादने लगे, ताकि वाहन सामान्य सवारी गाड़ी दिखाई दे।

कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों को लेकर डीएम-एसपी ने की समीक्षा

- 23 से 25 नवम्बर तक डलमऊ में होगा मेला एवं मुख्य स्नान पर्व
- श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं पर विशेष जोर

समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं मुख्य स्नान पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने तहसील डलमऊ सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। 23, 24 एवं 25 नवम्बर को आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समय से व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि



डलमऊ गंगा घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में उनकी सुरक्षा एवं सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। पेयजल, स्वच्छ शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, घाटों पर बैरिकेडिंग, चिकित्सा शिविर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। स्नान घाटों पर पर्याप्त गोताखोरों की तैनाती के साथ नाव, नाविक एवं स्टीमर की व्यवस्था भी की जाए। मेला क्षेत्र और आवागमन मार्गों की मरम्मत तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने तथा खोया-पाया केंद्र, कंट्रोल रूम, वॉच टावर, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम एवं रस्सा पार्टी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा।बैठक के बाद डीएम एवं एसपी ने अधिकारियों के साथ मेला स्थल और गंगा घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, सहदेव मिश्र, विशाल यादव, अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, एसडीएम डलमऊ प्रीति सिंह, सीओ गिरिजा शंकर त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम प्रधान लापता, अपहरण की आशंका

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। जिले के थरवई थाना क्षेत्र के मनसेता गांव के ग्राम प्रधान जानकीनाथ यादव के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर थरवई पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने ग्राम प्रधान के अपहरण की आशंका जताते हुए अनहोनी की आशंका व्यक्त की है। शिकायत के मुताबिक शाम करीब सात बजे ग्राम प्रधान जानकीनाथ यादव मोबाइल पर बात करते हुए घर से बाहर टहलने निकले थे। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में वह शाम 7:24 बजे तक दिखाई दिए। इसके बाद अचानक उनका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने उनके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला। परिजनों और ग्रामीणों ने पूरी रात गांव तथा आसपास के इलाकों में उनकी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। सुबह थरवई पुलिस को सूचना दी गई। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी लगातार तलाश के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिल सका।

ग्राम प्रधान के भाई छत्रपाल ने थरवई थाने में प्रार्थना पत्र देकर आशंका जताई कि उनके भाई का अपहरण कर लिया गया है और उनके साथ अनहोनी हो सकती है। उन्होंने पुलिस से मामले में उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

ग्राम प्रधान के लापता होने के मामले में भाजपा नेताओं और प्रधान संघ के प्रतिनिधियों ने भी पुलिस प्रशासन से जल्द तलाश करने की मांग की है। भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य हिंदू अभिषेक यादव ने पुलिस कमिश्नरेट के अपर पुलिस उपायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर मामले में प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

रामेश्वरी देवी सिन्हा की 30वीं पुण्यतिथि पर स्मृति सम्मान समारोह सम्पन्न

समृद्धि न्यूज ब्यूरो

रायबरेली। रामेश्वरी मानव कल्याण समिति, देवानन्दपुर के तत्वावधान में स्व. रामेश्वरी देवी सिन्हा, संस्थापिका एवं पूर्व प्रधानाचार्या श्री के.बी. सिन्हा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की 30वीं पुण्यतिथि पर सिन्हा कुटीर में स्मृति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कृष्ण शरण सिंह (आईएएस), पूर्व मुख्य सचिव गोवा सरकार एवं सभाध्यक्ष रमेश कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा माता रामेश्वरी देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।समारोह में शिक्षा, साहित्य एवं समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, श्रीमती अनुपम सिन्हा तथा विधि शिक्षा के माध्यम से युवाओं को दिशा देने वाले अधिवक्ता यशपाल सिंह को माला,



अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर रामेश्वरी सारस्वत सुधा सम्मान से सम्मानित किया गया। कवयित्री नूरजहां को भी सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि कृष्ण शरण सिंह ने रामेश्वरी देवी को क्षेत्र के शैक्षिक उत्थान की महान विभूति बताते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। बृजेन्द्र शरण श्रीवास्तव गांधी ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन और बालिका शिक्षा के लिए किए गए योगदान पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर काव्य गोष्ठी एवं बौद्धिक विचार संगोष्ठी भी हुई। दुर्गाशंकर वर्मा 'दुर्गेश' ने संचालन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षाविद्, साहित्यकार, अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत दो व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई

- जिला मजिस्ट्रेट ने गिरफ्तारी एवं व्यक्तिगत बंधपत्र पर रिहाई का दिया आदेश

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट कुशीनगर द्वारा उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 की धारा 3 की उपधारा (1) के अंतर्गत दो व्यक्तियों के विरुद्ध नोटिस जारी करते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को गिरफ्तारी कर उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार सुवाष कुशवाहा पुत्र मोहन कुशवाहा निवासी सरया खुर्द, थाना तमकुहीराज तथा मुगले आलम पुत्र इस्लाम निवासी विशुनपुरा, थाना रामकोला, जनपद कुशीनगर के विरुद्ध उक्त अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। जिला मजिस्ट्रेट ने प्रभारी निरीक्षक थाना तमकुहीराज एवं प्रभारी निरीक्षक थाना रामकोला को संबंधित व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया हैं। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि दोनों व्यक्ति आगामी 20 नवंबर को जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थित होंगे तथा अग्रिम आदेश तक उपस्थित होते रहेंगे। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को 50,000 रुपये के व्यक्तिगत बंधपत्र तथा समान धनराशि की एक प्रतिभूति अथवा निर्धारित शर्तों के अनुसार दो प्रतिभूतियां प्रस्तुत करनी होंगी। निर्धारित शर्तों का अनुपालन करने पर उन्हें निर्मुक्त किया जा सकता है। जिला मजिस्ट्रेट ने संबंधित थाना प्रभारियों को आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया हैं।

वृहद रोजगार मेले में 1153 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन

- डीएम ने चयनित अभ्यर्थियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से फिरोज गांधी पॉलीटेक्निक कॉलेज, रतापुर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 53 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 2382 अभ्यर्थियों ने रोजगार पाने के लिए हिस्सा लिया।

विभिन्न कंपनियों की साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के बाद 1153 अभ्यर्थियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया।

कुछ कंपनियों के चयन परिणाम अभी लंबित हैं।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का शुभारम्भ किया। उन्होंने



विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों एवं अभ्यर्थियों से संवाद कर रोजगार के अवसरों और चयन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता भी उपस्थित रहीं।

मेले में टाटा मोटर्स, जेके टायर, सुजलॉन एनर्जी, क्विस कॉर्पोरेशन, अम्बर इंटरप्राइजेज सहित 53 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए।कार्यक्रम के अंत में जिला सेवायोजन अधिकारी डॉ. दिनकर कुमार एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने अतिथियों, नियोजकों एवं अभ्यर्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एसएस पाण्डेय एवं सर्वेश कुमार राय ने किया। रोजगार मेले के सफल आयोजन में कॉलेज, कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

राष्ट्रीय ग्राम शिल्प महोत्सव में रंजना त्रिपाठी ने छठ व देवी गीतों से बिखेरा रंग

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। नैनी स्थित एनएसआईसी परिसर, उद्योग नगर में आयोजित राष्ट्रीय ग्राम शिल्प महोत्सव-2026 में आकाशवाणी एवं दूरदर्शन की लोक गायिका श्रीमती रंजना त्रिपाठी ने छठ गीत एवं देवी गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। उनकी मधुर आवाज और पारंपरिक लोकगीतों ने कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंजना त्रिपाठी ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से लोक संस्कृति, परंपरा और भक्ति की सुंदर छटा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर लोक संगीत का आनंद लिया। इस अवसर पर आयोजकों की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी कलाकारों, अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

जिलाधिकारी ने क्रॉप कटिंग कराकर धान की उत्पादकता का किया आकलन



समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। धान की पैदावार की हकीकत देखने के लिए जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने सदर तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड राही की ग्राम राही में पहुंची। उनकी देखरेख में क्रॉप कटिंग कर उत्पादकता का आकलन किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल धान कटाई के 04 खेतों मे प्रयोग किए गए। एक निश्चित त्रिकोण क्षेत्र में फसल कटाई करके यह देखा गया कि कितनी उत्पादकता प्राप्त हो रही है।जिसके अंतर्गत चार खेतों में क्रॉप कटिंग की गई, जिसमें गाटा संख्या 2239 में 31.600 किग्रा के हिसाब से 73 कुंतल/हेक्टेयर उत्पादकता उपज प्राप्त हुई। इसी प्रकार गाटा संख्या 1916 में 16.100 किग्रा के हिसाब से 37 कुंतल/हेक्टेयर, गाटा संख्या 554 में 19.450 किग्रा के हिसाब से 45 कुंतल/हेक्टेयर एवं गाटा संख्या 2098 में 26.000 किग्रा के हिसाब से 60 कुंतल/हेक्टेयर उत्पादकता उपज प्राप्त हुई। इस मौके पर तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक हरीलाल, लेखपाल अवनीश प्रताप सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय किसान उपस्थित रहे।

दीपावली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

समृद्धि न्यूज़

महराजगंज। दीपावली पर्व के मद्देनजर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

मंगलवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने शहर के विभिन्न मिठाई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए। इस दौरान 80 किलोग्राम दूषित खोया बरामद होने पर उसे मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। नष्ट किए गए खोये की अनुमानित कीमत 24 हजार रुपये बताई गई है।आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ के आदेश तथा प्रभारी सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय केके उपाध्याय के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत टीम ने सबसे पहले बांसपार रोड स्थित उपेंद्र मिष्ठान



भंडार का निरीक्षण कर खोया का नमूना संग्रहित किया। इसके बाद कोतवाली के निकट स्थित नागेंद्र मिष्ठान भंडार से सोनपापड़ी का नमूना लिया गया। वहीं इंद्रानगर स्थित सुरेश मिष्ठान भंडार का निरीक्षण कर खोया का नमूना संग्रहित किया गया।निरीक्षण के दौरान 80 किलोग्राम दूषित खोया मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने उसे तत्काल मौके पर ही नष्ट करा दिया। साथ ही संबंधित प्रतिष्ठानों के संचालकों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार अभियान के तहत मंगलवार को कुल तीन नमूने संग्रहित किए गए हैं।

अनियंत्रित डंपर ने 10 दुकानों के टीनशेड और गुमटियां किया क्षतिग्रस्तत

अमावां-रायबरेली। मिल एरिया थाना क्षेत्र के रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर सोमवार की देर रात एक अनियंत्रित डंपर ने तकिया चौराहे के पास जमकर तबाही मचाई। तेज रफ्तार डंपर सड़क किनारे स्थित करीब 10 दुकानों के सामने लगे टीनशेड, पान की गुमटियों और बाहर रखे सामान को तोड़ता हुआ निकल गया। हादसे में दुकानदारों को लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।जानकारी के अनुसार, सोमवार रात करीब 1:30 बजे डंपर फैजाबाद से रायबरेली की ओर जा रहा था। तकिया चौराहे के पास पहुंचते ही चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। डंपर की चपेट में सचिन गुप्ता का किराना स्टोर, शोएब-शाहरुख का बिसातखाना, जयशंकर साहू की टिक्की-बताशा दुकान, प्रेम साहू का पानी एवं होटल प्रतिष्ठान, शिवम चौरसिया और पवन चौरसिया की पान की दुकान, भीम सविता की बार्बर शॉप तथा कृष्ण कुमार और गुड्डू के व्यापारिक प्रतिष्ठान आ गए।

चार माह से मजदूरी के लिए तरस रहे श्रमिक, त्योहार से पहले भुगतान की उम्मीद

- महराजगंज ब्लॉक में 1100 मनरेगा मजदूरों की 52 लाख मजदूरी और कर्मचारियों का 18 लाख मानदेय लंबित।

समृद्धि न्यूज़

महराजगंज-रायबरेली। मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम किए जाने के बावजूद ग्रामीण मजदूरों की आर्थिक स्थिति में कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है। महराजगंज विकासखंड में पिछले चार माह से मजदूरी और मानदेय का भुगतान नहीं होने से श्रमिकों एवं योजना से जुड़े कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। विकासखंड में करीब 1100 श्रमिकों की 52 लाख




रुपये मजदूरी बकाया है। वहीं रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर और एपीओ सहित योजना से जुड़े कर्मचारियों का लगभग 18 लाख रुपये मानदेय भी लंबित है। इस तरह कुल करीब 70 लाख रुपये का भुगतान अटका हुआ है।सबसे अधिक परेशानी गरीब मजदूर परिवारों को हो रही है। धनतेरस, दीपावली और भैया दूज जैसे त्योहार नजदीक हैं, लेकिन मेहनत करने के बावजूद श्रमिकों को उनकी कमाई नहीं मिल सकी है। त्योहार की तैयारियों के बीच मजदूर परिवार घर का जरूरी खर्च चलाने को लेकर परेशान हैं।सरकार ग्रामीण रोजगार और गरीबों के आर्थिक सशक्तीकरण की बात करती है, लेकिन समय से मजदूरी का भुगतान नहीं होना इन दावों पर सवाल खड़े कर रहा है।

श्रमिकों का सवाल है कि आखिर चार महीने से उनकी मेहनत की कमाई क्यों अटकी है? क्या शासन से धनराशि नहीं मिली या प्रशासनिक स्तर पर भुगतान की प्रक्रिया लंबित है?अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी त्योहार से पहले बकाया भुगतान सुनिश्चित कराते हैं या श्रमिकों को आर्थिक तंगी के बीच ही दीपावली मनानी पड़ेगी।

संक्षिप्त खबरें

खाद्य विभाग की छापामार कार्रवाई से हड़कंप



छिबरामऊ, कन्नौज। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के मंडलायुक्त कानपुर के निर्देश पर इटावा की टीम ने नगर में छापामार अभियान चलाया। इससे व्यापारियों में हड़कंभ मच गया। टीम लीडर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविभान सिंह व कपिल गुप्ता की टीम ने नगर में पीपल चौराहे के पास सियाराम वर्मा स्वीट्स पर जांच पड़ताल की और बूंदी के लड्डू एवं खोया का सैंपल लिया। टीम ने मिठाई बनने वाले स्थान का भी निरीक्षण किया और वहां पर पर्याप्त सफाई व्यवस्था देख कर संतोष जताया।मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश कुमार ने प्रतिष्ठान के स्वामी गौरव वर्मा से कहा मिठाई के निर्माण में रंग का इस्तेमाल नहीं करें। हर मिठाई की ट्रे पर निर्माण एवं एक्सपायरी की तारीख प्रदर्शित करें।

उमरा की पवित्र यात्रा पर रवाना हुए दस जायरीन



छिबरामऊ, कन्नौज। नगर और आसपास के क्षेत्र के दस जायरीन उमरा की पवित्र यात्रा के लिए रवाना हुए। परिजनों, रिश्तेदारों और नगरवासियों ने फूल-मालाएं पहनाकर उन्हें भावभीनी विदाई दी और मुबारकबाद देते हुए सकुशल यात्रा की दुआ की। नगर के मोहल्ला बिरतिया ऊंचा निवासी मो. इरशाद पुत्र मो. मीर (सेंटर), मो. शब्बीर, ग्राम सरदापुर निवासी महफूज अली, आमना खातून, मो. अहमद हुसैन (सूफी साहब), जुम्मन अली, मुन्नी बेगम, मुशर्रफ अली, सनोवर फातिमा और अब्दुल कयूम सहित दस जायरीन बुधवार सुबह करीब तीन बजे दिल्ली के लिए रवाना हुए। वहां से रात करीब आठ बजे उनकी जेद्दा के लिए उड़ान निर्धारित है। इसके बाद वे मक्का और मदीना पहुंचकर उमरा की धार्मिक रस्में अदा करेंगे। यात्रा से पहले सोमवार को उनके आवास पर शुभचिंतकों और रिश्तेदारों का दिनभर आना-जाना लगा रहा। लोगों ने उन्हें मुबारकबाद देते हुए देश में अमन, खुशहाली और भाईचारे के लिए दुआ करने की अपील की। इस दौरान मो. शानू, मीर हमजा, हुमैर, आफिया, फायजा सहित परिवार के अन्य लोगों ने भी जायरीनों को शुभकामनाएं देकर विदाई दी।

ज्वेलर्स की दुकानों पर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



छिबरामऊ, कन्नौज। धनतेरस और दीपावली पर्व को देखते हुए कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे ने पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य बाजार में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस टीम ने ज्वेलर्स की दुकानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर सुरक्षा इंतजामों की जांच की। पुलिस ने दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति देखी। जांच के दौरान कुछ दुकानों पर कैमरे बंद मिले, जिन्हें तत्काल चालू कराने के निर्देश दिए गए। वहीं, कई दुकानों पर कैमरों का एंगल सही नहीं पाया गया। इस पर दुकानदारों को कैमरों की दिशा ठीक कराने और पूरी दुकान पर नजर रखने की व्यवस्था करने को कहा गया। कोतवाली प्रभारी ने व्यापारियों को त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, दुकानों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

कैंसर पीड़ित हर्षदीप की मदद को आगे आए पूर्व विधायक ताहिर हुसैन



छिबरामऊ, कन्नौज। मोहल्ला कस्सावान की नई बस्ती स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर रोड निवासी हर्षदीप लंबे समय से कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। लगातार इलाज कराने के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हो गई है। आर्थिक तंगी के चलते उनके उपचार में भी परेशानी आने लगी है। यहां तक की बच्चों की पढ़ाई व जीवन यापन में भी समस्याएं आने लगी। पीड़ित ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से आर्थिक मदद की गुहार लगाई थी। हर्षदीप की परेशानी सामने आने पर मोहल्ला कस्सावान निवासी रानू कुरैशी ने सोशल मीडिया के माध्यम से क्षेत्र के सभी दलों के नेताओं से उनकी मदद करने की अपील की। रविवार देर शाम मामले की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी हर्षदीप के आवास पहुंचे और आर्थिक सहयोग किया। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष से बात करने, पीड़ित परिवार को उनसे मिलवाने तथा इलाज में हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान लल्लन अग्निहोत्री, बबल राठौर, पिंटू यादव, प्रीतेश तोमर, अख्तर अंसारी, अजीम कुरैशी, गोविंद यादव और हाफिज आरिफ मौजूद रहे। पूर्व विधायक के जाने के कुछ देर बाद पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी उमर फारूक उर्फ बंटी भैया ने भी हर्षदीप से मुलाकात कर आर्थिक सहयोग करने और अन्य लोगों से भी मदद दिलाने का भरोसा दिया। उनके साथ आदिल खान, सुशांत सिंह, अरशद खान और अमन यादव रहे। सोमवार सुबह सपा नेता अच्छे खान, अख्तर अंसारी, अजीम कुरैशी और कुलदीप ने भी पहुंचकर हर्षदीप का हालचाल जाना।

दीपावली पर उज्ज्वला लाभार्थियों को मिली गैस रिफिल सब्सिडी की सौगात

- **मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 1.89 करोड़ परिवारों के खातों में भेजे 1500 करोड़ रुपये।**

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को रसोई गैस रिफिल सब्सिडी की सौगात मिली। मंगलवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत और डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान लखनऊ के लोकभवन से मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर प्रदेश के 1.89 करोड़ पात्र परिवारों के लिए 1500 करोड़ रुपये की सब्सिडी हस्तांतरित की।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। मंत्री ने लाभार्थी रीता, सुमन, शीतला, मरजीना, पिंकी, जानवती, ममता, सीमा और अनीता समेत अन्य महिलाओं को प्रतीकात्मक डेमो चेक दिए।

मंत्री ने कहा कि उज्ज्वला योजना महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने के साथ उनके स्वास्थ्य और सम्मान की रक्षा कर रही है।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी और जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्र सहित अधिकारी व लाभार्थी मौजूद रहे।

जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर के मंच पर किया प्रतिनिधित्व



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने नोएडा में 30 एवं 31 अक्टूबर को आयोजित दो दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय स्तर के मंच पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इस वर्ष सम्मेलन की थीम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैश्विक एकता, संवाद, सहयोग एवं कूटनीतिक समझ विकसित करना था। प्रिंसिपल डॉक्टर रूबी यादव ने बताया इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में यहां की छात्राओं कृतिका यादव एवं जस्मीत कौर ने प्रतिनिधित्व किया। दोनों छात्राओं ने विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ सहभागिता करते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा, विचार-विमर्श एवं तर्कपूर्ण अभिव्यक्ति का अनुभव प्राप्त किया। दो दिवसीय सम्मेलन में विद्यार्थियों ने विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों की भूमिका निभाई तथा सार्वजनिक भाषण, शोध, नेतृत्व, वार्ता कौशल और निर्णय क्षमता जैसे महत्वपूर्ण कौशलों का विकास किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बनाया तथा विविधता में एकता का संदेश दिया। यह सहभागिता दोनों छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षिक अनुभव रही, जिसने उनके आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व विकास को नई दिशा प्रदान की। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के लिए यह गर्व का विषय रहा कि उसकी छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर के इस मंच पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत, मचा कोहराम

कन्नौज। सदर कोतवाली क्षेत्र के जसौली गांव में पंप हाउस पर काम करते समय हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। काम के दौरान पाइप हाईटेंशन लाइन से छू गया, जिससे मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। साथी मजदूर आनन-फानन में उसे मरणासन्न हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर हरिमाधव शरण ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान झारखंड निवासी जुगराम के रूप में हुई। वह मजदूरी करने के लिए कन्नौज आया था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने साथ काम करने वाले मजदूरों से पूछताछ कर मृतक के परिजनों से संपर्क किया और उन्हें हादसे की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

नायक फिल्म के अनिल कपूर की स्टाइल में मंत्री ने दिखाई सख्ती, रिश्वतखोर डॉक्टर निलंबित

- **प्रसूता से पांच हजार रुपये मांगने और एनिस्थीसिया दिए बिना लौटाने का आरोप।**
- **असीम अरुण की शिकायत पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लिया तत्काल एक्शन।**

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। फिल्म 'नायक' में अनिल कपूर के मुख्यमंत्री वाले अंदाज की तरह मंत्री असीम अरुण ने भी एक शिकायत पर तत्काल सख्ती दिखाई। जिला अस्पताल में प्रसूता से पांच हजार रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में डॉक्टर डॉ. रविन्द्र कुमार को निलंबित कर दिया गया। मंत्री की शिकायत पर डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने मामले का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की।

आरोप है कि जिला अस्पताल में प्रसव के लिए पहुंची महिला को ऑपरेशन से पहले एनिस्थीसिया देने के नाम पर डॉक्टर ने पांच हजार रुपये मांगे। रुपये नहीं देने पर बिना इंजेक्शन लगाए ही महिला को वापस कर दिया। इसके बाद परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां ऑपरेशन से सुरक्षित प्रसव कराया गया।

महिला के पति ने मामले की शिकायत समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण से की। मंत्री ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीधे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक तक पहुंचाया। इसके बाद डॉक्टर पर निलंबन की कार्रवाई हुई।

मंत्री असीम अरुण ने दो टूक कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में भ्रष्टाचार और मरीजों के साथ लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर इलाज देना होगा। इलाज के नाम पर वसूली और लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

आज मनेगा आकाश एजुकेशन सेंटर का वार्षिक उत्सव 'गैलेक्सी ईव', तैयारियां पूरी

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर ही नहीं पूरे जनपद में अपनी उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था के लिए सुप्रसिद्ध आकाश एजुकेशन सेंटर उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक उत्सव 'गैलेक्सी ईव' आज सायं 6 बजे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

जनपद में यूपी बोर्ड का यह एकमात्र अंग्रेजी मीडियम का प्रतिष्ठित विद्यालय है, जो शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और सर्वांगीण विकास के लिए जाना जाता है। वार्षिक उत्सव को लेकर विद्यालय में छात्र-छात्राएं अपनी प्रस्तुतियों की तैयारी में जुटे हुए हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छिबरामऊ के उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी तथा विशेष अतिथि के रूप में कन्नौज के जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज उपस्थित रहेंगे।

विद्यालय के प्रबंधक डॉ. आर.के. कटियार ने बताया कि यह उत्सव बच्चों की प्रतिभा को निखारने का मंच है। हमारा उद्देश्य है कि हर बच्चे को अपनी कला दिखाने का अवसर मिले। इस बार छात्र नृत्य, संगीत, नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय के निदेशक आकाश कटियार एवं प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने बताया कि कार्यक्रम ठीक सायं 6 बजे प्रारंभ होगा, इसलिए सभी अभिभावकों से निवेदन है कि वे साढ़े 5 बजे तक अपना स्थान ग्रहण कर लें।

रामलीला में गूंजा अंगद-रावण संवाद

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के तिर्वा रोड स्थित नई गल्ला मंडी में चल रहे नव निर्मित आदर्श रामलीला समिति के रामलीला महोत्सव में सोमवार देर रात अंगद-रावण संवाद और लक्ष्मण शक्ति की मार्मिक लीला का मंचन किया गया।

जैसे ही अंगद रावण के दरबार में पहुंचे और श्रीराम का संदेश सुनाया, पूरे पंडाल में जय श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। अंगद ने रावण को अहंकार छोड़कर शरण में आने की सीख दी, वहीं अहंकारी रावण ने उनकी बात ठुकरा दी। दोनों के बीच हुए तीखे संवाद और अंगद के पैर जमाने के दृश्य ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। कलाकारों के सजीव अभिनय ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इसके बाद लक्ष्मण शक्ति का दृश्य मंचित हुआ। मेघनाद द्वारा शक्ति बाण चलाने पर लक्ष्मण के मूर्छित होते ही वातावरण गमगीन हो गया। राम का विलाप और हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने के दृश्य को देख कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मयंक कुमार गुप्ता ने कहा, हमारी समिति का उद्देश्य केवल रामलीला दिखाना नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों, भाईचारे और सत्य की जीत के संदेश से जोड़ना है। अंगद-रावण संवाद हमें सिखाता है कि अहंकार कितना भी बड़ा क्यों न हो, विनम्रता और धर्म के आगे झुक ही जाता है। हम हर वर्ष इस मंच को और भव्य बनाने का प्रयास करते हैं ताकि गुरसहायगंज की सांस्कृतिक विरासत बनी रहे। उन्होंने सभी नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रामलीला का आनंद लेने और सहयोग करने की अपील की।

इस दौरान मेला परिसर में भारी भीड़ रही। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस मौके पर नीरज मिश्रा रामकुमार पाठक देवेंद्र देव संजीव गुप्ता डॉक्टर सुधीर दिक्षित नीरज मिश्रा विजय गुप्ता शाहिद समिति के पदाधिकारी और हजारों की संख्या में श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

दिवाली के फेस्टिवल सीजन में बाइक खरीदने का सुनहरा मौका



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। दीपावली पर फेस्टिवल सीजन में बाइक खरीदने का सुनहरा मौका है। इन दिनों सूरज टीवीएस में ऑफरों की बौछार चल रही है। एक बाइक खरीदने पर चार उपहार साथ में दिए जा रहे हैं। नगर में पश्चिमी बाईपास पर हाईवे के किनारे सूरज टीवीएस शोरूम के संचालक अर्जुन दुबे का कहना है इस बार दीपावली 4 गुना खुशी के साथ मनाएं क्योंकि टीवीएस मोटरसाइकिल के मॉडलों पर 4 सुनिश्चित उपहार भी दिए जा रहे हैं। निदेशक प्रवीन दुबे ने बताया सुनिश्चित उपहार के अलावा भी कई आकर्षक स्कीम हैं। उन्होंने कहा केवल आधार कार्ड लाएं और बाइक या स्कूटी फाइनेंस पर घर ले जाएं। दीपावली पर यह ऑफर कुछ दिनों के लिए ही है अतः जल्दी से जल्दी बुकिंग कराएं और फेस्टिवल ऑफर प्राप्त करें।

जनगणना के दूसरे चरण के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण संपन्न

गुरसहायगंज कन्नौज। नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में जनगणना 2027 के दूसरे चरण के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण रविवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण में जनगणना नोडल अधिकारी अंशु साहू तथा मास्टर ट्रेनर सुस्मित और मृदुल मिश्रा ने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना कार्य की बारीकियों से अवगत कराया। जनगणना प्रक्रिया, दिशा-निर्देशों, सूचनाओं के सही संकलन और प्रश्नावली भरने के तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। फील्ड ट्रेनर सुनील सिंह (मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज) एवं हरिओम (पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज) ने फील्ड में आने वाली चुनौतियों और प्रक्रिया के अनुरूप सूचना दर्ज करने के तरीके समझाए। नोडल अधिकारी अंशु साहू ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से गंभीरता, सजगता और जिम्मेदारी के साथ शुद्धता व पारदर्शिता बनाए रखते हुए कार्य करने का आह्वान किया। इस मौके पर अभिषेक कुमार वर्मा डॉक्टर अमीर हम्ज़ा दुर्ग विजय आलोक कुमार पुष्पेंद्र प्रताप सिंह विजय शंकर पाठक करतार सिंह यादव के अलावा नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार एवं स्टाफ मौजूद रहा।

उमराह से लौटे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज, कन्नौज। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी आज उमराह का पाक सफर मुकम्मल करके सकुशल अपने वतन लौट आए। उनके लौटने की खबर मिलते ही नगर के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर मुलाकात की।

इस मौके पर सभासद अयूब सिद्दीकी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने हाजी तहसीन सिद्दीकी को उमराह की मुबारकबाद पेश की और फूल मालाओं से उनका इस्तकबाल किया। लोगों ने एक-दूसरे से मिलकर खुशी का इजहार किया। हाजी तहसीन सिद्दीकी ने कहा अल्लाह का शुक्र है कि उसने मुझे अपने घर का दीदार करने का मौका दिया। मैंने हरम शरीफ में मुल्क की अमन-ओ-अमान, भाईचारे और गुरसहायगंज व छिबरामऊ की आवाम की खुशहाली के लिए दुआ मांगी है। आप सभी लोगों ने जो मोहब्बत और दुआएं दी हैं, मैं आप सबका तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।

उन्होंने कहा कि उमराह का सफर रूहानी सुकून देने वाला है और हर मुसलमान की ख्वाहिश होती है कि वो इस पाक सफर पर जाए।

धान खरीद शून्य, डीएम ने अधिकारियों को लगाई कड़ी फटकार

कन्नौज। नवीन मंडी स्थित मक्का, बाजरा और धान क्रय केंद्रों पर खरीद की हकीकत परखने पहुंचे डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को धान खरीद की प्रगति शून्य मिली।

इस पर उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी और संबंधित सचिव को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल खरीद शुरू कराने के निर्देश दिए।डीएम ने कहा कि किसानों की उपज खरीदने में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। किसानों से संपर्क कर अधिक से अधिक पंजीकरण कराएं और गांवों में प्रचार-प्रसार कर उन्हें सरकारी केंद्रों तक लाएं। जिले में धान के 29 तथा मक्का और बाजरा के नौ-नौ क्रय केंद्र संचालित हैं। सभी केंद्रों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था और एमएसपी के बैनर लगाने के निर्देश दिए।

निर्माणाधीन सड़क की चौड़ाई 20 फीट रखने की मांग

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के गंगेश्वरनाथ मंदिर मार्ग पर निर्माणाधीन सड़क की चौड़ाई 20 फीट रखने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी को प्रार्थनापत्र सौंपा है। लोगों ने निर्धारित मानक के अनुसार सड़क निर्माण कराने की मांग की है।प्रार्थनापत्र में बताया गया कि सड़क निर्माण के लिए शुरुआत में 20 फीट चौड़ी नींव खोदी गई थी, लेकिन बाद में प्रभावशाली लोगों के हस्तक्षेप के चलते इसे घटाकर 15 फीट कर दिया गया। इससे आवागमन प्रभावित होने के साथ ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ के दौरान जाम लगने की आशंका है। श्रीगंगेश्वरनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार नगर पालिका प्रशासन की ओर से कराया जा रहा है। इसके तहत मंदिर के मुख्य मार्ग का निर्माण शुरू हुआ है। शिक्षक नेता शैलेंद्र दुबे लालू ने आरोप लगाया कि कैरदा रोड से मंदिर के मुख्य द्वार तक का मार्ग अभिलेखों में 20 फीट चौड़ा दर्ज है। इसके बावजूद पांच फीट कम चौड़ाई में निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने एसडीएम से निर्माणदायी संस्था और पालिका कर्मचारियों को 20 फीट चौड़ी सड़क बनवाने के निर्देश देने की मांग की है। वहीं उप जिलाधिकारी ने नगर पालिका ईओ को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान आरती पत्नी राघवेन्द्र सिंह, शकुन्तला पत्नी सुभाष, रेखा देवी पत्नी राजकिशोर, शिवदेवी पत्नी दिवाकर तिवारी, विमलेश पत्नी नरेशचन्द्र श्रीवास, सतेन्द्र सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह पुत्र मोहन सिंह, रीना पत्नी सावेन्द्र सिंह, ज्योति पत्नी मुकेश कुमार, कुसुमलता पत्नी शहीद सिंह सहित के नगर वासी मौजूद रहे।





डीएम ने की गौवंश आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं व कार्यों की समीक्षा

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

छुट्टा गौवंश को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित करने हेतु चार टीमें गठित

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जनपद में संचालित गौवंश आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं, गौवंश संरक्षण एवं उनके समुचित भरण-पोषण की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में निराश्रित एवं छुट्टा गौवंश के संरक्षण के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा सभी गौशालाओं में गौवंश के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं शासन की मंशा के अनुरूप उपलब्ध कराई जाएं। डीएम ने निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में विचरण कर रहे छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए चार टीमों का गठन कर विशेष अभियान चलाया जाए। पकड़े गए पशुओं की ईयर टैगिंग से ट्रेसिंग होगी। पूर्व पशुपालक द्वारा पशु छोड़ने की पुष्टि होने पर पुलिस के माध्यम से प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

एक सप्ताह बाद यदि सड़कों पर छुट्टा गौवंश घूमते मिले, तो संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर दंडात्मक कार्रवाई होगी। आगामी ठंड से बचाव के लिए गौशालाओं में टीनशेड, अलाव, दवाइयां, सीसीटीवी कैमरे, चारा और पेयजल की समुचित व्यवस्था समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।



बैठक लेती डीएम मौजूद अधिकारीगण

गौशालाओं की दुधारू गायों को कुपोषित परिवारों को सुपुर्द करने के निर्देश दिए गए। सरकारी भूमि पर अवैध रूप से उगाए गए चारे की कटाई कराने और संबंधित व्यक्तियों के चिह्नांकन के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. धीरज कुमार ने बताया कि जनपद के 26 गौ आश्रय स्थलों में 8,257 गौवंश संरक्षित हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत 2,528 लाभार्थियों को 5,397 गौवंश सुपुर्द किए जा चुके हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, उपनिदेशक कृषि अरविंद मोहन, जिला उद्यान अधिकारी राघवेंद्र सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनोद कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 धीरज कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

चार महिलायें गिरफ्तार, चार मोबाइल बरामद

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जीआरपी फर्रुखाबाद जंक्शन पुलिस टीम ने एक अंतरराज्यीय महिला चोर गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने यक्ष ऐप की मदद से कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन पर सक्रिय 04 शातिर महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

उनके कब्जे से विभिन्न ट्रेनों और स्टेशनों से चुराए गए 04 एंड्रॉइड मोबाइल फोन अनुमानित कीमत 75,000 बरामद किए गए हैं।

फर्रुखाबाद जंक्शन पर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम आगामी त्योहारों के दृष्टिगत गश्त और चेकिंग कर रही थी। मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने प्लेटफॉर्म नंबर-02/03 के फतेहगढ़ साइड अंतिम छोर से चारों



पुलिस हिरासत में महिलायें

महिला अभियुक्तों को धर दबोचा। पकड़ी गई आरोपी महिलाएं शातिर किस्म की अपराधी हैं। गिरफ्तार की गई महिलाओं में आरती लोंडे पत्नी स्व सोहन सिंह निवासी वार्ड नं0 28, अशोक नगर, थाना वर्धा सिटी, जिला वर्धा, महाराष्ट्र, शुभांगी शेंडे पत्नी जोगिंदर शेंडे निवासी वार्ड नं0 28, अशोक नगर, थाना वर्धा सिटी, जिला वर्धा, महाराष्ट्र, चाँदनी शेंडे पुत्री बाबू जी शेंडे निवासी लाला लाजपत राय स्कूल के पास, वार्ड नं0 28 अशोक नगर, थाना वर्धा सिटी, जिला वर्धा महाराष्ट्र। विद्या लोंडे पुत्री धुनबा लोंडे निवासी वार्ड नं0 28, अशोक नगर थाना वर्धा सिटी जिला वर्धा महाराष्ट्र के नाम शामिल है। आरोपी महिलाओं पर कई अपराधिक मुकदमे दर्ज है।

पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने पिता-पुत्र को पीटा, एनसीआर दर्ज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के ग्राम नगला चंदन में पुरानी रंजिश के चलते कुछ दबंगों ने एक घर के दरवाजे पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया और गालियां दीं। जब पीड़ित परिवार ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से लैस होकर पिता और बीच-बचाव करने आए पुत्र को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एनसीआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव नगला चंदन निवासी संदेश पुत्र रतिराम अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव के ही कुछ दबंग किस्म के लोग पुरानी रंजिश को लेकर उनके घर के दरवाजे पर आ धमके और अकारण गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित संदेश के मुताबिक, जब उन्होंने और उनके परिजनों ने दबंगों द्वारा दी जा रही गालियों का विरोध किया, तो आरोपी आक्रोशित हो गए। आरोप है कि दबंगों ने घर के दरवाजे पर ही उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। विवाद बढ़ता देख जब पीड़ित का पुत्र अपने पिता को बचाने के लिए बीच-बचाव में आया, तो हमलावरों ने उसे भी पीटकर घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ित संदेश ने थाने पहुंचकर नामजद दबंग आरोपियों के खिलाफलिखित तहरीर दी। तहरीर को संज्ञान में लेते हुए नवाबगंज थाना पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया और संबंधित धाराओं में एनसीआर दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच-पड़ताल की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

युवाओं को नशे से बचाने के लिए 60 दिवसीय अभियान शुरु

1100 स्कूल और 100 गांव होंगे तंबाकू मुक्त

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और तंबाकू के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 का आगाज हो चुका है। 28 अक्टूबर से शुरू हुआ यह विशेष अभियान अगले 60 दिनों दो महीने तक चलाया जाएगा।

युवाओं को स्कूली स्तर से ही तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए जनपद के 1100 विद्यालयों को प्राथमिकता दी गई है। इन स्कूलों में छात्र-छात्राओं के लिए विशेष



कार्यक्रम की जानकारी देते सीएमओ

जागरूकता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें उन्हें तंबाकू सेवन से शरीर पर पड़ने वाले बुरे प्रभावों की जानकारी दी जाएगी। विद्यार्थियों को तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई जाएगी। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी इस अभियान का विस्तार किया गया है। पंचायतीराज विभाग के सहयोग से 100 गांवों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। ग्रामीणों को गुटखा, तंबाकू और सिगरेट के सेवन से होने वाले नुकसान बताकर इन गांवों को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। पुलिस विभाग के सहयोग से नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 100 प्रवर्तन अभियान भी चलाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय ने जानकारी दी कि तंबाकू में लगभग 4000 जहरीले तत्व पाए जाते हैं, जो मानव शरीर को अंदर से खोखला कर देते हैं। इसके सेवन से बाल झड़ना, आंखों में मोतियाबिंद, फेफड़ों का कैंसर और हृदय से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा अत्यधिक बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को इस जानलेवा लत से दूर रखने के लिए जन-जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। नोडल अधिकारी डॉ0 सर्वेश यादव का कहना है कि तंबाकू छोड़ने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति जरूरी है।

ओपीडी में बुजुर्ग महिला का झोला चोरी, तीन हजार नकदी गायब

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में दवा का पर्चा बनवाने आई एक बुजुर्ग महिला का झोला भीड़भाड़ का फायदा उठाकर किसी ने पार कर दिया। झोले में तीन हजार रुपये नकद, बैंक पासबुक और अन्य जरूरी कागजात व सामान रखा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अस्पताल प्रशासन हरकत में आ गया है। एटा जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र के लोहारी दरवाजा निवासी शिवरानी पत्नी स्वर्गीय रामपाल सोमवार दोपहर करीब 1 बजे सीएचसी के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पर्चा बनवाने के लिए लाइन में खड़ी थीं। इसी दौरान अचानक उनका झोला गायब हो गया। झोला गायब होने पर जब बुजुर्ग महिला ने शोर मचाया तो मौके पर मौजूद सीएचसी के सिक्योरिटी गार्ड तुरंत दौड़कर पहुंचे। गार्ड ने महिला को ढांढस बंधाया और उन्हें तुरंत अस्पताल चौकी ले जाकर पूरी सहायता प्रदान की। पीड़िता शिवरानी ने बताया कि उनके झोले में 3 हजार रुपये नकद, बैंक की पासबुक और कुछ आवश्यक सामान रखा था।

सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को पुलिस ने खंगाला

सूचना मिलते ही कस्बा पुलिस ने पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को बारीकी से खंगाला।

मिशन शक्ति के तहत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

छात्राओं को किया गया जागरूक

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस ने यातायात जागरूकता माह एवं मिशन शक्ति फेज-6 अभियान के अंतर्गत एनएकेपी इंटर कॉलेज में छात्राओं के बीच एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति सशक्त बनाना था। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कला एवं रचनात्मकता के माध्यम से सड़क सुरक्षा और महिला



कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व शिक्षिकायें तथा पुलिसकर्मी

सशक्तिकरण का बेहतरीन संदेश दिया। तूलिका और रंगों के जरिए छात्राओं ने हेलमेट पहनने, यातायात संकेतों का पालन करने और महिलाओं के आत्मसम्मान व सुरक्षा से जुड़े चित्रों को जीवंत किया। उपस्थित अधिकारियों ने छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि जरूरत पड़ने पर वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 1090 वीमेन पावर लाइन महिला हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन बच्चों की सहायता के लिए जानकारी दी गई। प्रतियोगिता के समापन पर बेहतरीन और रचनात्मक प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकगण, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। यह आयोजन जनपद में सड़क सुरक्षा और महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति पुलिस प्रशासन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

चोरों ने अध्यापक के घर से डेढ़ लाख की नगदी की चोरी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित मोहल्ला पुराना गनीपुर में चोरों के हौसले बुलंद हैं और चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पुलिस की लचर कार्यशैली और निष्क्रियता के चलते आए दिन वारदातें हो रही हैं, लेकिन पुलिस किसी भी मामले का खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है, जिससे स्थानीय जनता में भारी रोष व्याप्त है।

सोमवार रात मोहल्ला पुराना गनीपुर निवासी अध्यापक अखिलेश वर्मा के घर चोरों ने धावा बोल दिया। पीड़ित अध्यापक ने बताया कि सोमवार रात लगभग 1 बजे छत के रास्ते से एक चोर घर के अंदर दाखिल हुआ। उस समय घर के सभी लोग गहरी नींद में थे। अखिलेश वर्मा दीवाली के काम-धंधे के कारण थककर सो रहे थे, उनका छोटा भाई नगर में चल रही रामलीला देखने गया था और परिवार के अन्य सदस्य अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। घर के जीने का दरवाजा पूरी तरह बंद न होने के कारण चोर आसानी से अंदर घुसने में



जांच पड़ताल करती पुलिस

कामयाब हो गया। चोर सीधे अखिलेश वर्मा के कमरे में पहुंचा और अलमारी में रखी नकदी पार कर ली। पीड़ित के अनुसार चोर अलमारी से लगभग 50-50 हजार रुपये की नोटों की तीन गड्डियां कुल 1.5 लाख रुपये निकालकर छत के रास्ते ही दबे पांव फरार हो गया। इसके अलावा चोर ने पास में रखे थैले को भी खंगाला। रात करीब डेढ़ बजे घर के बाहर लोगों की आवाज सुनकर अखिलेश की आंख खुली और वे बाहर आए, तो पता चला कि उनकी छत से कोई चोर कूदकर भाग रहा है। उन्होंने तुरंत कमरे में जाकर देखा तो अलमारी खुली पड़ी थी और नकदी गायब थी। घटना की सूचना तुरंत यूपी 112 को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर जांच-पड़ताल शुरू की। अखिलेश वर्मा के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। फुटेज को देखने पर मोहल्ले के ही एक युवक पर चोरी करने की गहरी आशंका जताई जा रही है। वहीं थाना क्षेत्र के समैचीपुरए नगला गुलरिया और अब कस्बा गनीपुर में लगातार हो रही बड़ी चोरियों के बाद भी स्थानीय पुलिस किसी भी घटना का सुराग लगाने में विफल रही है। पुलिस की इस कार्यप्रणाली और उच्चाधिकारियों की चुप्पी पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। एक तरफजहां चोरों के हौसले बुलंद हैं और जनता की नींद उड़ी हुई है, वहीं पुलिस और जिम्मेदार अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार कर माल बरामद करने की पुरजोर मांग की है।

ई-लॉटरी के माध्यम से कृषि यंत्रों के लिए सात किसानों का चयन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में कृषि यंत्रीकरण की योजनाओं के अंतर्गत कृषि यंत्रों की बुकिंग हेतु ई-लॉटरी के माध्यम से चयन प्रक्रिया संपन्न की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रगतिशील कृषक मौजूद रहे। बैठक में उप कृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्र, जिला उद्यान अधिकारी राघवेन्द्र सिंह, जिला गन्ना अधिकारी के प्रतिनिधि डॉ0 अरविन्द कुमार वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक के प्रतिनिधि एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ज्योति सहित समिति में विशेष सदस्य के रूप में नामित प्रगतिशील कृषक और बुकिंग कराने वाले कृषक उपस्थित रहे। उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन ऑफएग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफक्रॉप रेजिड्यू योजना के तहत जनपद को आवंटित लक्ष्य के आधार पर कृषक यंत्र की उपलब्धता के सापेक्ष आवश्यकतानुसार बुकिंग की जाती है। लक्ष्य से अधिक आवेदन आने पर ई-लॉटरी आयोजित कराई जाती है, जबकि लक्ष्य से कम अथवा बराबर आवेदन आने पर निदेशालय स्तर से आटो लाटरी के माध्यम से आवेदन स्वीकृत किया जाता है। जनपद में 10 कृषकों के विभिन्न यंत्रों के आवेदन लक्ष्य से कम अथवा बराबर होने पर निदेशालय स्तर से आटो लाटरी के माध्यम से चयन किया गया। सीडीओ के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर हुई बुकिंग के आधार पर कृषि विभाग के पोर्टल से ई-लॉटरी निकाली गई, जिसमें 7 यंत्रों के सापेक्ष कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्राप्त आवेदन पत्रों में से ई-लॉटरी के माध्यम से 7 कृषकों का चयन किया गया। क्रॉप रीपर ट्रैक्टर माउन्टेड/सेल्फप्रोपेल्ड, सुपर सीडर, पावर टिलर, ट्रैक्टर माउन्टेड स्प्रेअर मशीन, मल्टीक्रॉप थ्रेशर, रोटावेटर, आलू बोने की मशीन शामिल है।

एम्बुलेंस सेवाओं के रिस्पॉन्स टाइम में सुधार के लिए होगी समीक्षा

सीएमओ की अध्यक्षता में 102 एवं 108 एम्बुलेंस सेवा की समीक्षा बैठक सम्पन्न

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

102 एवं 108 एम्बुलेंस सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय से चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एम्बुलेंस सेवाओं के रिस्पॉन्स टाइम सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान जिले में दो नए हॉटस्पॉट स्थलों को चिह्नित किया गया, जिससे जरूरत के समय एम्बुलेंस की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। जिले में जमापुर चौराहा एवं पुलिस चौकी सराह को नए एम्बुलेंस हॉटस्पॉट



बैठक लेते सीएमओ

स्थलों के रूप में चिह्नित किया गया। इन स्थानों पर एम्बुलेंस की तैनाती की व्यवस्था से आसपास के क्षेत्रों में आपातकालीन कॉल प्राप्त होने पर कम समय में सहायता पहुंचाने में मदद मिलेगी। पूर्व निर्धारित हॉटस्पॉट स्थलों की भी नियमित समीक्षा कर आवश्यकता के अनुसार बदलाव करने के निर्देश दिए गए। एम्बुलेंस में तैनात ईएमटी एवं पायलट की दैनिक कार्यप्रणाली की समीक्षा करने, उनकी उपस्थिति एवं ड्यूटी व्यवस्था पर नजर रखने तथा सभी कर्मचारियों को निर्धारित यूनिफॉर्म में रहने के निर्देश दिए गए। एम्बुलेंस वाहनों का समय-समय पर नियमित मेंटेनेंस कराने तथा उनमें निर्धारित मानकों के अनुरूप आवश्यक दवाइयों एवं चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में नोडल अधिकारी डॉ0 दीपक कटारिया, सहायक शोध अधिकारी विकास कुमार, फार्मासिस्ट आशीष कुमार शुक्ला, कार्यक्रम प्रबंधक 108/102 सचिन राज एवं जिला प्रभारी 108/102 कौशल किशोर उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय युवा संसद 4 नवंबर को

एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर युवा रखेंगे अपने विचार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत माय भारत द्वारा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन बुधवार 04 नवंबर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष युवा संसद का मुख्य विषय एक राष्ट्र, एक चुनाव रखा गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 18 से 25 वर्ष की आयु वर्ग के प्रत्येक प्रतिभागी को इस ज्वलंत और महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए 3 मिनट का समय दिया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन विजेताओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को 9 और 10 जनवरी 2027 को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक संविधान सभा कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलेगा। चयनित युवा 11 और 12 जनवरी को भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में देश के शीर्ष मंच पर सक्रिय रूप से भाग लेंगे। इच्छुक और पात्र युवाओं को सबसे पहले माय भारत पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के पश्चात प्रतिभागी जिले के लिए बनाए गए जिला स्तरीय युवा संसद सेक्शन में जाकर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

दीपावली पर पीएम उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सौगात

जनपद के 1,65,786 लाभार्थियों के बैंक खातों में राज्य सरकार द्वारा 10.58 करोड़ से अधिक की सब्सिडी का अंतरण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रदेश के 1.89 करोड़ से अधिक पात्र लाभार्थियों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ लोक भवन लखनऊ में किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा लगभग 1500 करोड़ की धनराशि लाभार्थियों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के रूप में उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदर्शित किया गया। विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर की उपस्थिति में जनपद स्तर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

जिला पूर्ति अधिकारी अनिल यादव ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जनपद में हुई प्रगति एवं योजना के लाभों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का शुभारंभ वर्ष 2016 में किया गया था।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं वंचित परिवारों की महिलाओं को धुएं से मुक्त स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना तथा उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016



स्वीकृति पत्र के साथ मौजूद लाभार्थी

से अब तक जनपद में कुल 1,65,786 पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 से उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दीपावली एवं होली जैसे प्रमुख त्योहारों पर दो निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल उपलब्ध कराने की घोषणा की गई थी। सब्सिडी अंतरण की व्यवस्था प्रारंभ की गई, जिसके माध्यम से गैस सिलेंडर रिफिल की धनराशि लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित की जाती है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के सभी पात्र लाभार्थियों को दो निःशुल्क सिलेंडर रिफिल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गैस सिलेंडर रिफिल वितरण की व्यवस्था दो चरणों में निर्धारित की गई है। प्रथम चरण में अक्टूबर से दिसंबर तक तथा द्वितीय चरण में जनवरी से मार्च 2027 तक लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल का लाभ प्रदान किया जाएगा। वर्तमान में जनपद में घरेलू गैस सिलेंडर रिफ्रिक्तल का उपभोक्ता मूल्य 965.00 है। इसमें केंद्र सरकार द्वारा 323.24 की सब्सिडी तथा राज्य सरकार द्वारा 641.76 की सब्सिडी अनुमन्य है। इस प्रकार पात्र उज्ज्वला लाभार्थियों को गैस सिलेंडर रिफिल की पूरी धनराशि सब्सिडी के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। जनपद के कुल 1,65,786 उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के बैंक खातों में राज्य सरकार द्वारा कुल 10,58,90,400 (दस करोड़ अट्ठावन लाख नब्बे हजार चार सौ रुपये) की सब्सिडी धनराशि अंतरित की जा रही है। अतिथियों ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा फतेहचंद्र वर्मा, वीरेंद्र कठेरिया, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी अनिल यादव उपस्थित रहे।

घर में अकेली सो रही महिला के साथ की छेड़छाड़

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव चांदनी की एक महिला के घर में घुसकर युवक द्वारा छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर गाली-गलौज व धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार गांव चांदनी निवासी पीड़िता बीती रात अपने घर के दरवाजे बंद करके अंदर अकेली सो रही थीं। इसी दौरान गांव का ही एक युवक रिंकू पुत्र शीशराम दीवार फांदकर घर के अंदर घुस आया। आरोप है कि घर में दाखिल होने के बाद आरोपी ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी।

जब पीड़िता ने इस हरकत का कड़ा विरोध किया, तो आरोपी ने उनके साथ गाली-गलौज की और मुख्य दरवाजा खोलकर मौके से फरार हो गया। घटना के संबंध में पीड़िता सुबह थाने पहुंची और थाना पुलिस को पूरी आपबीती बताते हुए आरोपी रिंकू पुत्र शीशराम के विरुद्ध लिखित तहरीर सौंपी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की गहराई से जांच करने और नियमानुसार उचित वैधानिक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।

दीवाली पर कुम्हारों के चाक की रफ्तार से रोशन होगा शहर

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

दीपावली के पावन पर्व पर घरों में भगवान श्रीगणेश व माता लक्ष्मी के पूजन के साथ मिट्टी के दीये रोशन करने की प्राचीन परंपरा है। त्योहार नजदीक आते ही जिले में कुम्हारों के चाक की रफ्तार से रोशन हो रहे है शहर। एक तरफ जहां चाक पर मिट्टी को तराशकर सादे दीये बनाए जा रहे हैं, वहीं सांचों की मदद से आकर्षक और डिजाइनदार दीये भी तैयार किए जा रहे हैं। इसके साथ ही भगवान गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों को आकर्षक रंगों से संवारने का काम जोरों पर है। बाजारों में बढ़ी रौनक और तैयारियां, दीपावली को लेकर घरों से लेकर बाजारों तक तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। पुस्तैनी काम को संभाल

माटीकला के कारीगरों की मेहनत से सज रहे बाजार

रहे विवेक प्रजापति ने बताया कि पहले यह कार्य मेरे बाबा किया करते थे। उसके बाद मेरे पिता जी ने संभाला, अब मैं अपना व्यापार कर रहा हूं। मिट्टी के दिये जलाना एक सांस्कृतिक परंपरा है।

इस बार दीपावली पर मिट्टी दूर से लाकर दिये एवं मूर्ति व अन्य सामग्री बनायी जा रही है। 80 रुपये प्रति सैकड़ा दिया बिक रहा है। बड़ा दिया 10 रुपये नग बिक रहा है। छोटी कुल्लड़ी 10 रुपये प्रति नग व चंडोल 10 रुपये प्रति नग, मिट्टी का लोटा 40 रुपये नग एवं गुल्लक 10 रुपये से लेकर 50 रुपये तक में बिक रही है। मिट्टी के गणेश लक्ष्मी 50 रुपये



चाक से दीपक बनाता विवेक

से लेकर 500 रुपये तक के बिक रहे है। जिनके साइज अलग-अलग है। वहीं हनुमान व कुबेर की भी मूर्ति बनाई है। आर्टिफिशल मूर्ति के अलावा पीओपी की मूर्ति बाजार में आने के कारण कुम्हारों द्वारा बनायी गई मूर्ति व दीपक आदि पर फर्क पड़ा है। बाजारों में ग्राहकों की मांग के अनुसार हर तरह का सामान उपलब्ध कराने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

सनातन संस्कृति में मिट्टी के दीये जलाने का विशेष धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व है। इनसे न केवल सकारात्मक ऊर्जा और शुद्धता आती है, बल्कि वर्षा ऋतु के बाद पनपने वाले हानिकारक कीड़े-मकोड़े भी नष्ट हो जाते हैं। पवन प्रजापति बताते हैं कि वे इन मिट्टी की मूर्तियों को तैयार कर थोक में बेचते हैं तथा विशेष ऑर्डर पर भी मूर्तियां बनाते हैं।

थोक व्यापार के साथ-साथ वे अपने घर से ही खुद की दुकान भी संचालित करते हैं। उनके पास ग्राहकों की पसंद के अनुसार 70 रुपये से लेकर 1500 रुपये तक की मूर्तियां उपलब्ध हैं। उन्हें एक बुग्गी ट्रैक्टर ट्रॉली मिट्टी 500 से 600 रुपये में मिलती है, जिससे वे अपने पुश्तैनी हुनर को आगे बढ़ा रहे हैं। एक तरफ जहां कुम्हार वर्ग दीपावली पर अपनी कला से बाजारों को रोशन करने में दिन-रात एक कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ प्रशासनिक और शासकीय योजनाओं का लाभ न मिलने से उनमें मायूसियां भी हैं। बिक्री पर फर्क पड़ता जा रहा है। जिस कारण लोग मिट्टी के दिये आदि कम खरीद रहे है।

स्वास्थ्य शिविर में 75 मरीजों की हुई जांच

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

सिविल चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ0 नवनीत गुप्ता एवं उनकी टीम द्वारा भगवान श्री भैरव नाथ जी मंदिर परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ0 नवनीत गुप्ता ने श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों सहित कुल 75 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यकतानुसार उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं।

शिविर में पहुँचने वाले मरीजों में मुख्य रूप से खांसी, जुकाम, पेट दर्द और जोड़ों के दर्द से पीड़ित लोगों की संख्या अधिक दर्ज की गई। डॉ0 नवनीत गुप्ता ने बदलते मौसम में होने वाली मौसमी बीमारियों के कारणों, लक्षणों और उनसे बचाव के उपायों



श्रद्धालुओं का परीक्षण करते डॉ. नवनीत गुप्ता

के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अभियान के अंतर्गत तंबाकू, बीड़ी और सिगरेट के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों तथा उनके दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, ठंड और नमी से बचाव करने, धूम्रपान से बचने, संतुलित व पौष्टिक आहार लेने, पर्याप्त पानी पीने तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी गई। साथ ही समय-समय पर ब्लड प्रेशर और शुगर की जाँच कराने के लिए भी प्रेरित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य मरीजों को केवल चिकित्सीय उपचार उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना भी था।

उर्मिला राजपूत ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर व्यक्त की संवेदनायें



परिजनों को सांत्वना देती उर्मिला राजपूत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। ग्राम सिकंदरपुर में तुलाराम शाक्य के भाई के निधन पर उनके पार्थिव शरीर को नमन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ग्राम मदनपुर में संजीव राठौर की माताजी के निधन पर उनके शव पर पुष्प अर्पित कर शोक व्यक्त किया गया। ग्राम बड़ा कछपुरा में सुधीर के भाई तथा सत्यभानू शाक्य की पत्नी के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। ग्राम पसानंगपुर में भूपेश राजपूत की बेटी के निधन पर पहुंचकर संवेदना व्यक्त की गई। ग्राम रोहेला में सबीर सिंह यादव के भाई के निधन पर पहुंचकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति तथा उनके शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर अजब सिंह शाक्य, हरगोविन्द सिंह यादव, अवनीश दुबे, मनाव यादव, ओम प्रकाश बाथम, नेम रामचरण यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

जनपदीय स्काउट व गाइड रैली में 17 टीमों ने लिया भाग

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



स्काउट गाइड कार्यक्रम में मौजूद डीआईओएस व प्रधानाचार्य

कार्यक्रम में भाग लेती छात्रायें

भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में जनपदीय स्काउट एवं गाइड रैली का आयोजन पीएम श्री महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज फतेहगढ़ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विकास अधिकारी एसके तिवारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लॉर्ड बेडन-पावेल एवं लेडी बेडन-पावेल के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्काउट-गाइड प्रार्थना हुई तथा मुख्य अतिथि द्वारा ध्वज शिष्टाचार किया गया। रैली के प्रतिभागियों ने सामूहिक सलामी दी। स्काउट-गाइड झंडा गीत के पश्चात मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा। मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। एनएकेपी, जीजीआईसी, रामानन्द बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथियों का शब्दों के माध्यम से स्वागत रैली की संयोजक एवं प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने किया। सह-संयोजक एवं एनकेपी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या इंदू मिश्रा तथा संस्था के जिला मुख्याक्त दिनेश कुमार वर्मा एवं जिला सचिव एवं राजकीय इंटर कॉलेज भटासा के प्रधानाचार्य महेश राजपूत ने भी अतिथियों का स्वागत किया। जनपदीय रैली में जनपद के 15 विद्यालयों की 17 टीम के कुल 245 स्काउट एवं गाइड ने प्रतिभाग किया। प्रथम सत्र में उद्घाटन समारोह के पश्चात द्वितीय सत्र में स्काउट-गाइड से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संपूर्ण दल की वर्दी प्रतियोगिता, मार्च पास्ट, कलर पार्टी, प्राथमिक चिकित्सा एवं गांठ बंधन प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक रूप से कैंप फायर की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को और भी रोचक एवं उत्साहपूर्ण बना दिया। प्रधानाचार्य रामदास अनिल सिंह, संतोष त्रिपाठी, सुमन त्रिपाठी, राघवेन्द्र मिश्रा, कैलाश चंद्र राजपूत, शिवोम द्विवेदी, डा0 बृजभूषण सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा, सहयोग, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने का संदेश दिया गया। निर्णायक मण्डल भारती मिश्रा, हिमलेश शाक्य, सीमा, योगेश कुमार, पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, तरुण शुक्ला एवं गजेंद्र सिंह चौहान रहे। संचालन भारती मिश्रा ने किया। प्रमोद चंद्र गंगवार, हरिराम त्रिवेदी, वैभव सोमवंशी, निर्मला सिंह आदि उपस्थित रहे।

शीतगृह भंडार भार योजना के तहत पंजीकरण शुरू

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जनपद के समस्त आलू उत्पादक कृषकों को सूचित किया जाता है कि नव भारत सभा भवन ठंडी सड़क में विभागीय आधारीय प्रथम/द्वितीय सीड्स साइज व ओवर साइज बीज का वितरण विभागीय दरों पर किया जा रहा है। वर्तमान में कुफरी ख्याति, कुफरी सूर्या, कुफरी चिप्सोना-1, चिप्सोना-3, कुफरी फ्राईसोना, कुफरी बहार 3797 और कुफरी मोहन आदि प्रजातियां उपलब्ध हैं। जिन किसान बंधुओं को आधारी बीज फाउंडेशन सीड्स की आवश्यकता है, वे चयनित स्थल से नकद मूल्य पर इसका क्रय कर सकते हैं। सरकार द्वारा शीतगृह भंडार भार योजना के अंतर्गत लाभ लेने के लिए 30 नवंबर की समय सीमा निर्धारित की गई है। आलू उत्पादक कृषक 20 अगस्त से 30 नवंबर तक आलू निकासी कर संबंधित प्रपत्रों के साथ ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। मोबाइल नंबर, आधार की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, कृषक आईडीओ, भूमि का खसरा/खतौनी, कोल्ड स्टोरेज की रसीदें हस्ताक्षरति भंडार रसीद, किराया भुगतान रसीद, गेट पास/लाट निकासी रसीद, बोरी गणना/चट्टा रसीद आदिद्ध आवश्यक हैं। आवेदन भू-स्वामी के नाम से ही किया जाना चाहिए। यदि आलू जमा पर्ची परिवार के किसी अन्य सदस्य के नाम पर है, तो परिवार रजिस्टर की नकल, राशन कार्ड या शपथ पत्र लगाकर पंजीकरण कर अनुदान का लाभ उठाया जा सकता है।

खाद्य सुरक्षा विभाग के नाम पर उत्पीड़न का आरोप

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

दीपावली पर्व के पूर्व प्रदेश के विभिन्न जनपदों में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा फुटकर और छोटे व्यापारियों, हलवाइयों, परचून दुकानदारों तथा अन्य खाद्य कारोबारियों के कथित आर्थिक व मानसिक उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। समाजवादी व्यापार सभा के नि0 जिलाध्यक्ष रोमित सक्सेना के नेतृत्व में राज्यपाल संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि दीपावली के पावन पर्व पर मिठाइयों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की खरीद-विक्री बढ़ जाती है। ऐसे समय में खाद्य सुरक्षा विभाग के कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा बाजारों में चेकिंग और निरीक्षण के नाम पर अनावश्यक दबाव



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते पदाधिकारी

बनाया जा रहा है। व्यापारियों का आरोप है कि जांच प्रक्रिया के नाम पर अनावश्यक भय का माहौल पैदा किया जा रहा है और नियमों की सही जानकारी व उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना छोटे व्यापारियों को आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है, जिससे उनमें असुरक्षा की भावना व्याप्त है। दीपावली पर्व के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा फुटकर और छोटे व्यापारियों के अनावश्यक निरीक्षण तथा कथित उत्पीड़न पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने और दुकानों के निरीक्षण के लिए निर्धारित कानूनी प्रक्रिया एवं पारदर्शिता का अनिवार्य रूप से पालन कराया जाए। सैंपल जांच के नाम पर व्यापारियों को डराने, धमकाने, अवैध वसूली या अनावश्यक दबाव बनाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए। छोटे व फुटकर दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा कानूनों और आवश्यक मानकों की जानकारी देने के लिए जागरूकता एवं सहयोगात्मक अभियान चलाया जाए। व्यापारियों की शिकायतों के निस्तारण के लिए प्रत्येक जनपद में जिला प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के स्तर पर एक प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था स्थापित की जाए। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, देवेन्द्र सिंह यादव, शशांक सक्सेना, सौरभ कटियार, सर्वेश अम्बेडकर, राजीव शाक्य, अशोक अम्बेडकर, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद कुमार, शिवम यादव, रवि भारद्वाज, पंकज गुप्ता, सचिन यादव, गगन सिंह, बासू गुप्ता, आयुष सक्सेना, आयुष यादव, पवन चतुर्वेदी, अरविंद कुमार यादव, शिवम पटेल, सन्दीप चौहान, गौरव यादव, विकास गुप्ता आदि मौजूद रहे।

शाक्यमुनि बुद्ध बिहार में बौद्ध संस्कृति कार्यशाला संपन्न



समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

बौद्ध नगरी संकिसा स्थित शाक्यमुनि बुद्ध बिहार में बौद्ध संस्कृति कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लगभग 115 बौद्ध भिक्षु और बौद्ध विचारधारा से जुड़े अनुयायी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भिक्षु डॉ0 धम्मपाल महाथेरा और भिक्षु डॉ0 आलोक ने फीता काटकर किया। जेपी शाक्य, नीलम शाक्य एवं नागेन्द्र शाक्य ने दीप प्रज्वलित किया। भिक्षु डॉ0 आलोक ने भगवान बुद्ध की मूर्ति के समक्ष उपस्थित सभी लोगों को प्रार्थना कराई। संस्था प्रमुख जेपी शाक्य, जानकी प्रसाद शाक्य एवं नीलम शाक्य ने लगभग 115 लोगों को भोजन दान कराया तथा सभी को दक्षिणा भेंट की गई। विशाल प्रार्थना सभागार में आयोजित मुख्य सत्र का संचालन नागेन्द्र शाक्य ने किया। संस्था प्रमुख जानकी प्रसाद शाक्य ने भगवान बुद्ध के विचारों का परिचय देते हुए कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में विश्व शांति के लिए महात्मा बुद्ध के दिखाए मार्ग पर चलना जरूरी है। उन्होंने चार आर्य सत्यों ;दुःख, दुःख का कारण, दुःख निरोध, दुःख निरोध का मार्ग, अष्टांगिक मार्गों तथा पाँच शीलों अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, नशा से विरत का विस्तार से उल्लेख किया। मुख्य अतिथि भिक्षु डॉ0 धम्मपाल महाथेरा ने कहा कि यदि विश्व में शांति स्थापित करनी है तो बौद्ध दर्शन की आवश्यकता है। उन्होंने संकिसा के ऐतिहासिक बौद्ध टीले के बारे में बताया कि भगवान बुद्ध ने इसी टीले से उपदेश दिए थे। उन्होंने संकिसा के विकास को लेकर हाल ही में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के दौरों व क्षेत्र के विकास हेतु दिए गए आश्वासनों का भी जिक्र किया।

धान व मोटे अनाज के क्रय पंजीकरण में आ रही समस्याओं का समाधान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। खरीफविपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन स्तर से जारी मोटे अनाज एवं धान क्रय नीति के क्रम में किसानों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को आसान बना दिया गया है। पहले एग्रीस्टेक पोर्टल से डेटा मिलने में देरी, त्रुटि होने या क्रॉप सर्वे का डेटा उपलब्ध न होने के कारण खाद्य विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण करने में किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इन समस्याओं का समाधान करते हुए शासन स्तर से 02 नवम्बर को नई व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत अब किसानों को अपनी बोई गई फसल का चयन करने का विकल्प उपलब्ध करा दिया गया है, जिससे वे आसानी से अपना पंजीकरण कर सकेंगे। एग्रीस्टेक से प्राप्त फसल और किसान द्वारा दर्ज की गई फसल का डेटा मैच होने पर संबंधित गाटे का सत्यापन स्वतः हो जाएगा। डेटा में भिन्नता मिसमैच होने पर सत्यापन की व्यवस्था पहले की भाँति लेखपाल, तहसीलदार, उपजिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 के स्तर से संपादित की जाएगी। क्रय हेतु 05-05 क्रय केंद्र तथा धान क्रय हेतु कुल 15 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग के 06 और पीसीएफसंस्था के 09 क्रय केंद्र शामिल हैं और ये सभी क्रय केंद्र पूरी तरह क्रियाशील हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी रोली सिंह ने बताया कि किसान अधिक जानकारी के लिए जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय एवं खाद्य विभाग के क्रय केंद्रों पर तैनात विपणन निरीक्षकों/क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

ट्रेनों पर पत्थरबाजी रोकने के लिए चला जागरूकता अभियान



ग्रामीणों को जागरुक करती पुलिस

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

रेलवे ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं की रोकथाम और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जीआरपी फर्रुखाबाद ने जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस महानिरीक्षक, रेलवे जोन प्रयागराज के निर्देश पर मंगलवार को थाना जीआरपी प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों में ग्रामीणों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में करीब 40 से 50 ग्रामीणों ने सहभागिता की। जीआरपी टीम ने ग्रामीणों को समझाया कि चलती ट्रेन पर पत्थर फेंकना न केवल यात्रियों की जान के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि इससे रेलवे संपत्ति को भी नुकसान पहुंचता है। पुलिस ने रेलवे अधिनियम की धारा 152, 153, 154 और 175 के तहत होने वाली कानूनी कार्रवाई के प्रावधानों की जानकारी भी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन पर पत्थरबाजी गंभीर अपराध की श्रेणी में आती है। इसमें 10 वर्ष तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को रेलवे ट्रैक और उसके आसपास खेलने या अनावश्यक रूप से जाने से रोकें। इसके साथ ही क्षेत्र में पत्थरबाजी की किसी भी घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल जीआरपी को सूचित करें। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश शर्मा का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को जागरूक कर रेलवे ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा रेल यात्रियों की सुरक्षा में जनसहभागिता सुनिश्चित करना है।

ऑनलाइन धोखाखड़ी व डिजिटल अरेस्ट के बचाव के बताये उपाय

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विकास खण्ड शमशाबाद में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी एसके जायसवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बाल संरक्षण एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। खंड विकास अधिकारी एसके जायसवाल ने बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल तस्करी चाइल्ड ट्रैफिकिंग, साइबर अपराध, साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट तथा बच्चों के विरुद्ध होने वाले विभिन्न अपराधों की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में चर्चा कर जानकारी प्रदान की। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने विशेष रूप से बच्चों



बैठक को संबोधित करते सचिन सिंह

एवं अभिभावकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने, ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी देने तथा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया। उन्होंने बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर मोबाइल फोन के अत्यधिक एवं अनियंत्रित उपयोग के दुष्प्रभावों पर चर्चा की तथा बच्चों में मोबाइल की लत, पढ़ाई में एकाग्रता की कमी, मानसिक तनाव एवं सामाजिक व्यवहार पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों से बचाव हेतु अभिभावकों को जागरूक करने तथा बच्चों के लिए मोबाइल उपयोग की उचित समय-सीमा निर्धारित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाने, बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर एवं 112 इमरजेंसी नंबर पर सूचना देने को कहा। बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी अम्बुज यादव, सहायक विकास अधिकारी संजीव कुमार, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी महिपाल, सुपरवाइजर नेहा, परामर्शदाता प्रवीन गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता रूबी सिंह आदि उपस्थित रहे।

सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या यूपी 76 20160012380 में त्रुटिवश मेरा नाम अमित कुमार (AMIT KUMAR) दर्ज हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम अमित कटियार (AMIT KATIYAR) दर्ज है, जो सही है। मेरे ड्राविंग लाइसेंस में मेरा सही नाम दर्ज करने की कृपा करें।
अमित कटियार पुत्र विश्वनाथ कटियार निवासी-चांदपुर, जनपद-फर्रुखाबाद।

11 ग्राम पंचायत सचिवों का एक दिन का रोका गया वेतन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

पंचायती राज समिति 2025-26 की बैठकों की कार्यसूची के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 के लंबित ऑडिट प्रस्तरों/आपत्तियों के निस्तारण हेतु मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने तथा ऑडिट से संबंधित अभिलेख उपलब्ध न कराने पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ा संज्ञान लिया है। बैठक में प्रतिभाग न करने और कार्य में लापरवाही बरतने के कारण 11 ग्राम पंचायत सचिवों का 02 नवंबर का वेतन अवरुद्ध करने के आदेश जारी किए गए हैं।

निलंबित सचिवों के आरोप पत्र में भी जुड़ेगा बिंदु
ऑडिट बैठक से अनुपस्थित रहने और अभिलेख न उपलब्ध कराने का मामला

वेतन रोकने की कार्रवाई की चपेट में आए सचिव विवेक कुमार विकास खण्ड कायमगंज, ग्राम पंचायत जौरा, नीबलपुर, रूटौल, शशिदेव सिंह विकास खण्ड-कायमगंज ग्राम पंचायत दीपपुर नगरिया, हकीकतपुर, जयवीर सिंह विकास खण्ड-कायमगंजय ग्राम पंचायत नारायणपुर, पहाड़पुर, सिनौली, रेनू शाक्य विकास खण्ड-कायमगंज ग्राम पंचायत पचरौली महादेवपुर, प्रशान्त कटियार विकास खण्ड नबाबगंज ग्राम पंचायत चंदनी, कुरार, साहबगंज, शिवपाल सिंह विकास खण्ड-नबाबगंज ग्राम पंचायत अचरिया बाकरपुर, नौगांव, फतेहपुर परिउली, प्रदीप यादव विकास खण्ड-नबाबगंज ग्राम पंचायत नौली, परौली खरदाई, राजीव गौतम विकास खण्ड शमसाबाद ग्राम पंचायत कलुआपुर सानी, ललौर राजपुतान, मोहित यादव विकास खण्ड-शमसाबाद ग्राम पंचायत कुआँखेड़ा खास, कुआँखेड़ा वजीर आलम खां, महमदपुर मूसेपुर, सैदपुर रहमादादपुर, अहमदगंज, बकसूरी के नाम शामिल है। वहीं रंजीत यादव एवं शुभम तिवारी ग्राम पंचायत अधिकारी का भी 01 दिन का वेतन अवरुद्ध किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को पत्र प्रेषित कर इन कार्मिकों का वेतन रोकने का अनुरोध किया है। इसके अतिरिक्त, सूची में शामिल पूर्व से निलंबित ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप यादव एवं मोहित यादव के विरुद्ध जारी किए जाने वाले आरोप पत्र चार्जशीट में समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने तथा शासकीय कार्यों में उदासीनता बरतने के इस बिंदु को भी शामिल किए जाने का अनुरोध किया गया है। वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2024-25 तक के लंबित ऑडिट प्रस्तरों के जिन ग्राम पंचायतों के अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, उन्हें 03 दिवस के भीतर अभिलेख उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

जिला क्रीड़ा प्रभारी पद से हटाये गये अतुल दास

फर्रुखाबाद। माध्यमिक शिक्षा विभाग के जिला क्रीड़ा सचिव के प्रभारी पद से अतुल एंथोनी दास को हटा दिया गया। उनकी जगह भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के शारीरिक शिक्षक गंगवार को जिला क्रीड़ा प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार ने कुछ प्रधानाचार्यों की शिकायत मांग पर अतुल एंथोनी दास को जिला क्रीड़ा प्रभारी पद से मुक्त कर दिया है। अतुल दास के ऊपर आरोप है कि उन्होंने क्रिश्चियन इंटर कालेज के बाहर भाजपा प्रत्याशी के स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी का मतदाता सहायता केंद्र खोलने की शिकायत थी। जिसके चलते अतुल दास को हटाया गया है। साथ ही कुछ प्रधानाचार्यों ने उन्हें हटाने की मांग रखी थी। अधिकारियों ने सही निर्णय लेते हुए उनको हटाकर शारीरिक शिक्षक केशव गंगवार की नियुक्ति की है। अनुपालन शीघ्र किये जाने का निर्देश दिया है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद-फतेहगढ़

पत्रांकः-1030/1-30/2026-27 दिनांकः- 03/11/2026

-: ई-निविदा सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ई-निविदा नोटिस के अनुसार 15वां वित्त आयोग अनटाइड मद में उपलब्ध धनराशि से कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा नोटिस संख्या- दिनांक

1-निविदाओं का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2-आमंत्रित निविदा दिनांक 25/11/26 अपरान्ह 4.00 बजे तक उक्त वेबसाइट पर डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।
3-अपलोड करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र वॉछित समस्त अभिलेखों एवं मूल जमानत धनराशि के साथ निर्धारित तिथि व समय तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा की जा सकती है।
4-निविदाओं की तकनीकी बिड ऑनलाइन दिनांक 25/11/26 को अपरान्ह 4:30 बजे खोली जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद

खबरें एक नजर में

भाजपा के चार मोर्चों की जिला कार्यसमिति घोषित

सुलतानपुर। भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को महिला, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला कार्यसमितियों की घोषणा की। चारों मोर्चों में 35-35 सदस्यीय टीम गठित कर कुल 140 कार्यकर्ताओं को संगठन में जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रत्येक मोर्चे में आठ उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री और आठ मंत्री बनाए गए हैं।भाजपा जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विजय लक्ष्मी शुक्ल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राजेश नट, अनुसूचित जाति मोर्चा के विश्व प्रताप कोरी और पिछड़ा वर्ग मोर्चा के गौरव मौर्य के नेतृत्व में नई कार्यसमितियां गठित की गई हैं।जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि मिशन-2027 के मद्देनजर पांचों विधानसभा क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने में मोर्चों की अहम भूमिका होगी। पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पांडेय समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने भी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

वीबी-जी राम जी योजना के क्रियान्वयन को लेकर रोजगार सेवकों को दिया गया प्रशिक्षण

सुलतानपुर। वीबी-जी राम जी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर ग्राम रोजगार सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान एपीओ वसीम खान ने योजना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए कार्यों के संचालन की बारीकियों से अवगत कराया।एपीओ वसीम खान ने रोजगार सेवकों को एनएमएमएस के माध्यम से श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करने, लेबर बजट के अनुरूप कार्यों का संचालन करने तथा निर्धारित बजट के तहत कार्ययोजना तैयार करने की जानकारी दी। उन्होंने योजना के तहत कार्यों का नियमानुसार क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही रोजगार सेवकों को योजना से संबंधित प्रक्रियाओं का सही ढंग से पालन करने के निर्देश दिए।प्रशिक्षण में रोजगार सेवक राम केवल गौतम, इरफान अहमद, अमरनाथ यादव, अरुण तिवारी, बिनोद मौर्य, सुखजीत यादव, महफूज अहमद, प्रवीण, शेष कुमार, केश कुमारी, रिजवाना बनो सहित दर्जनों रोजगार सेवक मौजूद रहे।

डीएम ने धान की क्रॉप कटिंग कर उत्पादन का लिया जायजा

सुलतानपुर। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को सदर तहसील के दूबेपुर विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत दूबेपुर में खरीफ फसल धान की क्रॉप कटिंग कराई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत औसत उपज एवं उत्पादकता के आंकड़ों के संकलन के लिए कृषक जगराम और रामयश के खेत में प्रयोग किया गया। सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में दो प्रयोगों के तहत क्रमशः 17.400 और 20.510 किलोग्राम धान की उपज प्राप्त हुई।डीएम ने किसानों से बातचीत कर फसल की जानकारी ली और धान को सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचने की सलाह दी, ताकि उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने बिचौलियों से सावधान रहने तथा खेतों में पराली न जलाने की अपील की। अपर सांख्यिकीय अधिकारी ने बताया कि क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर औसत उत्पादकता निर्धारित होती है। इन्हीं आंकड़ों से फसल बीमा एवं क्षतिपूर्ति की राशि तय की जाती है। इस दौरान एसडीएम सदर गरिमा सोनाकिया सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बैतीकला टोल प्लाजा के पास ट्रक पलटा, चालक सुरक्षित

चांदा, सुलतानपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर बैतीकला टोल प्लाजा के पास सोमवार रात ब्रेक फेल होने से मैगी लदा आइसर ट्रक खाई में पलट गया। हादसे में चालक अवनीश सिंह बाल-बाल बच गया।बदायूं जिले के दातागंज थाना क्षेत्र के कुड़रा ढाका निवासी चालक अवनीश सिंह उत्तराखंड के रुद्रपुर से मैगी लादकर मुगलसराय जा रहा था। टोल प्लाजा के पास अचानक ब्रेक फेल होने पर चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक को किनारे मोड़ा, जिससे बड़ा हादसा टल गया। ट्रक के पलटने से मैगी के गत्ते सड़क पर बिखर गए। मौके पर टोल कर्मियों की मदद से स्थिति संभाली गई।

रोजगार मेले में 618 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा, 285 का प्राथमिक चयन

सुलतानपुर। रोजगार मिशन के तहत मंगलवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चौकिया परिसर में जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की अडानी सोलर, ब्लिंकिट और एसआईएस सिक्योरिटी समेत विभिन्न कंपनियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में जिले के कुल 618 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से कंपनियों ने साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के बाद 285 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया। आयोजन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजू मगन, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति मिश्रा, सहायक सेवायोजन अधिकारी राम कुमार द्विवेदी सहित महाविद्यालय एवं सेवायोजन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

भारत विभाजन को टाला जा सकता था या नहीं पर हुआ विमर्श

सुलतानपुर। कमला नेहरू संस्थान में इतिहास विभाग एवं इतिहास संकलन समिति की जनपद इकाई के संयुक्त तत्वावधान में इतिहास दिवस पर 'क्या भारत के विभाजन को टाला जा सकता था' विषय पर विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के उपप्राचार्य, इतिहास विभागाध्यक्ष एवं इतिहास संकलन समिति के जिलाध्यक्ष डॉ. शक्ति सिंह ने मूल वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने भारत विभाजन की ऐतिहासिक परिस्थितियों, तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका, ब्रिटिश नीतियों और कैबिनेट मिशन योजना के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत विभाजन केवल राजनीतिक घटना नहीं थी, बल्कि इसके दूरगामी सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय परिणाम भी हुए।इस अवसर पर इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. भूपेंद्र सिंह, डॉ. दीपमाला द्विवेदी और डॉ. देवेंद्र कुमार सिंह ने भी विषय के विभिन्न ऐतिहासिक एवं वैचारिक पक्षों पर विचार रखे। विद्यार्थियों विकास, आयुष, सौम्या, साक्षी, प्रतिष्ठा और शिवांगी सहित अन्य ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में सैकड़ों विद्यार्थियों की सहभागिता रही। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में इतिहास के प्रति आलोचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करना था।

दीवार बनाने को लेकर चले लाठी-डंडे, दो घायल

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनकर बस्ती में पुराने घर की दीवार बनाने को लेकर हुए विवाद में दो लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया गया। हमले में एक युवक का सिर फट गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त तहरीर के अनुसार पीड़ित मनीष सोनकर पुत्र मंगरू सोनकर, निवासी हलिया सोनकर बस्ती ने तहरीर देकर बताया कि 2 नवंबर को दिन में करीब 3रू30 बजे वह अपने पुराने घर की गिरी हुई दीवार को बना रहा था। इसी दौरान गांव के ही लवकुश, राजू पुत्रगण केशव, चन्दर पुत्र कालीचरण और नन्दू पुत्र रोहित निवासी सोनकर बस्ती वहां आ गए और काम रोकने को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिससे मनीष सोनकर का सिर फट गया। बीच-बचाव करने आए पड़ोसी कृपा सोनकर पुत्र बब्बू सोनकर को भी आरोपियों ने ईंट से मारकर घायल कर दिया। शोर सुनकर गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो पीड़ित की जान बच सकी। आरोप है कि आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए।पीड़ित की मांग पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

महिला ने देवर व देवरानी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के कटाई गांव निवासी रीता ने सोमवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर अपने देवर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया की रविवार की शाम 5रू30 बजे भेद बकरी चराने के विवाद को लेकर देवर कमलेश व मंजू गाली गलौज देते हुए लाठी डंडा व कुल्हाड़ी से मारने पीटने लगे जिससे पीड़िता के सिर में गंभीर चोट व पुरे शरीर में चोटे आई है बीच बचाव करने के लिए आई सास जयपत्ती को भी मारपीट कर घायल कर दिया जान से मारने की धमकी दिया है दवा इलाज कराने के बाद थाने आकर सूचना दे रही हूँ जिस पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उसके देवर व देवरानी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महिला की तहरीर पर उसके देवर व देवरानी के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।


वाराणसी-रीवा राष्ट्रीय मार्ग पर हादसे में युवक की गई जान

हलिया (मिर्जापुर)। लालगंज थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात बाइक रोड मरम्मत के लिए खोदे गए गड्ढे के पास रखें मिट्टी के ढेर से टकरा गई। हादसे में 24 वर्षीय सुनील की मौके पर मौत हो गई। वह सोमवार देर रात लहंगपुर से घर लौट रहे थे। सुनील कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के करनपुर-दहवा के रहने वाले थे। वह बाइक से घर जा रहे थे। लहंगपुर पुलिस चौकी के पास राजापुर गांव में वाराणसी-रीवा हाईवे पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क बीच रखें मिट्टी के ढेर से टकरा गई और सर्द रात के मौसम में रात भर पड़ा रहा। सुबह करीब पांच बजे हाईवे से गुजर रहे लोगों ने सुनील को सड़क पर घायल हालत में देखा और लहंगपुर पुलिस चौकी को सूचना दी। सिर में चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। लहंगपुर चौकी प्रभारी गुरु प्रसाद सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दस्तावेजों और बाइक नंबर से सुनील की पहचान की। वह करनपुर-दहवा, थाना कोतवाली देहात निवासी भुईधर के बेटे थे। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव को पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। सुनील छह भाई-बहनों में सबसे छोटे थे और उनकी शादी नहीं हुई थी। चौकी प्रभारी गुरु प्रसाद सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित होकर मिट्टी के ढेर से टकराने की बात सामने आई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि किसी अज्ञात वाहन ने सुनील की बाइक को कट तो नहीं मारा था। स्वजनों के आने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

डूडा के 10 विकास कार्यों की डीएम ने की समीक्षा, गुणवत्ता पर जोर

- सीसी रोड, इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण में मानकों का पालन करने के निर्देश

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।



जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला नगरीय निकाय विकास अभिकरण (डूडा) के शासी निकाय की बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना के तहत तीन करोड़ रुपये की परियोजना शासन को भेजने के लिए प्रस्तावित 10 विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में शास्त्री नगर, निराला नगर, आदर्श नगर, नरायनपुर, लाल डिग्गी, घोसियाना, करौंदिया और घासीगंज समेत विभिन्न वार्डों में सीसी रोड, इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्यों पर चर्चा हुई। डीएम ने निर्देश दिया कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराए जाएं। सीसी रोड व इंटरलॉकिंग के दोनों तरफ नाली निर्माण सुनिश्चित करने के साथ संबंधित विभागों से कार्य शुरू होने से पहले एनओसी प्राप्त की जाए। डीएम ने निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी और थर्ड पार्टी निरीक्षण कराने पर जोर देते हुए कहा कि गुणवत्ता व पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अगली बैठक में कार्यों की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट पीपीटी और फोटोग्राफ के साथ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

ट्रक की टक्कर से डेंटर की दर्दनाक मौत 400 मीटर तक घसीटता ले गया वाहन

लोहरामऊ ओवरब्रिज पर हादसा, बाइक समेत ट्रक में फंसा युवक, चालक फरार



सुलतानपुर। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर सोमवार देररात लोहरामऊ ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार डेंटर की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर के बाद बाइक समेत युवक ट्रक में फंस गया और करीब 400 मीटर तक घसीटता चला गया। हादसे में युवक का शव क्षत-विक्षत हो गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान छतौना निवासी नन्हे (45) के रूप में हुई। वह पयागीपुर में वाहनों की डेंटिंग का काम करता था। सोमवार रात दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। लोहरामऊ ओवरब्रिज पर पीछे से आए ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक ट्रक में फंसने के बाद चालक उसे काफी दूर तक घसीटता ले गया। लोगों के इशारे पर ट्रक रुकने के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के क्षत-विक्षत हिस्सों को एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के परिवार में चार बेटियां और एक बेटा है। हादसे की खबर से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल धर्मवीर सिंह ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अवैध खनन रोकने गई राजस्व टीम पर हमला

- नायब तहसीलदार सहित दो लेखपालों को बंधक बनाकर पीटा

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।

नगर कोतवाली क्षेत्र के इमिलिया कला गांव में अवैध खनन की सूचना पर पहुंची राजस्व टीम पर मनबढ़ खनन माफिया द्वारा साथियों के साथ बंधक बनाकर हमला कर दिया। जिसमे दो लेखपाल सहित नायब तहसीलदार घायल हो गए।गम्भीर हालत में इलाज के लिए लेखपालों सहित नायब को जिला मेडिकल कालेज लाया गया।जहां उनका इलाज चल रहा है।पुलिस ने खनन अधिकारी की तहरीर पर अवैध खनन का मुकदमा व लेखपाल की तहरीर पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के गोड़वा चौकी क्षेत्र के अमिलिया कला गांव से जुड़ा है।जहां से सोमवार की रात करीब साढ़े 11 बजे एसडीएम सदर गरिमा सौनकिया के सीयूजी नंबर पर अवैध खनन होने की सूचना प्राप्त हुई।सूचना पर तत्काल एसडीएम द्वारा टीम गठित करते हुए नायब तहसीलदार धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में राजस्व टीम को मौके पर भेजा।मौके पर टीम के पहुंचने पर जेसीबी डंपर फरार हो गए।राजस्व टीम जांच पड़ताल में जुटी थी तभी चार पहिया वाहन से पहुंचे खनन माफिया द्वारा अपने साथियों के साथ राजस्व टीम पर हमला कर दिया गया।हमले में नायब तहसीलदार धर्मेंद्र यादव, लेखपाल कुंवर बृजेश सिंह व सुमित वर्मा घायल हो गए।राजस्व टीम से मारपीट की सूचना पर प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया।सूचना पर एडीएम प्रशाशन रत्नप्रिया, एएसपी वृज नारायण सिंह,एसडीएम गरिमा सौनकिया,सीओ सिटी राघवेंद्र सिंह सहित कई थाने की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची।घायल अवस्था में नायब तहसीलदार व लेखपालों को इलाज के जिला मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। रात में खनन अधिकारी शिव दयाल सिंह की तहरीर पर अवैध खनन का मुकदमा व लेखपाल सुमित वर्मा की तहरीर पर मारपीट का मुकदमा नगर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया है।सीओ सिटी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि दो नामजद सहित अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें कही है जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



पूर्व में कार्यवाही के विरोध में हुआ हमला: बीते 11 अक्टूबर को तहसील दार सदर अभिनव सिंह के नेतृत्व में गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव में एक जेसीबी व डंपर पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया था।उसी रात नगर कोतवाली क्षेत्र के गोढ़वा में अवैध खनन में लगे दो डंपर को राजस्व टीम ने पकड़ने का प्रयास किया था लेकिन एक डंपर चालक खनन माफिया लेकर फरार हो गया था।दूसरा डंपर राजस्व टीम ने हिरासत में लिया था।टीम में नायब तहसीलदार धर्मेंद्र यादव व प्रभात पांडेय के साथ राजस्व कर्मी शामिल थे,इसी कार्यवाही की रंजिश में खनन माफिया द्वारा राजस्व टीम पर हमला किया गया।

अवैध मिट्टी खनन मामले में चौकी प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित

सुलतानपुर। इमिलिया कला में अवैध मिट्टी खनन के दौरान राजस्व टीम के साथ मारपीट के मामले में लापरवाही बरतने पर एसपी ने चौकी प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। दो नवंबर की रात कोतवाली नगर क्षेत्र के इमिलिया कला गांव में अवैध खनन की सूचना पर पहुंची राजस्व टीम के साथ खनन में संलिप्त लोगों ने मारपीट की थी। मामले में दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। सीओ नगर राघवेंद्र चतुर्वेदी की जांच में कई दिनों से खनन होने और स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी होने की बात सामने आई। इसके बाद चौकी प्रभारी विनोद कुमार पटेल, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार, जितेंद्र कनौजिया और कांस्टेबल आनंद कुमार यादव को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

घरेलू विवाद में युवक ने खाया विषाक्त पदार्थ, हालत गंभीर

सुलतानपुर। अखंडनगर थाना क्षेत्र के उड़री गांव में मंगलवार दोपहर घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखण्डनगर पहुंचाया। चिकित्सक डॉ. विष्णु स्वरूप यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर कर दिया।युवक की पहचान ध्रुव कुमार पाण्डेय पुत्र विजय शंकर पाण्डेय के रूप में हुई है। चिकित्सक ने मेमो के माध्यम से पुलिस को घटना की सूचना दी। थाना प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

3.25 करोड़ की स्मैक के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

- मोतिगरपुर और जयसिंहपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में मोतिगरपुर और जयसिंहपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने पांच स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 864 ग्राम 41 मिलीग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत करीब 3.25 करोड़ रुपये बताई गई है। आरोपितों के पास से 3,210 रुपये नकद, चार मोबाइल फोन और तीन बैग भी बरामद हुए हैं।पुलिस के मुताबिक मंगलवार को संयुक्त टीम ने कैथवारा मोड़ के पास घेराबंदी कर पांचों आरोपितों को गिरफ्तार किया।



उनकी पहचान मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के दियरा बाजार निवासी दिनेश मिश्रा, लम्भुआ थाना क्षेत्र के चौपरिया निवासी अंकित मिश्रा, मोतिगरपुर के मलवा निवासी चित्रांश सिंह व अभिषेक गोस्वामी तथा जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के धरसौली निवासी आदित्य सिंह के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में दिनेश के खिलाफ चार, अंकित के खिलाफ चार, अभिषेक के खिलाफ 12 और आदित्य के खिलाफ नौ आपराधिक मामले दर्ज हैं। चित्रांश का आपराधिक इतिहास नहीं मिला है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।कार्रवाई करने वाली टीम में मोतिगरपुर प्रभारी निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह, जयसिंहपुर थानाध्यक्ष विवेक कुमार राय समेत दोनों थानों के पुलिसकर्मी शामिल रहे।सीओ जयसिंहपुर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

चांदा, सुलतानपुर। कोइरीपुर शिवाला के पास पीली नदी पुल पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान प्रतापगढ़ जिले के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के विनायका गांव निवासी अनुराग राव पुत्र हीरालाल राव के रूप में हुई। बताया जाता है कि वह बाइक से चांदा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

छह माह से मानदेय और मजदूरी का भुगतान लंबित, श्रमिकों की दिवाली फीकी

हलिया (मिर्जापुर)। विकास खंड हलिया में कार्यरत श्रमिकों और संविदा कर्मचारियों की दिवाली इस बार फीकी रहने की आशंका है। अप्रैल माह से अब तक संविदाकर्मियों और श्रमिकों का करीब एक करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है। त्योहार नजदीक होने के बावजूद मजदूरी और मानदेय नहीं मिलने से कर्मचारियों एवं श्रमिकों के परिवारों में मायूसी छाई हुई है।जानकारी के अनुसार, वीबी-जी राम जी, मनरेगा समेत अन्य योजनाओं में कार्य करने वाले सैकड़ों श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। वहीं ब्लॉक में तैनात करीब 57 रोजगार सेवकों और अन्य संविदा कर्मचारियों का लगभग छह माह से मानदेय बकाया है। भुगतान के इंतजार में कर्मचारी और मजदूर आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि भुगतान से संबंधित फाइल जिले से आगे भेजी जा चुकी है, लेकिन मामला एकल नोडल एजेंसी (एसएनए) में फंसा हुआ है। श्रमिकों और संविदाकर्मियों ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी से दीपावली से पहले बकाया भुगतान कराने की मांग की है, ताकि वे भी अपने परिवार के साथ त्योहार मना सकें। श्रमिक राजेंद्र, मुन्नीलाल, हिरावती, सुखवंती, लालती समेत सैकड़ों श्रमिकों ने जल्द भुगतान की मांग उठाई है।इस संबंध में डीसी मनरेगा श्वतांक सिंह ने बताया कि समस्या का जल्द समाधान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत होने से दोनों घायल

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग बरी गांव में मंगलवार की सुबह दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत होने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर चिकित्सक द्वारा एक की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफ्फ़र कर दिया है दूसरे बाइक सवार का उपचार चल रहा है थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी 45 वर्षीय पवन दत त्रिपाठी हलिया की तरफसे बरी की तरफजा रहे थे की जैसे ही हलिया लालगंज मारह बरी गांव में पहुंचे की सामने से आ रहे बाइक सवार हथेड़ा गांव निवासी 28 वर्षीय प्रदीप उपाध्याय की बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई जिससे दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जनगणना प्रशिक्षण का दूसरा बैच संपन्न, 700 प्रगणक और सुपरवाइजर प्रशिक्षित

समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।

क्षेत्र के मवई कला गांव स्थित पंचशील डिग्री कालेज में जनगणना कार्य के लिए प्रगणकों और सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण का दूसरा बैच मंगलवार को संपन्न हो गया। दो बैचों में अब तक करीब 700 प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रशिक्षण में अध्यापकों, अनुदेशकों और शिक्षामित्रों को जनगणना से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। बुधवार से तीसरे बैच का प्रशिक्षण शुरू होगा। इस दौरान उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इसकी सफलता प्रगणकों और सुपरवाइजरों की जिम्मेदारी एवं कार्यकुशलता पर निर्भर करती है। इसलिए सभी कर्मचारी शासन की ओर से निर्धारित दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करते हुए पूरी निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ गणना कार्य संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि जनगणना के दौरान कोई भी परिवार या व्यक्ति गणना से छूटने न पाए। प्रत्येक घर तक पहुंचकर सही और वास्तविक जानकारी दर्ज करना सुनिश्चित करें, ताकि जनगणना के आंकड़ों में किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न रहे। उन्होंने बताया कि 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्वगणना की प्रक्रिया चलेगी। इस दौरान लोग मोबाइल एप के माध्यम से स्वयं अपनी और अपने परिवार की गणना कर सकेंगे। इसके लिए प्रशिक्षण में स्वगणना एप के उपयोग और आनलाइन विवरण दर्ज करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। वहीं एक दिसंबर से नौ जनवरी तक प्रगणक घर-घर जाकर परिवारों की गणना करेंगे। चार जनवरी से नौ जनवरी के बीच आवासविहीन और बेघर लोगों को भी गणना में शामिल करने के लिए विशेष रूप से कार्य किया जाएगा, जिससे कोई भी व्यक्ति जनगणना से वंचित न रह जाए।



मर्यादा, संस्कार व भक्ति से ही बनेगा आदर्श समाजः राजन महाराज

- श्रीराम कथा के पांचवें दिन उमड़ा श्रद्धा का सैलाब
- विकास शुक्ल ने भेंट किया चांदी का राम दरबार

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।

बल्दीराय तहसील क्षेत्र के सिंहनी स्थित अमृत गार्डन में चल रही श्रीराम कथा के पांचवें दिन मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।अंतरराष्ट्रीय कथावाचक राजन जी महाराज के श्रीमुख से रामकथा का रसपान करने के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचे।भगवान श्रीराम के आदर्शों, त्याग, मर्यादा और पारिवारिक संस्कारों पर दिए गए संदेशों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर किया।राजन जी महाराज ने भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों के माध्यम से बताया कि आदर्श समाज की स्थापना के लिए मर्यादा,संस्कार और भक्ति का होना आवश्यक है। श्रीराम का जीवन केवल सुनने की कथा नहीं,बल्कि उसे अपने आचरण में उतारने की प्रेरणा है।उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य,धर्म और कर्तव्य का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए।माता-पिता का सम्मान, बड़ों की सेवा,गुरु के प्रति श्रद्धा और भाईचारे की भावना ही जीवन के वास्तविक संस्कार हैं।उन्होंने रामचरितमानस के प्रसंगों के माध्यम से समझाया कि सच्ची भक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है।जरूरतमंदों की सहायता,दूसरों के प्रति करुणा,अहंकार का त्याग और सत्य के मार्ग पर चलना भी प्रभु की आराधना है। भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर परिवार में प्रेम और समाज में सद्भाव स्थापित किया जा सकता है।कथा के दौरान भाजपा उत्तर प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य विकास शुक्ल ने राजन जी महाराज को चांदी का राम दरबार भेंट किया। श्रीराम कथा का आयोजन भाजपा नेत्री एवं जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह तथा ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह की ओर से कराया जा रहा है।आयोजकों की ओर से प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भोजन,प्रसाद और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.आरए वर्मा, कादीपुर विधायक राजेश गौतम, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन योगेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह और आनंद द्विवेदी, अयोध्या प्रसाद वर्मा, आशीष सिंह, जिला मंत्री राजेश दुबे, सचिन पांडेय, आनंद कुमार पांडे, प्रभाकर चंद्रशेखर,गौरव शुक्ला,विपुल मिश्र,अमन वर्मा,नरेंद्र अग्रहरी और लवकुश गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

